RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 272
नई दिल्ली, बुधवार, 10 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com




रेणुका सिंह ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की
स्पोर्ट्स-12

# नीतीश राजग छोड़ फिर महागठबंधन के पाले में

## 164 विधायकों की सूची के साथ सरकार बनाने का दावा पेश किया, आज लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ, तेजस्वी होंगे उपमुख्यमंत्री



पटना में राज्यपाल से मिलने के बाद पत्रकारों से बात करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार। साथ में राजद नेता तेजस्वी यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/पटना

**कई** महीने की खींचतान के बाद आखिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी पार्टी का नाता भगवा पार्टी भाजपा से तोड़ लिया। इसी के साथ बिहार में पुन: सात दलों के महागठबंधन की सरकार बनने का रास्ता साफ हो गया।

नई सरकार में भी नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बनने पर सहमति हो गई और राजद के तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री बनाए जाएंगे। दोनों बुधवार दोपहर पद की शपथ लेंगे। राज्य में नए उभरे समीकरण से आगामी लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी के खिलाफ मजबूती से लड़ने के लिए आकार लेते मोर्चे की तस्वीर उभरती दिख रही है, जिसकी अगुवाई नीतीश कर सकते हैं। बिहार में मंगलवार को तेजी से बदलते राजनीतिक घटनाक्रम में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता नीतीश कुमार ने राज्यपाल फागू चौहान से दो बार मुलाकात की। कुमार ने पहली बार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें अपना इस्तीफा सौंपा और फिर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेतृत्व वाले महागठबंधन का नेता चुने जाने के बाद राज्य में एक बार फिर शीर्ष पद के लिए अपना दावा पेश किया। इसी के साथ उन्होंने राज्यपाल को 164 विधायकों की सूची भी सौंपी। राज्य विधानसभा में विधायकों की वर्तमान संख्या 242 है और बहुमत के लिए 122 विधायकों की जरूरत है। राज्य में सबसे ज्यादा 79 विधायक राजद के पास हैं। जदयू के पास 44 (शेष पेज 8)

### नीतीश ने दोबारा जनादेश का अपमान किया, बिहार में राष्ट्रपति शासन लागू हो: चिराग

**नई दिल्ली (भाषा)।** लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के नेता चिराग पासवान ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से नाता तोड़कर बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने पर नीतीश कुमार की कड़ी आलोचना की और आरोप लगाया कि उन्होंने दूसरी बार जनादेश का (शेष पेज 8)

### बिहार में उभरे नए सत्ता समीकरण, अब भाजपा बनाम शेष की लड़ाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नीतीश** कुमार की विदाई तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के एक और सहयोगी को खोने के बाद भाजपा बिहार में खुद को अलग-थलग पा रही है क्योंकि विपक्ष में सभी पार्टियां नीतीश कुमार के नेतृत्व में भाजपा के खिलाफ लामबंद हो रही हैं। भाजपा के पास अब राष्ट्रीय लोक जनशक्ति के नेता तथा केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस रह गए हैं।

इस पार्टी के पास राज्य विधानसभा में कोई विधायक नहीं है। बिहार में नए सत्ता समीकरण में अब एक तरह से भाजपा बनाम शेष हो गया है। बिहार विधानसभा में मौजूदा वक्त में भाजपा के पास 77, राजद 79, हम (एस)-4, कांग्रेस-19, भाकपा माले-12, भाकपा-4 तथा एमआईएमआईएम और निर्दलीयों की एक एक सीट हैं। लोकसभा चुनाव करीब 18 माह दूर है और ऐसे में नीतीश कुमार का जाना बिहार में भाजपा के लिए एक बड़ी चुनौती (शेष पेज 8)

### राजग के साथ रिश्तों में बढ़ती गई खटास

**बिहार के बेहद अनुभवी राजनेता और हर बार सत्ता का रुख अपनी तरफ मोड़ने में माहिर नीतीश कुमार को आखिर राजग का साथ क्यों नहीं भाया। इसके कई कारण हैं:-**

- नीतीश कुमार विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा से बहुत नाराज थे और चाहते थे कि भाजपा उन्हें पद से हटा दे। पिछले विधानसभा सत्र में एक बार नीतीश ने आपा खो दिया था और स्पीकर पर उनकी सरकार के खिलाफ सवाल उठाकर संविधान का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। एक कट्टर आरएसएस कार्यकर्ता, विधानसभा अध्यक्ष के रूप में सिन्हा का कार्यकाल कई मुद्दों पर नीतीश कुमार और जद (यू) के साथ लगातार टकराव से भरा रहा है।
- नीतीश कुमार अपनी पार्टी जद (यू) को जून 2019 में नरेंद्र मोदी सरकार में केवल एक कैबिनेट बर्थ की पेशकश किए जाने के बाद से भी परेशान थे। यही नहीं, उनके करीबी सहयोगी आरसीपी सिंह को उनकी पार्टी की मंजूरी के बिना मोदी कैबिनेट में शामिल कर लिया गया। यह सिंह के जदयू से बाहर होने का कारण भी बना।
- सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए अग्निपथ योजना पर जद (यू (और भाजपा) में मतभेद था।
- नीतीश कुमार भाजपा के एजेंडे में प्रमुखता से शामिल समान नागरिक संहिता का भी विरोध कर रहे हैं।
- जद (यू) ने तीन तलाक और अनुच्छेद 370 पर भी नरेंद्र मोदी सरकार से अलग रुख अपनाया।
- नीतीश कुमार ने धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकरों पर प्रतिबंध लगाने की भाजपा की मांग पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त (शेष पेज 8)

# नोएडा में महिला से अभद्रता करने वाला श्रीकांत गिरफ्तार



नोएडा में प्रेस कांफ्रेंस करते पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह, पीछे सफेद जैकेट में आरोपी श्रीकांत त्यागी।

- विधानसभा के स्टिकर स्वामी प्रसाद मौर्य ने दिए थे : पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह
- आरोपी ने माफी मांगी, कहा- घटना के लिए शर्मिंदा हूं
- गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम को तीन लाख रुपये इनाम

**रिंकू यादव।** नोएडा

**ग्रैंड** ओमेक्स सोसाइटी में महिला से अभद्रता करने वाले श्रीकांत त्यागी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उस पर नोएडा पुलिस ने 25 हजार का इनाम रखा था। पुलिस ने श्रीकांत समेत 4 आरोपियों राहुल निवासी गांव लिसाड़ी, थाना सिंभावली, हापुड़, नकुल त्यागी निवासी गांव बरनावा, बागपत, संजय निवासी गांव नखलई, फि रोजाबाद को मेरठ से गिरफ्तार किया।

श्रीकांत त्यागी ने पुलिस कस्टडी के दौरान कहा कि मुझसे बहुत बड़ी गलती हुई है। मैं इसके लिए शर्मिंदा हूं और माफी मांगता हूं। मैंने गुस्से में आकर बोल दिया। मैं उस पूरी घटना के लिए शर्मिंदा हूं और माफी मांगता हूं।' नोएडा पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस के डीजीपी ने श्रीकांत त्यागी और उसके 3 साथियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को एक लाख रुपए का इनाम और उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव ने दो लाख रुपए का इनाम दिया है। उत्तर प्रदेश के डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान नोएडा पुलिस की इस कामयाबी पर शाबाशी दी है। आलोक सिंह ने (शेष पेज 8)

# महाराष्ट्र मंत्रिमंडल विस्तार,18 मंत्रियों ने ली शपथ

- शिवसेना शिंदे गुट और भारतीय जनता पार्टी के नौ-नौ सदस्यों को किया गया शामिल, इनमें कोई महिला नहीं

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के 41 दिन बाद एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को अपने दो सदस्ईय मंत्रिमंडल का विस्तार किया। शिवसेना के शिंदे गुट और भारतीय जनता पार्टी के नौ-नौ सदस्यों को इसमें जगह दी गई है। मंत्रिमंडल में किसी भी महिला को शामिल नहीं किया गया है, जिसकी नेताओं और महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने आलोचना की है।

राज्य में भाजपा की 12 महिला विधायक हैं। शिंदे गुट में दो महिला विधायक हैं तथा उसे एक निर्दलीय महिला विधायक का समर्थन भी हासिल है। महाराष्ट्र में कुल 28 महिला विधायक हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की सांसद सुप्रिया सुले ने कहा, महाराष्ट्र महिलाओं को आरक्षण देने वाला देश का पहला राज्य है। जब भारत की 50 फीसदी आबादी महिलाओं की है, तब भी उन्हें राज्य मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। यह भाजपा की मानसिकता को दिखाता है। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल समेत 18 विधायकों ने दक्षिण मुंबई में राज भवन में कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली। इसके साथ ही महाराष्ट्र के मंत्रिमंडल में सदस्यों की संख्या अब 20 हो गई है, जो अधिकतम 43 सदस्यों की संख्या से आधी से भी कम है। शिंदे ने 30 जून को मुख्यमंत्री पद की और देवेंद्र फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

भाजपा की ओर से मंत्रिमंडल में शामिल सदस्यों में राधाकृष्ण विखे पाटिल, सुधीर मुनंतीवार, चंद्रकांत पाटिल, विजयकुमार गावित, गिरीश महाजन, सुरेश खडे, रवींद्र चह्वाण, अतुल सावे और मंगलप्रभात लोढा हैं। शिंदे गुट से मंत्री पद की शपथ लेने वाले सदस्यों में गुलाबराव पाटिल, दादा भुसे, संजय राठौड़, संदीप भुमरे, उदय सामंत, तानाजी सावंत, अब्दुल सत्तार, दीपक केसरकर और शंभुराज देसाई शामिल हैं। शिंदे के एक सहायक ने बताया कि किसी राज्य मंत्री ने आज शपथ नहीं ली। बाद में फिर मंत्रिमंडल विस्तार होगा। भाजपा ने मुंबई से लोढा को शामिल किया है जबकि शिंदे गुट ने वहां से किसी विधायक को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया। मुंबई महानगरपालिका के चुनाव इस (शेष पेज 8)



मुंबई में मंगलवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने नए मंत्रियों को शपथ दिलाई

# दिल्ली में डरा रही कोरोना की रफ्तार, पॉजिटिविटी दर 15.41 हुई

- एक दिन में आए कोरोना के 2495 केस, स्कूलों में उठाए जा रहे एहतियाती कदम
- मुख्यमंत्री ने कहा- घबराने की कोई जरूरत नहीं, अधिकांश मामले हल्के लक्षण वाले

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी में कोरोना मामले फिर तेजी से बढ़ रहे हैं। शहर में मंगलवार को संक्रमण के 2,495 नए मामले आए और 7 लोगों की मौत हुई। एक दिन पहले छह लोगों की मौत हुई थी और नए मरीजों की संख्या 1372 थी। विशेष यह कि मंगलवार को सकारात्मक दर रिकॉर्ड 17.85 प्रतिशत थी, जो मंगलवार को कुछ कम होकर 15 प्रतिशत रही। राजधानी दिल्ली में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि कोविड के केस बढ़ जरूर रहे हैं, लेकिन फिलहाल घबराने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि अधिकांश मामले हल्के लक्षण के आ रहे है। फिलहाल सरकार हालात पर नजर बनाए हुए है।

वहीं स्कूलों में संक्रमण मामलों को देखते हुए कई एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कोविड के मामले बढ़ रहे हैं। वह इनपर नजर रख रहे हैं और जो भी कदम उठाने की जरूरत पड़ेगी, उठाए जाएंगे। ज्यादा मामलों में हल्के लक्षण देखे जा रहे हैं, लिहाजा घबराने की जरूरत नहीं है। हालांकि मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार संक्रमित मरीजों की संख्या 2495 है, जो सोमवार के 1372 की तुलना में एक हजार से अधिक की बढ़ोतरी दर्शाती है। हालांकि सकरात्मकता दर घट कर 15.41 फीसदी पर है, जबकि यह सोमवार को 17.85 फीसदी थी। कोविड-19 मामलों में वृद्धि के परिणामस्वरूप स्कूल प्रबंधन कई कदम उठा रहे हैं, जिनमें बीमार छात्रों को रिकॉर्ड किए हुए लेक्चर भेजना, पृथकवास में रह रहे छात्रों को ऑनलाइन कक्षाओं की अनुमति देना और सैर-सपाटे की योजना को स्थगित करना शामिल है।



एमआरजी स्कूल, रोहिणी की प्रिंसिपल अंशु मित्तल ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि कोविड-19 अभी खत्म नहीं हुआ है। हम हर छात्र के स्वास्थ्य को महत्व दे रहे हैं। बीमार छात्रों को पृथक करके उनके घर छोड़ा जा रहा है ताकि उन्हें पर्याप्त आराम मिल सके। अन्य छात्र बिना किसी चिंता के पढ़ाई कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम अस्वस्थ छात्रों को रिकॉर्ड किए हुए लेक्चर भी भेजते हैं ताकि वे पढ़ाई में पीछे न रहें। उन्हें स्वास्थ्य केंद्रित कार्यशालाओं के माध्यम से छात्रों के साफ-सफाई के बारे में उचित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हमेशा की तरह उचित शारीरिक दूरी के नियम का पालन किया जा रहा है। रोहिणी में श्री राम वंडर इयर्स की प्रमुख शुभी सोनी ने कहा कि कोविड-19 मामलों में अचानक वृद्धि चिंताजनक है, लेकिन स्कूलों को बंद करना कोई विकल्प नहीं है क्योंकि छात्रों को दिनचर्या और पढ़ाई की समयसीमा की आदत होती है, जिसे बाधित नहीं किया जाना चाहिए। ऐसा करने से लॉकडाउन के बाद उन्होंने पढ़ाई में जो प्रगति की है, वह प्रभावित हो सकती है।

सर गंगाराम अस्पताल में बाल गहन देखभाल विभाग के निदेशक डॉ. अनिल सचदेव के मुताबिक, कोरोना वायरस और मौसमी बीमारियों की वजह से बच्चों को ज्यादा खतरा है। उन्होंने कहा कि हमने देखा है कि बच्चों में कोविड के हल्के लक्षण हैं और पिछले महीने सिर्फ दो बच्चों की हालत गंभीर हुई थी लेकिन वे पहले से अन्य गंभीर बीमारी से पीडि़त थे। फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टिट्यूट में बाल चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ. कृष्ण चुघ ने कहा कि अगर कोई संक्रमित बच्चा ऐसी हालत में स्कूल जाता है तो वह अपने सहपाठियों को भी संक्रमित कर सकता है। उन्होंने कहा कि फिलहाल स्कूलों को बंद करने की जरूरत नहीं है लेकिन माता-पिता और लोगों को लक्षणों तथा रोकथाम के बारे में जानकारी देने की जरूरत है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,853 | |
| निफ्टी | 17,525 | |
| सोना | 51,994 | /10g |
| चांदी | 57,867 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पश्चिम बंगाल में सड़क हादसे में नौ की मौत

**सूरी।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-60 पर मंगलवार दोपहर एक ऑटोरिक्शा और राज्य परिवहन की एक बस के बीच टक्कर में आठ महिला मजदूरों सहित कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। घटना रामपुरहाट के पास मल्लारपुर मे उस समय हुई, जब यात्रियो से खचाखच भरा ऑटोरिक्शा दक्षिण बंगाल राज्य परिवहन निगम (एसबीएसटीसी) की बस से टकरा गया। बीरभूम जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि आठ महिलाएं तिपहिया वाहन मे सवार यात्री थी और नौवां पीड़ित इसका चालक था। उन्होने कहा कि महिलाएं धान के खेत से घर लौट रही थी। एसपी ने कहा कि उनके शवों को आरामबाग अस्पताल ले जाया गया है।

# स्मार्टफोन और टैबलेट के लिए एक ही चार्जर के लिए प्रयास कर रही सरकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** स्मार्टफोन और टैबलेट जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए एक ही चार्जर लाने की संभावनाएं तलाश रही है और इसपर चर्चा के लिए उसने अगले हफ्ते हितधारकों की बैठक भी बुलाई है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि अलग-अलग इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए अलग-अलग चार्जर की जरूरत खत्म करने के लिए एक ही चार्जर लाने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। उन्होंने कहा कि ऐसा होने पर न केवल उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ कम पड़ेगा बल्कि ई-कचरा कम करने में भी मदद मिलेगी। अधिकारी के मुताबिक, कॉमन चार्जर की संभावनाएं तलाशने के लिए 17 अगस्त को मोबाइल फोन विनिर्माताओं और इस क्षेत्र से जुड़ी उपकरण बनाने वाली कंपनियों को बैठक के लिए बुलाया गया है। इस अधिकारी ने कहा, अगर मोबाइल कंपनियां यूरोप और अमेरिकी बाजारों में एक चार्जिंग प्रणाली अपना सकती हैं, तो फिर वे ऐसा भारत में क्यों नहीं कर सकती हैं? स्मार्टफोन और टैबलेट जैसे पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में एक कॉमन चार्जर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर भारत इस तरह के बदलाव के लिए जोर नहीं देता है तो इस तरह के उपकरणों को भारत में लाकर डंप किया जा सकता है। यूरोपीय संघ ने हाल ही में छोटे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए वर्ष 2024 तक यूएसबी-सी पोर्ट वाले कॉमन चार्जिंग मानक को लागू करने की घोषणा की है। इस तरह की मांग अमेरिका में भी जोर पकड़ रही है। मौजूदा समय में किसी भी नए स्मार्टफोन या टैबलेट की खरीदारी के समय उपभोक्ताओं को अलग से चार्जर भी खरीदना पड़ता है। इसकी वजह यह है कि पुराना चार्जर नए उपकरण के साथ काम नहीं कर पाता है।



# पूर्व व मौजूदा उपराज्यपाल ने सरकार को घेरा


- नई आबकारी नीति: अनिल बैजल व वीके सक्सेना ने सिसोदिया के आरोपों पर जताई आपत्ति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नई** आबकारी नीति में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के पूर्व उपराज्यपाल अनिल बैजल का नाम घसीटने पर बैजल ने इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि आबकारी नीति वर्ष 2021-22 के कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं के आरोपों को सिरे नकार दिया।

इसी दौरान उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा पूर्व एलजी के खिलाफ जानबूझकर भ्रामक और निराधार आरोप लगाने पर आपत्ति व्यक्त की है। राज्यपाल कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी कि उनके सहयोगी इस तरह के आचरण से बचें। बैजल ने एक कड़े बयान में कहा कि सिसोदिया द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए आरोप अपनी खाल बचाने के लिए एक हताश आदमी द्वारा किया जा रहा झूठा प्रयास है। बैजल ने अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों पर कहा कि सिसोदिया अपने और अपने सहयोगियों के कृत्यों तथा गलतियों के लिए कुछ बहाना खोजने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं दिल्ली सरकार और इसके आबकारी मंत्री के दावों को खारिज करते हुए बैजल ने कहा कि रिकॉर्ड खुद बोलेगा और जांच के बाद सच सामने आएगा। आबकारी विभाग की भी जिम्मेदारी संभालने वाले सिसोदिया ने शनिवार को बैजल पर आबकारी नीति और गैर-अनुपालन क्षेत्रों में शराब दुकानों को बंद करने के लिए दिल्ली सरकार की शर्त को लेकर अपना रुख बदलने का आरोप लगाया था।

राजनिवास ने मंगलवार को जरी एक ट्वीट में कहा कि एलजी वीके सक्सेना ने पूर्व एलजी अनिल बैजल द्वारा जारी स्पष्ट बयान को पढ़कर पिछले कुछ दिनों में बैजल के खिलाफ मनीष सिसोदिया और अन्य आप नेताओं द्वारा जानबूझकर भ्रामक, आधारहीन और प्रेरित आरोपों पर गंभीर आपत्ति व्यक्त की। इसमें कहा गया कि सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को सलाह दी है कि वह यह सुनिश्चित करें कि सरकार और पार्टी में उनके सहयोगी इस तरह के तुच्छ व्यवहार और बयानबाजी से दूर रहें। सक्सेना ने आबकारी नीति 2021-22 के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की सिफारिश की है और कई आबकारी अधिकारियों के निलंबन को भी मंजूरी दी है। दिल्ली सरकार पहले ही नीति को वापस ले चुकी है।



अनिल बैजल



वीके सक्सेना

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 10 अगस्त, 2022



# नेताओं की सरपरस्ती में पनपा श्रीकांत का रसूख

## आरोपी को मिली पुलिस सुरक्षा को लेकर उठे सवाल, नोएडा कमिश्नर बोले-हो रही है जांच

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रैंड ओमैक्स सोसायटी के नेता श्रीकांत त्यागी की गिरफ्तारी के बाद उसके रसूख के पीछे की ताकतों की परतें भी लगातार खुलने लगी हैं। मंगलवार को उसकी गिरफ्तारी के बाद गौतमबुद्ध नगर के पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान कई अहम खुलासे किए, जिसमें समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता स्वामी प्रसाद का नाम भी सामने आया।

कमिश्नर ने बताया कि श्रीकांत की गाड़ी पर जो विधायक वाला स्टिकर लगा है, वो उसे स्वामी प्रसाद मौर्या द्वारा मुहैया कराया गया था। कमिश्नर ने कहा कि ये बात स्वयं श्रीकांत ने पूछताछ में कबूली है, हालांकि अभी इसकी और भी गहन जांच की जा रही है। आपको बता दें कि बीते विधानसभा चुनावों में स्वामी प्रसाद मौर्या ने भारतीय जनता पार्टी को छोड़ कर समाजवादी पार्टी का दामन थामा था।

स्वामी प्रसाद इससे पहले की उत्तर प्रदेश सरकार में कद्दावर और असरदार नेताओं में गिने जाते थे। उनके पास कई अहम मंत्रालयों की भी जिम्मेदारी थी। बताया जा रहा है कि उसी समय श्रीकांत स्वामी प्रसाद के संपर्क में आया और उनकी सरपरस्ती हासिल की।

कमिश्नर ने ये भी बताया कि श्रीकांत को कुछ समय पहले तक गाजियाबाद पुलिस की तरफ से सुरक्षा मुहैया कराई गई थी, जिसके विषय में भी जांच की जा रही है। एक दिन पहले तक श्रीकांत को लेकर जहां भाजपा अपना पल्ला झाड़ रही थी, तो वहीं समाजवादी पार्टी श्रीकांत के बीजेपी नेताओं के संग वाली तस्वीरों का हवाला देकर भाजपा पर जमकर निशाना साध रही थी। अब इस मामले में स्वामी प्रसाद का नाम सामने आने के बाद भाजपा ने सपा पर गुंडों को मदद करने का आरोप लगाया, तो समाजवादी पार्टी प्रवक्ता अनुराग भदौरिया ने कहा कि जिस वक्त श्रीकांत को स्टिकर दिया गया, उस वक्त वे भाजपा में थे। उनके भाजपा से सपा में आने के बाद भी इतने समय तक बिना किसी भाजपा नेता के संरक्षण के श्रीकांत स्टिकर और उत्तरप्रदेश के राज्यचिन्ह को अपनी गाड़ी पर लगा कर घूम सकता है।



### अब श्रीकांत के कब्जे वाली जमीन पर चलेगा बुलडोजर

**नोएडा।** भंगेल गांव में स्थित त्यागी की जमीन की पैमाइश करने के लिए प्राधिकरण का एक दस्ता सोमवार देर शाम मौके पर पहुंचा। यहां 6400 वर्गमीटर जमीन ऐसी पाई गई है, जिसको प्राधिकरण अधिकृत करके मुआवजा भी दे चुका है, किंतु वहां त्यागी की इमारत बनी हुई खड़ी है। अब इस इमारत पर बुलडोजर चलाने की तैयारी की जा रही है। श्रीकांत त्यागी मूल रूप से गाजियाबाद के सिहानी गांव का रहने वाला है। उसका परिवार नाना की जमीन पर भंगेल गांव में आया था। यहां भी उसकी संपत्ति है। अंतरंग सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक भंगेल गांव के खसरा नंबर 130, 131 और 133 की जमीन को नोएडा प्राधिकरण ने अधिग्रहित किया था। इसी जमीन में से श्रीकांत त्यागी ने 6400 वर्ग मीटर जमीन अपने कब्जे में लेकर उस पर मार्केट बना रखी है। सोमवार देर शाम को प्राधिकरण का एक दस्ता इस जमीन पर बनी मार्केट पर पहुंचा था। प्राधिकरण की टीम को उसमें 6400 वर्ग मीटर जमीन ऐसी मिली, जो नियमों के विरुद्ध श्रीकांत त्यागी ने कब्जा कर रखी थी।

### त्यागी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में भी मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** थाना फेज -2 पुलिस ने कथित भाजपा नेता श्रीकांत त्यागी व उसके एक अन्य साथी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। चर्चा है कि पुलिस अवैध रूप से अर्जित की गई उसकी संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत कुर्क करेगी। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि सेक्टर 93 -बी स्थित ग्रैंड ओमेक्स सोसायटी में रहने वाले श्रीकांत त्यागी तथा उनके एक अन्य साथी राहुल के खिलाफ थाना फेस- 2 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि इनके खिलाफ नोएडा के विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, अवैध रूप से जमीन कब्जा करने, धोखाधड़ी, मारपीट करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

# मोहर्रम पर जगह-जगह निकाला जुलूस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



मोहर्रम के मौके पर मंगलवार को नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दादरी, दनकौर, बिलासपुर आदि इलाकों में ताजिया के साथ जुलूस निकाला गया। इस दौरान शिया समुदाय ने मातम मनाया। नोएडा के सेक्टर-22 में बेगम सादिक अली खान के मकान से मजलिसे अजा का कार्यक्रम शुरू हुआ। इसके बाद 12-22, चौड़ा मोड़ से जुलूस निकाला गया।

इस दौरान जनबा गुलाम मुर्तजा रिजवी, डा अजीज बर्नी तथा सेक्टर-8 जामा मस्जिद के इमाम मो राशिद ने तकरीर दी। मजलिसे अजा के दौरान अली अब्बास काजमी, सैयद हसन, मेंहदी नकबी तथा शिया कालेज लखनऊ के प्रोफेसर डा सैयद मजाहिर अली रिजवी ने भी तकरीर दी। इसके बाद ताजिया व जुलूस चौड़ा मोड़ से एडोब चौराहा, सुमित्रा हॉस्पिटल तथा सेक्टर-50 के लिए रवाना हुआ। जुलूस के दौरान सैकड़ों शिया समुदाय के लोग मातम मनाते हुए चल रहे थे। उधर, दादरी, जेवर, दनकौर, बिलासपुर में भी कई स्थानों पर ताजिया जुलूस निकाला गया।

## कर्ज में डूबे प्रॉपर्टी डीलर ने फंदे से लटककर दी जान

**नोएडा।** सेक्टर ओमिक्रोन-3 की पुलमेरिया गार्डन सोसाइटी में रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर ने कर्ज से तंग आकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि उन्होंने कई लोगों से मोटी रकम उधार ले रखी थी।

कर्जदार अपनी रकम वापस मांग रहे थे। कर्जदारों से तंग आकर डीलर ने यह कदम उठाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि 46 वर्षीय रानू फ्रासिस अपनी पत्नी जूलिया के साथ पुलमेरिया गार्डन सोसाइटी में रहते थे। वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे।

रानू ने अपने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मृतक के कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें उन्होंने लिखा है कि उसने कई लोगों से रुपये उधार ले रखे थे।

# पुलिस की कार्वाई से असंतुष्ट महिला ने जहर खाया, मौत

- पति और पत्नी में चल रहा था झगड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पारसौल गांव निवासी एक महिला ने पुलिस कार्वाई से असंतुष्ट होकर सोमवार को बाजार में जहर खा लिया। जहर खाने के बाद वह कोतवाली पहुंची। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस संबंध में दो लोगों को हिरासत में लिया है।

पारसौल गांव निवासी बबली और पति कुशलवीर में झगड़ा हो गया था। पति के किसी महिला के साथ कथित अवैध संबंधों को लेकर बबली ने घर में फंदा लगा लिया और कमरा बंद कर लिया। पति के शोर मचाने पर महिला को फंदे से सुरक्षित उतारा। इसके बाद बबली पति के खिलाफ शिकायत लेकर कोतवाली दनकौर पहुंच गई। दनकौर पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर उसका मेडिकल कराया और यह कहकर उसे घर भेज दिया कि पुलिस गांव में पहुंचेगी और उसके पति के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करेगी।

महिला पुलिस के इस आश्वासन से संतुष्ट नहीं हुई। उसने थाने से बाहर जाकर बाजार से जहरीला पदार्थ खरीदा और खा लिया। जहर खाकर पीड़ित महिला फिर थाने आ गई और पुलिसकर्मियों से कहा कि उसने जहर खा लिया। यह सुनकर पुलिस के हाथ पांव फूल गए। पुलिसकर्मियों ने महिला को दनकौर के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Kailash Verma, Mr. Abhishek Verma and Mr. Akash Verma are the owners of Plot No. 1/1857, Plot No. 1, Old no. 558, area measuring 100 Sq., Yds., out of Khasra No. 1183/340, 1156/34, 1164/350, 1169/351, Situated in the abadi of British India Colony also known as East Ram Nagar, Moti Nagar, Ram Road, in the area of Village Chandrawali @ Shahdara, Illaqa Shahdara, Delhi, by virtue of Sale deed dated 09.11.2017, Doc. no. 5923. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection /s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Asif Ali is the owner of Built up Second floor, without roof rights part of Property bearing No. D-224, area measuring 100 Sq., Yds., out of Khasra No. 2, Village Ghonda Gujran Bangar, in the abadi of Noor Ilahi, Ghonda Extn., Illaqa Shadara, Delhi vide a GPA, ATS and Will dated 10.08.2001. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

**Asian Welding Products**
(Partnership Firm) currently at U-14, West Patel Nagar, Delhi-110008 was formed on 01/04/1983 by Ish Khanna (expired on 20/10/2018) and Neeru Khanna w/o Prem Khanna. Now Neeru Khanna and Rajeev Khanna S/o Ish Khanna are partners in firm since 21/10/2018.

## कोरोना संक्रमण के 95 मरीज हुए चिन्हित

**गाजियाबाद।** बीते 24 घंटे में 95 नए मरीज संक्रमण के चिन्हित हुए हैं। लगातार तीन दिन से संक्रमण के मरीजों की संख्या सौ का आंकड़ा पार कर रही है। शासन से जारी रिपोर्ट में फिर से 95 मरीज संक्रमित आए हैं, जिसके सापेक्ष 55 मरीज संक्रमण को मात देकर ठीक हुए हैं। रिपोर्ट में 13 से 20 वर्ष के 8 मरीज, 21 से 40 वर्ष के 49 मरीज, 41 से 60 वर्ष के 29 मरीज और 60 वर्ष से ऊपर के 9 मरीज चिन्हित हुए हैं।

**ADDI INDUSTRIES LIMITED**

CIN: L51109DL1980PLC256335
A-104, Third floor, Okhla Industrial Area Phase-II, New Delhi-110020
E -Mail: atul.addi@gmail.com, Tel.: 011-45025459

EXTRACT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED JUNE 30, 2022

(`in Lakh, Except EPS)

| Sr No | Particulars | Consolidated | | | | Standalone | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended 30.06.2022 (Unaudited) | Quarter ended 31.03.2022 (Audited) | Quarter ended 30.06.2021 (Unaudited) | Year ended 31.03.2022 (Audited) | Quarter ended 30.06.2022 (Unaudited) | Quarter ended 31.03.2022 (Audited) | Quarter ended 30.06.2021 (Unaudited) | Year ended 31.03.2022 (Audited) |
| 1. | Total income from operations | 88.51 | 76.12 | 31.89 | 229.35 | 85.35 | 72.92 | 28.64 | 216.40 |
| 2. | Net Profit for the period (before Tax and exceptional items) | 62.34 | 38.85 | 9.87 | (74.52) | 59.26 | 35.67 | 6.65 | (87.31) |
| 3. | Net Profit for the period (before Tax, after exceptional items) | 1,934.38 | 39.46 | 2,218.76 | 4,577.31 | 1,931.30 | 36.29 | 2,215.54 | 4,564.52 |
| 4. | Net Profit for the period after Tax (after exceptional items) | 1,547.78 | 136.31 | 1,692.47 | | 1,545.04 | 133.45 | 1,689.52 | 3,727.78 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (Comprising for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax) | 1,547.92 | 136.35 | 1,692.64 | 3,740.03 | 1,545.18 | 133.50 | 1,689.69 | 3,728.35 |
| 6. | Paid-up equity share capital (Face Value ` 5/- each) | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 |
| 7. | Earnings Per Share (of ` 5/- each)(Not Annualised) | | | | | | | | |
| | Basic | 13.36 | 1.18 | 15.68 | 34.64 | 14.31 | 1.24 | 15.65 | 34.53 |
| | Diluted: | 13.36 | 1.18 | 15.68 | 34.64 | 14.31 | 1.24 | 15.65 | 34.53 |

Notes :
1. The above is an extract of the detailed format of quarter/annual financial results filed with the stock exchanges under regulation 33 of the SEBI (Listing and other Disclosure requirements) Regulation, 2015. The full format of the quarter/ annual financial results are available on the webites of the stock exchange. (URL-www.bseindia.com).
2. The above financial results have been reviewed by Audit Committee and thereafter approved and taken on record by the Board of Directors in its meeting held on August 8, 2022. The Statutory auditors have expressed an unmodified audit opinion.
3. There is no change(s) in accounting policies which have impact on net profit / loss, total comprehensive income or any other relevant financial item(s).

For and on behalf of the Board of Directors
Addi Industries Limited
Sd/-
Chaman Lal Jain
Managing Director

Place : New Delhi
Date : 08.08.2022

## कांग्रेसियों ने खोड़ा में निकाली आजादी की गौरव यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर कांग्रेस 9 से 15 अगस्त तक आजादी की गौरव यात्रा निकालेगी। इसी क्रम में मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने खोड़ा कॉलोनी से पदयात्रा की शुरूआत की।

पदयात्रा के संयोजक खोड़ा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश गुप्ता रहे। पदयात्रा खोड़ा कॉलोनी स्थित कांग्रेस कमेटी के कार्यालय से आरंभ हुई और क्षेत्र में घूमी। इस दौरान कांग्रेसी हाथों में तिरंगा लेकर उल्लास के साथ महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरु, बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर, सरदार बल्लभ भाई पटेल अमर रहें के साथ.साथ सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। पदयात्रा निकालने से पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र यादव ने कहा कि आसमान छू रही महंगाई से देश और प्रदेश की जनता त्रस्त है। दूसरी ओर सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है।

पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि बेरोगारी के करण देश का नौजवान त्रस्त है। पदयात्रा के दौरान पूर्व महानगर अध्यक्ष वीके अग्निहोत्री, एसएन राय, दिनेश प्रताप सिंह, राकेश पाल, राजेन्द्र राठौर, प्रेमचंद गुप्ता, रणवीर सिंह समेत सैंकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 10 हजार रुपये के लिए दोस्त की हत्या

- सिर पर मारा था डंडा, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद के लोनी में एक दोस्त ने अपने दोस्त की 10 हजार रुपये के लिए हत्या कर दी। घटना के तीन दिन बाद हत्या का खुलासा हुआ, जब आरोपी गिरफ्तार हुआ। तीन दिन पहले वह अपने दोस्त को जंगल में ले गया था। वहां पर सिर पर डंडे से हमला कर मार डाला। इसके बाद शव को जंगल में फेंककर चला गया था। सोमवार देर रात पुलिस ने आरोपी को पुश्ता तिराहा से दबोच लिया।

लोनी सीओ रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि शनिवार को निठोरा खरखड़ी गांव जंगल में एक अज्ञात युवक का शव मिला था। आसपास के लोगों ने ही सूचना दी थी। मौके पर पहुंचे तो शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया। युवक की पहचान इकराम निवासी अशोक विहार कॉलोनी के रूप में हुई।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इकराम की मौत सिर में चोट लगने से होना आया था। घरवालों से पूछताछ की गई। पता चला कि पैसे को लेकर किसी से विवाद था। शव के पास से इकराम का मोबाइल गायब था। इकराम के रास्ते की फुटेज खंगाली तो पता चला कि वह कॉलोनी में रहने वाले दोस्त प्रमोद की कार में बैठ कर कहीं जा रहा था। इसके बाद इकराम और प्रमोद के फोन की लोकेशन देखी तो दोनों की लोकेशन निठोरा खरखड़ी गांव के जंगल में एक साथ मिली।

फिर प्रमोद को हत्या के शक में हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने अपना जुर्म कुबूल कर लिया। लोनी कोतवाली प्रभारी अजय चौधरी ने बताया कि दोनों एक ही कॉलोनी में रहते थे। दोनों दोस्त थे।

**इंटीग्रा टेलीकम्युनिकेशन ऐंड सॉफ्टवेयर लिमिटेड**

सीआईएन : एल74899डीएल1985पीएलसी020286
पंजीकृत कार्यालय : फ्लैट नंबर 1311, देविका टावर 6, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
कार्पोरेट कार्यालय : 610/611, निर्मल गैलेक्सी एवियर, एल.बी.एस. रोड, मुलुंड (डब्ल्यू), मुंबई-400080
ई-मेल आईडी : info@integratelesoftware.com ; वेबसाइट : www.integratelesoftware.com

30-06-2022 को समाप्त तिमाही हेतु अ-लेखापरीक्षित परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(राशि लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30-06-2022 अ-लेखापरीक्षित | 31-03-2022 (लेखापरीक्षित) | 30-06-2021 अ-लेखापरीक्षित | 31-03-2022 (लेखापरीक्षित) |
| 1. | परिचालन से कुल आय | 28.01 | 34.92 | 26.75 | 115.61 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 19.88 | 25.25 | 16.77 | 77.61 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 19.88 | 25.25 | 16.77 | 77.61 |
| 4. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 19.88 | 16.64 | 16.77 | 69.00 |
| 5. | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 19.88 | 16.64 | 16.77 | 69.00 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रति शेयर) | 1,056.00 | 1,056.00 | 1,056.00 | 1,056.00 |
| 7. | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर, जैसाकि पूर्व वर्ष के तुलनपत्र में दर्शाया गया है) | | - | - | (0.94) |
| 8. | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/-प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) मूल एवं तनुकृत* | 0.19 | 0.16 | 0.16 | 0.65 |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज में प्रस्तुत किए गए अ-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित किए गए थे और निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 08 अगस्त, 2022 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में अनुमोदित किए गए थे। वित्तीय परिणामों का फार्मेट स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www. integratelesoftware.com पर उपलब्ध है।

वास्ते इंटीग्रा टेलीकम्युनिकेशन ऐंड सॉफ्टवेयर लिमिटेड
हस्ता./-
रामास्वामी नारायण अय्यर
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 03045662

स्थान : मुंबई
तिथि : 08-08-2022

## सपा प्रवक्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग

**गाजियाबाद।** हिन्दूवादी नेता कामेशवर त्यागी ने थाना प्रभारी निरीक्षक को दिये गये प्रार्थनापत्र में सपा प्रवक्ता सुनील साजन के खिलाफ सख्त कार्रवाई और संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

एसएचओ को दी गई तहरीर में त्यागी ने बताया है कि सपा प्रवक्ता ने एक न्यूज चैनल पर चलाये गये कार्यक्रम कब होगा श्रीकांत त्यागी गिरफ्तार के दौरान दिये गये बयान में कहा था कि भाजपा में जितने भी त्यागी समाज के नेता है, वे सभी महिला विरोधी मानसिकता के हैं।

त्यागी ने कहा कि सपा प्रवक्ता के द्वारा पूरे त्यागी समाज पर की गई इस अशोभनीय टिप्पणी से जहां उन्हें बहुत दुख पहुंचा है।

# प्लांटकर्मी की मौत: नौकरी और 10 लाख का मुआवजा

- सिवरेज प्लांट के टैंक में मिला था शव

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

दो दिन पूर्व रहस्मय हालात में लापता हुए सिवरेज प्लांटकर्मी का शव प्लांट के एक टैंक में मिला था। इसके बाद मृतक के परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई और किसी अनिष्ठ की आशंका को लेकर मोहल्लेवासियों में भी आक्रोश व्याप्त हो गया।

मृतक के परिजनों ने मोहलावासियों के साथ मिलकर अंकुर के शव को प्लांट में रखकर न केवल जमकर हंगामा किया, बल्कि उन्होंने अंकुर की हत्या किये जाने की बात भी पुलिस अधिकारियों के सामने कही। मौके पर भारी फोर्स के साथ पहुंचे पुलिस के आला अफसर ने स्थिति को सामान्य बनाने का प्रयास किया। इसके बाद मृतक अंकुर निवासी निवाड़ी रोड के परिजनों की मांग को गंभीरतापूर्वक लेते हुए जल निगम अधिकारियों को भी मौके पर बुलाकर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। सूत्रों के मुताबिक पुलिस प्रशासन के दखल के बाद जलनिगम विभाग अंकुर के परिजनों को मुआवजे के रूप में दस लाख की राशि और एक सरकारी नौकरी देगा।

# जिंदगी जीने का जज्बा फौजियों से सीखें: महेश

- क्लब-27 में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेक्टर-27 के क्लब-27 में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। यह कार्यक्रम कैलाश अस्पताल समूह तथा परामर्श ईसीएचएस के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा महेश शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि विधिवत दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश के विकास तथा उत्थान में फौजियों की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। फौजियों की सेवा व सम्मान में वे हमेशा तत्पर खड़े मिलेंगे।

उन्होंने कहा कि जिंदगी जीने का जज्बा हमें फौजियों से सीखना चाहिए। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर लेफ्टीनेंट जनरल नितिन कोहली, मेजर जनरल अजय गहलौत, बिग्रेडियर जेएस राजपूत, एवीआरडब्ल्यूए के अध्यक्ष कर्नल आईजी सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### खाली प्लॉट में मिला युवक का शव

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी कस्बे में मंगलवार सुबह एक युवक का शव एक खाली पड़े प्लाट में मिला। जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस ने बताया कि वह दादरी का रहने वाला था। प्लाट में भरे हुए पानी में उसका शव पड़ा हुआ था। उसके पास शराब के पाउच भी पड़े थे। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की मीडिया सेल ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार सुबह करीब 8 बजकर 40 मिनट पर थाना दादरी को सूचना मिली कि कठेड़ा रोड पर मुनीम के गोदाम के पास खाली प्लाट में भरे पानी के अंदर एक युवक का शव में पड़ा हुआ है। जिसकी सूचना पर दादरी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई।

### लाइलाज नहीं है कैंसर, समय से लें उपचार: तनीषा

**नोएडा।** यदि आप स्वस्थ है तभी आपका परिवार सुरक्षित है। खास कर जब घर की महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होगी तभी वह अपने परिवार की देखभाल सुरक्षित कर पाएंगी। मंगलवार को नोएडा सेक्टर 47 स्थित फायर फ्लाई सरकोमा संस्था ने कनावनी गांव में कैंसर जागरूकता अभियान का आयोजन किया। संस्था की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में कैंसर के लक्षण, बचाव, एवं उपचार पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए फायर फ्लाई सरकोमा की फाउंडर तनीषा गुप्ता ने बताया कि कैंसर लाइलाज नहीं है। जरूरत है कि हम सभी जागरूक होकर उचित समय पर उपचार ले तो इस गंभीर बीमारी को मात दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज कैंसर जैसी घातक जानलेवा बीमारी सबसे अधिक महिलाओं में देखी जा रही है।

### सास-ससुर पर धोखाधड़ी से जेवर हड़पने का आरोप

**गाजियाबाद।** पुलिस लाइन में रहने वाली महिला ने धोखाधड़ी करके जेवर हड़पने का आरोप लगाते हुए पति और सास.ससुर के खिलाफ कविनगर थाने में केस दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि शादी के तुरंत बाद ही ससुरालियों ने उनके जेवर अपने पास रख लिए थे, जो बाद में वापस नहीं किए। पुलिस का कहना है कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी। रिजर्व पुलिस लाइन में रहने वाली संयोगिता शर्मा का कहना है कि उनकी शादी जून 2006 में मुजफ्फरनगर के गांव मखियाली निवासी अक्षय कौशिक के साथ हुई थी। शादी के बाद जैसे ही वह विदा होकर ससुराल पहुंची तो ससुराल पक्ष के लोगों ने सोने.चांदी के जेवर अपने पास रख लिए। पीड़िता का कहना है कि इसके बाद पति के दूसरी महिला से संबंध हो गए। विरोध करने पर पति ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। अप्रैल 2021 को पति व सास.ससुर ने उसके साथ मारपीट की तथा हत्या की नीयत से गला दबा दिया। इसके बाद वह भाई के साथ गाजियाबाद आ गई। और उसने महिला थाना गाजियाबाद में ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज करा दिया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# मुख्यमंत्री ने फहराया 500वां तिरंगा

आजादी का अमृत महोत्सव

## परिवारवाद, दोस्तवाद की वजह से पीछे रह गया देश, इसे खत्म कर अब शुरू करना है भारतवाद : केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राजधानी दिल्ली में पांच सौवां तिरंगा मयूर विहार में फहराया। इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली के हर कोने में राष्ट्रीय ध्वज लगाने का अपना वादा भी पूरा कर दिया। केजरीवाल ने 166 फीट ऊंचा तिरंगा फहराते हुए कहा कि उन्होंने इतने झंडे लगाने की प्रतिक्षा ली थी कि अगर कोई भी दिल्ली वाला अपने घर से बाहर निकले तो उसको कहीं न कहीं एक तिरंगा जरूर दिखाई देना चाहिए। आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर सभी देशवासियों को प्रण लेना है कि वे देश को दुनिया का नंबर वन देश बनाकर रहेंगे। देश में ऐसी व्यवस्था बनानी पड़ेगी कि हर बच्चे को अच्छी शिक्षा, हर व्यक्ति को अच्छा इलाज और रोजगार का मौलिक अधिकार होना चाहिए। देश परिवारवाद और दोस्तवाद की वजह से पीछे रह गया। इसे खत्म करना होगा और अब देश के अंदर भारतवाद होगा।

अरविंद केजरीवाल ने भाजपा और कांग्रेस पर हमल बोलते हुए कहा कि देश में एक पार्टी ऐसी है, जिसने सरकारी पैसा केवल एक परिवार के लिए लुटा दिया और दूसरी पार्टी ऐसी है, जिसने सरकारी पैसा अपने दोस्तों के लिए लुटा दिया।

अब सरकारी पैसा रोजगार, बच्चों को मुफ्त शिक्षा और सबको चिकित्सा दिलाने पर खर्च किया जाएगा। मुफ्त शिक्षा व इलाज की सुविधा देना फ्री-बी नहीं है, अपने दोस्तों के 10 लाख करोड़ रुपये के कर्जे माफ करना मुफ्त की रेवड़ी बांटना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 75 साल में कई ऐसे देश हैं, जो हमारे बाद आजाद हुए, लेकिन हमसे आगे निकल गए। कई ऐसे देश हैं, जो द्वितीय विश्व युद्ध में पूरी तरह से तबाह हो गए थे। जापान, जमर्नी खत्म हो गए थे, लेकिन हमसे आगे निकल गए। हमसे आगे क्यों निकल गए, हम में क्या कमी है। हमारे पास सबकुछ है। दुनिया के सबसे अधिक बुद्धिमान लोग भारत में रहते हैं।



### 'कुछ दोस्तों के लिए चला रहे देश'

भाजपा वालो के यहां आईटी, ईडी, सीबीआई के छापे नहीं पड़ रहे अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पूरे देश के अंदर सबके उपर इनकम टैक्स की रेड हो रही है। सब पर ईडी और सीबीआई की रेड हो रही है, लेकिन भाजपा वालों के दोस्तों पर रेड नहीं हो रही है। पहले एक परिवार के लिए देश चल रहा था, अब कुछ दोस्तों के लिए देश चल रहा है। बच्चों को पढ़ा रहे हैं, तो ये कह रहे हैं कि मुफ्त रेवड़ी दे जा रही है। बच्चों को अच्छी शिक्षा देना किसी भी सरकार का धर्म है और इसको फ्री-बी नहीं कहा जा सकता है।

### तिरंगा यात्रा के लिए जुटे सैकड़ों लोग

**नई दिल्ली।** तिरंगा यात्रा में भाग लेने के लिए सैकड़ों लोग राष्ट्रीय ध्वज के साथ मंगलवार को लाल किले के बाहर एकत्रित हुए। यह यात्रा उन आठ स्थानों से गुजरेगी, जहां स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान महात्मा गांधी गए थे। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, सांसद प्रकाश जावडेकर और भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय गोयल ने इस यात्रा को हरी झंडी दिखाई। गोयल ने बताया कि जिन आठ स्थानों से यह यात्रा गुजरेगी, उनमें कटरा खुशहाल राय, मारवाड़ी सार्वजनिक पुस्तकालय, गांधी मैदान, संगम थिएटर और गुरुद्वारा शीशगंज साहिब शामिल हैं, जहां महात्मा गांधी गए थे और उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान वहां बैठकें की थीं। चांदनी चौक इलाके में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं और पूरा इलाका तिरंगे तथा फूलों से सजा हुआ है। वहां टाउन हॉल में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जहां विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने देश भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृति कार्यक्रम पेश किए।

### भाजपा ने भेजी एक लाख तिरंगे की खेप



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत सांसद प्रवेश वर्मा के निर्वाचन क्षेत्र पश्चिमी दिल्ली में वितरण के लिए एक लाख तिरंगे की खेप भेजी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जुलाई को इस अभियान की घोषणा करते हुए लोगों से भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की थी। इस अभियान का लक्ष्य यह है कि अधिक से अधिक लोग 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा फहराएं। इस पहल के पीछे यह विचार है कि लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाई जाए तथा राष्ट्रध्वज के प्रति जागरूकता बढाई जाए। प्रधानमंत्री ने लोगों से सोशल मीडिया मंचों पर अपने प्रोफाइल फोटो में भी तिरंगे का इस्तेमाल करने की अपील की है।



ताजिया जुलूस निकालने के दौरान मातम करते मुस्लिम समुदाय के लोग। फोटो: रंजन डिमरी

### गोवा में भी आप को मिला राज्य पार्टी का दर्जा

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने आम आदमी पार्टी को दिल्ली और पंजाब के बाद गोवा में राज्य पार्टी के रूप में मान्यता दे दी है। यह मान्यता फरवरी 2022 में हुए गोवा विधानसभा चुनाव में उसके प्रदर्शन के आधार पर दी गई है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि एक और राज्य में यह दर्जा मिलते ही आप को राष्ट्रीय दल का दर्जा मिल जाएगा। उन्होंने इसके लिए कार्यकर्ताओं की मेहनत के लिए उन्हें बधाई दी है तो आम लोगों का भी आभार जताया। दिल्ली और पंजाब में राज्य पार्टी का दर्जा पहले ही मिल चुका है। निर्वाचन आयोग से मिले आधिकारिक पत्र का हवाला देते हुए, पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने बताया कि अगर उन्हें एक और राज्य में यह दर्जा मिल गया, तो आप को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय पार्टी घोषित किया जाएगा।

## भाई के सामने युवक की हत्या के मामले में चार गिरफ्तार

- एक नाबालिग पकड़ा गया, मामूली बात पर हुआ था झगड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली के मोती नगर इलाके में मामूली झगड़े के बाद युवक की उसके पड़ोसी ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर कथित तौर पर उसके भाई के सामने चाकू मारकर हत्या कर दी। मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है। मृतक की पहचान बलराम के रूप में हुई। मृतक पेट, सीने, हाथ व पैरों पर चाकू से हमले की निशान पाए गए थे।

पुलिस के मुताबिक, बलराम पहले टैक्सी चलाता था, लेकिन पिछले दो महीने से वह बेरोजगार था। सोमवार रात की बलराम और उसके पड़ोसी बंटी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। बंटी ने अपने साथियों के साथ मिलकर बलराम पर चाकू से हमला कर दिया और उस पर गोली भी चलाई।

पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) घनश्याम बंसल ने कहा कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और पता चला कि बलराम को एबीजी अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार गवाह ने आरोप लगाया है कि उसके भाई का बंटी व उसके साथियों से झगड़ा हुआ था। इसके बाद उन्होंने बलराम पर चाकू से हमला किया और उस पर गोली भी चलाई।

## थानों की सीसीटीवी प्रणाली में ऑडियो रिकॉर्डिंग सुविधा नहीं




- दिल्ली पुलिस ने उच्च न्यायालय में कहा, मामला केंद्र सरकार के समक्ष लंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पुलिस थानों की सीसीटीवी प्रणाली में ऑडियो रिकॉर्डिंग की सुविधा नहीं है। इसके उन्नयन का मामला केंद्र सरकार के समक्ष लंबित है। दिल्ली पुनिस ने यह जानकारी उच्च न्यायालय को दी। न्यायमूर्ति अनु मल्होत्रा, ने इस पर निर्देश दिया कि केंद्र सरकार को भी चल रही कार्यवाही में एक पक्षकार बनाया जाए। अदालत ने कहा कि यह जरूरी है कि उक्त निर्देशों का पालन किया जाए।

न्यायमूर्ति मल्होत्रा ने इसके पहले कहा था कि पुलिस थानों में स्थापित सीसीटीवी प्रणाली में उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार ऑडियो और वीडियो फुटेज की सुविधा होनी चाहिए। अदालत ने एक अगस्त को अपने आदेश में कहा था कि, गृह मंत्रालय के माध्यम से यूओआई को वर्तमान याचिका में एक पक्ष के रूप में पेश करने का निर्देश दिया गया है। अदालत का आदेश उस याचिका पर आया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि याचिकाकर्ता, जो एक मस्जिद के इमाम थे, को पुलिस थाने में पुलिस अधिकारी की उपस्थिति में कुछ लोगों द्वारा धमकाया गया और उनसे अमानवीय तथा अपमानजनक व्यवहार किया गया। अदालत ने मई में दिल्ली पुलिस से यह बताने को कहा था कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में संबंधित पुलिस थाने में अब तक ऑडियो सिस्टम क्यों नहीं लगाया गया।

याचिकाकर्ता की ओर से वकील एम सूफियान सिद्दीकी ने कहा कि कानून के शासन की प्रधानता को बनाए रखने और लोगों के विश्वास को बहाल करने के लिए अदालत के आदेशों का शीघ्र अनुपालन आवश्यक था। दिल्ली पुलिस ने अपनी स्थिति रिपोर्ट में कहा कि वर्ष 2018-2019 के दौरान उसने 192 पुलिस थानों और 53 पुलिस चौकियों में 2127 सीसीटीवी कैमरे लगवाए। रिपोर्ट में बताया गया कि हर पुलिस थाने में कुल 10 सीसीटीवी लगाए गए हैं, लेकिन वर्तमान में थानों-चौकियों पर लगाए गई सीसीटीवी प्रणाली में ऑडियो रिकॉर्डिंग की सुविधा नहीं है।

## एक्जीक्यूटिव एन्क्लेव को अभी पर्यावरण मंजूरी का इंतजार

सेंट्रल विस्टा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सेंट्रल विस्टा परियोजना के हिस्से के रूप में एक्जीक्यूटिव एन्क्लेव के निर्माण के प्रस्ताव को दिल्ली राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एसईआईएए) से अभी तक मंजूरी नहीं मिली है। यह जानकारी आधिकारिक दस्तावेजों से मिली है।

एक्जीक्यूटिव एन्क्लेव के तहत प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) व कैबिनेट सचिवालय का निर्माण किया जाना है। परियोजना के प्रस्तावक केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के एक अधिकारी ने कहा कि पर्यावरण मंजूरी के लिए यह प्रस्ताव पिछले साल दिसंबर में पेश किया गया था। प्रस्ताव एसईआईएए को भेजे जाने से पहले दिल्ली राज्य विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) प्रस्तावों पर गौर करती है। शनिवार को हुई एसईएसी की बैठक के विवरण के अनुसार, उसने अब एक उप-समिति का गठन किया है जो वृक्षों के प्रतिरोपण के संबंध में दिल्ली सरकार की नीति के कार्यान्वयन की जांच करने के लिए निर्माण स्थल का दौरा करेगी।

## राजधानी में बनेगा पहला बैंबू थीम पार्क बांसेरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




- उपराज्यपाल ने युमना बाढ़ क्षेत्र में पार्क की रखी नींव

यमुना के बाढ़ क्षेत्र में बनेगा दिल्ली का पहला बैंबू थीम पार्क संबेरा। इससे राजधानी की आबोहवा को दुरुस्त होगी क्योंकि बांस लगभग 30 फीसदी अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन करता है। इसके पेड़ को बहुत ज्यादा पानी की जरूरत भी नहीं होती और यह आसपास की मिट्टी की गुणवत्ता को बढ़ाता है।

इसके अलावा इसे एक मनोरंजनात्मक और सांस्कृतिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है। यहां असम से विशेष रूप से लाए गए 25 हजार से अधिक विशेष किस्म के बांस के पौधे लगाए जाएंगे। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंगलवार को इस पार्क की नींव रखी।

बांस के पेड़, शहर के वातावरण में ऑक्सीजन बढ़ाने के अलावा, मौसमी धूल भरी आंधी के कारण होने वाले प्रदूषण को रोकने में भी मदद करेंगे। बांस विभिन्न आर्थिक गतिविधियों जैसे फर्नीचर बनाने, अगरबत्ती आदि के लिए एक स्रोत के रूप में, दिल्ली में रोजगार के अवसर पैदा करने और आय बढ़ाने में मदद करेगा। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने कहा यमुना नदी के बाढ़ के मैदानों की बहाली और कायाकल्प की डीडीए की महत्वाकांक्षी परियोजना एक पहल के रूप में शुरू की जा रही है ताकि बाढ़ के मैदानों के पारिस्थितिक विशिष्टता को बढ़ाया जा सके और उन्हें बड़े पैमाने पर दिल्ली वालों को सुलभ बनाया जा सके।

महत्वाकांक्षी बांसेरा परियोजना के तहत इस परियोजना को अगले स्तर पर ले जाया जा रहा है, जिसकी संकल्पना और मार्गदर्शन स्वयं उपराज्यपाल महोदय ने किया है।

### बेहोश होकर पीएम आवास में गिरी चील को बचाया

**नई दिल्ली।** पानी की कमी के चलते बेहोश होकर प्रधानमंत्री आवास में गिरी काली चील को एक वन्यजीव संगठन के दो सदस्यीय दल ने बचा लिया है। एक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

गैर-सरकारी संगठन ने कहा कि बीमार चील उनकी निगरानी में है और पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद उसे वनक्षेत्र में छोड़ दिया जाएगा।

सुबह सुरक्षाकर्मियों ने एक पक्षी को देखा जो निर्जलीकरण के चलते जमीन पर बैठा था और उड़ नहीं पा रहा था, उन्होंने वाइल्डलाइफ को सूचित किया। गीता एस. ने कहा कि मौके पर पहुंचे दो सदर्सीय दल ने पक्षी को पानी पिलाया और उसे उपचार के लिए ले जाया गया।

## जेएनयू में राष्ट्र विरोधी गतिविधियों की जगह नहीं: कुलाधिपति सारस्वत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के कुलाधिपति वीके सारस्वत ने कहा है कि विश्वविद्यालय के छात्र इस संदेश को समझ गए हैं कि यह विचारों के मुक्त आदान-प्रदान की जगह है, लेकिन ऐसी गतिविधियों के लिए इस स्थान का उपयोग नहीं किया जा सकता जो राष्ट्र-विरोधी हैं या देश की संप्रभुता के हितों के खिलाफ हैं।

नीति आयोग के सदस्य सारस्वत ने कहा कि जेएनयू के लोगों के पास अपनी विचार प्रक्रिया का उपयोग करने की पर्याप्त स्वतंत्रता है और वे भारत तथा दुनिया में चल रहे घटनाक्रम को लेकर सजग हैं। उन्होंने कहा कि यह मुक्त सोच वाला समाज है। इसलिए आपको अनेक विरोधाभासी विचार प्रक्रियाएं मिलेंगी।

इसलिए कई बार विचारों का टकराव होता है, इसलिए आप सुना करते थे कि यहां समस्याएं हैं। सारस्वत ने कहा कि कोविड-19 महामारी ने भी बहुत हद तक मदद की है क्योंकि लोगों ने घर से काम करना शुरू कर दिया और उन्हें एहसास हुआ कि उन्हें घर में बैठने के बजाय अधिक रचनात्मकता के लिए जेएनयू के माहौल की जरूरत है। उन्होंने कहा कि और इस वजह से आपको कुछ सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहे हैं।

## दो जिलों को छोड़ सभी में हुई सामान्य बारिश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- पूर्वोत्तर दिल्ली में 368.2 मिमी के मुकाबले 211 मिमी और पश्चिमी दिल्ली में 332.4 मिमी सामान्य के मुकाबले केवल 194.4 मीटर बारिश दर्ज की गई

पश्चिमी और पूर्वोत्तर दिल्ली के अलावा सभी जिलों में मानसून के मौजूदा मौसम में अब तक सामान्य बारिश दर्ज की गई है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में एक जून को मानसून ने दस्तक दी थी और तब से औसतन 283.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि सामान्य तौर पर 300.8 मिमी बारिश होती है। लंबी अवधि में औसतन प्लस 19 प्रतिशत और माइनस 19 प्रतिशत के दायरे में होने वाली बारिश को सामान्य माना जाता है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पूर्वी दिल्ली में अब तक सामान्य 368.2 मिमी के मुकाबले 62 प्रतिशत अधिक 595.3 मिमी बारिश दर्ज की गई। पूर्वोत्तर दिल्ली में सामान्य 368.2 मिमी के मुकाबले 211 मिमी बारिश हुई, जबकि पश्चिमी दिल्ली में 332.4 मिमी औसतन बारिश के मुकाबले केवल 194.4 मीटर बारिश दर्ज की गई। श

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में सामान्य 368.2 मिमी के मुकाबले 344.7 मिमी बारिश हुई। मध्य दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली में क्रमश: 383.4 मिमी और 344.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस समय यहां औसतन इतनी ही बारिश होती है। नई दिल्ली और उत्तरी दिल्ली के जिलों में क्रमश: 343.8 मिमी और 307.5 मिमी बारिश हुई। जून में अपेक्षाकृत कम बारिश हुई थी, इस दौरान सामान्य से 67 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई थी। जुलाई में, हालांकि सामान्यत: 209.7 मिमी बारिश के मुकाबले 286.3 मिमी बारिश दर्ज की गई। जुलाई में 24 दिन वायु गुणवत्ता संतोषजनक श्रेणी में रही थी।

## विधानसभा में शहीद कोरोना वॉरियर्स मेमोरियल का अनावरण

### हर साल 9 अगस्त को दी जाएगी श्रद्धांजलि, आम लोगों के लिए पुनर्निर्मित फांसी घर का भी किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शहीद करोना वॉरियर्स मेमोरियल और पुनर्निर्मित फांसी घर का विधानसभा परिसर में अनावरण किया। इस मौके पर केजरीवाल ने शहादत देने वाले कोरोना वारियर्स के परिजनों को सम्मानित करते हुए कहा कि कोरोना वारियर्स ने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की मदद की। ऐसे 31 कोरोना वारियर्स का मेमोरियल बनाया गया है। विधानसभा में आने वाले लोग इसे देखकर याद करेंगे कि इन कोरोना वारियर्स ने दूसरों के लिए अपनी जान दे दी।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पुनर्निर्निमित फांसी घर का भी अनावरण किया है। यह अंग्रेजों के जमाने का बना है। आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर उन लोगों को भी याद करने का मौका है, जिन्होंने हमें आजादी दिलाने के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। सबका फर्ज बनता है कि सब लोग मिलकर ऐसा भारत बनाएं, जो अपनी शहादत देने वाले लोगों का सपना था। वहीं विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने कहा कि हर वर्ष 9 अगस्त को अपनी शहादत देने वाले कोरोना वारियर्स को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए विधानसभा परिसर में इकट्ठा हुआ करेंगे।



विधानसभा परिसर में बने कोरोना वारियर्स मेमोरियल और पुनर्निर्मित फांसी घर के अनावरण के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कोरोना वारियर्स मेमोरियल और पुनर्निर्मित फांसी घर का अनावरण करने के बाद केजरीवाल ने कहा कि पिछले करीब ढाई साल से सब लोग कोरोना की मार से जूझ रहे हैं। शायद मानव इतिहास में यह सबसे मुश्किल बीमारी आई थी। कई लोगों ने अपनी जान गंवाई। इस बीच में कई लोग ऐसे भी थे, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना दूसरों की जान बचाने का काम किया। यह लोग अलग-अलग अस्पताल में और महकमें में तैनात थे। जब सबसे ज्यादा मुश्किल दौर था, उस वक्त इन लोगों ने अपनी जान की परवाह किए बैगर लोगों की मदद की। ऐसे 31 लोगों का विधानसभा परिसर में एक मेमोरियल बनाया गया है।

### अंग्रेजों के जमाने का है विस फांसी घर

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फांसी घर अंग्रेजों के जमाने का है। यह विधानसभा काफी पुरानी है। यह अंग्रेजों के जमाने का बनाया गया है। किसी को पता नहीं था कि यहां पर फांसी घर है। सिर्फ लोग कहते थे कि यहां एक फांसी घर है। किसी ने ताला तोड़कर उसके अंदर जाने की हिम्मत नहीं की। विधानसभा अध्यक्ष ने ताला तोड़वाया और अंदर गए तब देखा कि किस तरह से एक साथ दो लोगों को फांसी देने की व्यवस्थ थी। एक बार तो देखकर दिल दहल जाता है।

## अमेरिका में कीर्तन के बहाने सिख ग्रंथी को ठगने वाला गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- धोखाधड़ी के आरोपी की पहचान इंदौर निवासी के रूप में हुई

अमेरिका में कीर्तन का मौका देने के बहाने एक सिख ग्रंथी से कथित तौर पर एक लाख रुपये से अधिक की ठगी करने के आरोप में 51 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि आरोपी की पहचान मध्य प्रदेश के इंदौर के निवासी संजय यादव के रूप में हुई है।

आरोपी पहले दिल्ली और मुंबई में धोखाधड़ी के दो मामलों में शामिल था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दिल्ली के एक गुरुद्वारे के प्रमुख ग्रंथी बलदेव सिंह की ओर से शिकायत मिली थी, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि एक व्यक्ति ने उन्हें अमेरिका के विभिन्न शहरों में शादियों और अन्य सांस्कृतिक अवसरों पर कीर्तन का मौका देने के लिए व्हाट्सऐप पर संपर्क किया था। सिख ग्रंथी ने आरोपी द्वारा दिए गए बैंक अकाउंट नंबर पर 1.25 लाख रुपए भेजे थे।

कॉल डिटेल और पैसे के लेन-देन के तकनीकी विश्लेषण के दौरान पता चला कि आरोपी इंदौर के विभिन्न स्थानों से काम कर रहा था। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने कहा कि इंदौर में छापेमारी की गई और यादव को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

# नहर में बहे मासूम दिशांत का अभी तक सुराग नहीं

## दिशांत की तलाश में जुटी हैं एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, फायर विभाग की टीमें

## ग्रामीणों ने लगाया जाम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम के क्षेत्र में पटौदी-रेवाड़ी पर पहले ही गांव गाड़ौली में बादशाहपुर ड्रेन में डूबे बच्चे का अभी तक भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। हालांकि उसकी तलाश में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और फायर विभाग की टीमें, गोताखोर लगातार तलाश में जुटे हैं। वहीं घटना के विरोध में और नाले सुरक्षा उपायों की मांग को लेकर ग्रामीण टैंट लगाकर धरने पर बैठ गए हैं और गुरुग्राम-रेवाड़ी रोड जाम कर रखा है।

रविवार की शाम को घर के बाहर खेलते हुए करीब सात साल का बच्चा इस गंदे नाले में गिर गया था।



गुरुग्राम के गांव गाड़ौली में नहर में बच्चे के डूबने की घटना को लेकर रोड जाम कर बैठे ग्रामीणों से बात करते पुलिस अधिकारी।

देखते ही देखते वह नाले में समा गया और घर वाले चाहकर भी कुछ नहीं कर पाए। घटना की सूचना पुलिस और प्रशासन को दी गई। इसके साथ ही फायर बिग्रेड की टीम गोताखोरों के साथ पहुंची। रात होने तक बच्चे की तलाश की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। वहीं इस घटना के विरोध में और सुरक्षा उपायों के अभाव में ग्रामीणों ने रोड जाम कर दिया। रविवार की शाम को किया गया रोड जाम मंगलवार को भी जारी रहा। ग्रामीणों ने अब रोड पर टैंट लगाकर धरना शुरू कर दिया है। एक तरफ तो बचाव दल के सदस्य नहर में बच्चे की तलाश करते रहे, वहीं दूसरी तरफ धरने पर ग्रामीणों ने नहर पर ग्रिल लगाने समेत तमाम सुरक्षा उपाय करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह का हादसा इस नहर में पहला हादसा नहीं है। नहर के पुल पर भी कोई ग्रिल नहीं है। मात्र एक फुट पुल की दीवार की ऊंचाई है। यहां पर तीव्र मोड़ है। कई बार यहां तेज गति से आने वाले वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं।



गुरुग्राम के गांव गाड़ौली में नहर में बच्चे के डूबने की घटना को लेकर रोड जाम कर बैठी महिलाएं।

### 26 किमी में से पांच किमी कच्ची है यह बादशाहपुर नहर

**बादशाहपुर** नाम से यह नहर है। जो कि गांव घाटा से शुरू होकर नजफगढ़ ड्रेन तक जाती है। इसकी लंबाई करीब 26 किलोमीटर है। इसमें से अब तक 21 किलोमीटर क्षेत्र में तो नहर को पक्का कर दिया गया है, लेकिन पांच किलोमीटर क्षेत्र में नहर अभी कच्ची है। इसमें गाड़ौली गांव क्षेत्र भी आता है। नहर किनारे घर बने हुए हैं, लेकिन घरों के आगे नहर पर कोई दीवार या फैंसिंग नहीं की गई है। कोई जानवर या बच्चे भागते हुए दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

### कार समेत नहर में गिरे दो युवकों की हुई थी मौत

**गाड़ौली** गांव के साथ से गुजरती इसी नहर में कार समेत गिरने से दो युवकों की मौत हो चुकी है। वहीं तीन माह पूर्व नहर में एक बच्ची भी गिर गई थी। हालांकि को समय रहते निकाल लिया गया था, जिस कारण उसकी जान बच गई थी। अब एक और बच्चे के गिरने की घटना पर सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर प्रशासन क्यों नहीं इस नहर को लेकर गंभीरता दिखा रहा।

### कई बार निगम व जीएमडीए में दे चुके शिकायत

**नहर** में गिरे बच्चे दिशांत के चाचा मुकेश कुमार के मुताबिक कई बार नहर पर दीवार बनाने, फैंसिंग करने की शिकायत नगर निगम और जीएमडीए में की जा चुकी है। किसी शिकायत पर आज तक कुछ नहीं हुआ। उनका कहना है कि नगर निगम में शामिल गांवों को लावारिस छोड़ दिया गया है। सुरक्षा के साथ गांव के बीच से गुजरती सड़क में गहरे गड्ढे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। कहने को तो यह ड्रेन है, लेकिन आज यह गंदा नाला बन चुका है। यहां कंपनियों, फैक्ट्रियों का कैमिकल युक्त गंदा पानी आता है, जिस कारण गांव में जानलेवा बीमारियां फैल रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्लाइंड स्कूल के बच्चों को किया अमृत महोत्सव के प्रति जागरूक




**गुरुग्राम।** मंगलवार को कैप्टन चंदन लाल स्पेशल मिडिल स्कूल फॉर द ब्लाइंड में बच्चों को आजादी के अमृत महोत्सव के प्रति जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम जिला रेडक्रॉस सोसायटी तथा एक उड़ान संस्था की ओर से आयोजित किया गया। जिला उपायुक्त एवं रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन निशांत कुमार यादव के दिशा-निर्देशों पर और जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार के मार्गदर्शन में कैप्टन चंदन लाल स्पेशल मिडिल स्कूल फॉर द ब्लाइंड में बच्चों को तिरंगे देकर उन्हें देशभक्ति के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों में इस दौरान काफी उत्साह नजर आया। इस अवसर पर एक उड़ान संस्था की संस्थापिका एवं रेडक्रॉस सोसाइटी की आजीवन सदस्या कल्याणी सचान, पैरा एथलीट देव ऋषि सचान एवं रेडक्रास सोसायटी से फर्स्ट एड कोऑर्डिनेटर श्यामा राजपूत, सामाजिक कार्यकर्ता, कामकाजी महिला आवास की वार्डन कविता सरकार, कैप्टन चंदन लाल स्पेशल मिडिल स्कूल फॉर द ब्लाइंड की प्रधानाचार्य नीना एवं संजीव आनंद को पौधै देकर पर्यावरण का संदेश भी दिया।

### कांग्रेस पार्टी ने भोंडसी में और भाजपा ने सोहना में निकाली तिरंगा यात्रा



**सोहना।** कांग्रेस पार्टी ने महात्मा गांधी के भारत छोड़ो आंदोलन को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मनाया। कांग्रेस पार्टी ने गुरुग्राम नगर निगम के आखिरी गांव भोंडसी में चार किलोमीटर की पैदल यात्रा निकाली। जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। 75वें स्वतंत्रता दिवस को लेकर मंगलवार सुबह गुरुग्राम नगर निगम के नया गांव से लेकर भोंडसी के दादी सत्ती माता मंदिर तक पैदल यात्रा निकाली। पैदल यात्रा में प्रदेश कार्यकारिणी के अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज, सतबीर पहलवान, मनीश खटाना, महेश घोड़ारोप, अमित भारद्वाज, बीरसिंह नंबदार, हरिओम छौकर, प्रदीप आदि पदाधिकारी और जिला स्तरीय कार्यकर्ता मौजूद थे। पैदल यात्रा को सुबह 11 बजे नया गांव के मंदिर से शुरू की। नया गांव व भोंडसी के बीच बनी 20 से 25 कॉलोनियों में निकाली। कांग्रेस पार्टी के कार्यकारिणी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि महात्मा गांधी ने आज के ही दिन अंग्रेजों के खिलाफ भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की थी। सोहना की चुंगी नंबर दो से भाजपा के युवा कार्यकर्ताओं ने बाइक पर तिरंगा यात्रा निकाली। जिससे शहर के एसडीएम कार्यालय से बस स्टैंड मार्ग, अंबेडकर बाईपास चौक, अग्रसेन तिकौना पार्क से पुराना लेबर चौक, खेल चौक से होते हुए शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक तक निकाली। जिसमें युवाओं ने अपनी बाइक, स्कूटी और ऑटों रिक्शाओं पर तिरंगा झंडा लगाया हुआ था।

### मजदूरों की जान जोखिम डाल नाले की सफाई करा रहा ठेकेदार



**सोहना।** शहर के बस स्टैंड मार्ग पर बने गंदा पानी के नाले की सफाई के दौरान ठेकेदार मजदूरों से बिना सुरक्षा उपकरण के सफाई करा रहा है। केठेदार प्रशासनिक आदेशों की धज्जियां उड़ा रहा है। शहर के पुराना लेबर चौक से सिटी थाना के बीच बने बरसाती पानी निकासी के नाले की सफाई का कार्य नगर परिषद ने 15 लाख रुपये में ठेका छोड़ा है। यह ठेका राजस्थान के शहर भिवाड़ी निवासी लालाराम को दिया है। ठेका मिलने के साथ ही ठेकेदार ने अपने मजदूरों को नाले में सफाई के लिए उतार दिया है, लेकिन नाले की सफाई करने में जुटे करीब आठ मजदूरों को ठेकेदार ने किसी भी प्रकार का सुरक्षा उपकरण नहीं दिया है। मजदूर अपनी जान जोखिम में डालकर कर नाले की सफाई रहे हैं। मौके पर मौजूद सुपर वाइजर गुटपारी ने बताया कि सुरक्षा उपकरण देने का कार्य ठेकेदार का है। उसे जैसे आदेश मिला है। वह तो केवल कार्य की निकरानी कर रहा है। इस संबंध में अपनी रोजीरोटी कमाने की मजबूरी जताते हुए कोई भी मजदूर सुरक्षा उपकरणों न होने के विषय में कुछ नहीं बोला। ठेकेदार लालाराम का कहना है कि मजदूर सुरक्षा उपकरणों को सही ढंग से नहीं रखते हैं और न ही मजदूर सुरक्षा उपकरणों को सुरक्षित रखते हैं। एसडीएम जितेंद्र गर्ग ने बताया कि बरसाती व गंदे पानी के नालों की सफाई का कार्य करने वाले सफाई कर्मी और मजदूरों को सुरक्षा उपकरण देना जरूरी होता है। सुरक्षा के उपकरण न देने वाले ठेकेदार या किसी भी सरकारी विभाग अधिकारी के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

# आजादी से पहले की बनी बावड़ी पर रही देशभक्ति गीतों की गूंज

## फरूखनगर की ऐतिहासिक बावड़ी पर हुआ हर घर तिरंगा कार्यक्रम

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत हर उस जगह पर जाकर देशभक्ति जगाने का प्रयास किया जा रहा है, जो ऐतिहासिक, पौराणिक है। वर्तमान में पौराणिकता को जिवित रखने के लिए ऐसे प्रयासों को सराहना भी मिल रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को फरूखनगर कस्बे में ऐतिहासिक बावड़ी पर देशभक्ति गीतों की गूंज सुनाई दी। यह बावड़ी आजादी से पहले की बनी हुई है। इस कार्यक्रम के माध्यम से लंबे अरसे बाद लोगों ने बावड़ी की तरफ रुख किया।

यह कार्यक्रम गुरुग्राम जिला प्रशासन और कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा ने संयुक्त रूप से आयोजित किया था। इसका उद्देश्य देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता को 13 से 15 अगस्त तक अपने घर पर तिरंगा फहराने का संदेश देना था। चंडीगढ़ से कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के कलाकारों ने जब गीत-यहां हर कदम कदम पर धरती बदले रंग, यहां बोली में रंगोली सात रंग...देश रंगीला रंगीला, देश मेरा रंगीला पर प्रस्तुति दी तो दर्शक झूम उठे। वे कलाकारों के साथ ही थिरकने लगे। भाव और उत्साह-तू मेरा कर्मा-तू मेरा धर्मा गीत तथा सुनो गौर से दुनिया वालो-बुरी नजर ना हम पर डालो... सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी आदि गीतों पर प्रस्तुति के दौरान देखने को मिले।



खंड फरूखनगर स्थित ऐतिहासिक बावड़ी पर देशभक्ति गीतों पर नृत्य करते कलाकार।

**फरूखनगर वासियों को बताया क्षेत्र का इतिहास** : देश आज आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इस दौरान आजादी के वीरों और ऐतिहासिक स्थलों को भी याद किया जा रहा है। इसी कड़ी में फरूखनगर में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पटौदी के एसडीएम प्रदीप कुमार मुख्य अतिथि थे। देशभक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को अपने घर पर तिरंगा फहराने का संदेश दिया गया। उन्होंने फरूखनगरवासियों को फरूखनगर के आजादी आंदोलन के इतिहास से रूबरू करवाते हुए इस स्वतंत्रता दिवस पर अपने अपने घर, दुकान, ऑफिस आदि सभी इमारतों पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया।

**अहमद अली खान थे फरूखनगर के नवाब** : बता दें कि फरूखनगर एक ऐतिहासिक कस्बा है। सन् 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के समय अहमद अली खान फरूखनगर के नवाब थे, जिनकी अगुवाई में फरूखनगर के वीरों ने बढ़-चढ़कर आजादी आंदोलन में योगदान दिया। अंग्रेजी हुकूमत से की गई बगावत ज्यादा दिन तक आजादी में तबदील नहीं हो पाई और कुछ माह बाद दिल्ली की गद्दी पर अंग्रेजों ने कब्जा कर लिया। इसके बाद अंग्रेजों ने फरूखनगर को चारों तरफ से घेर लिया। यहां के वीरों ने दुश्मनों ने अंग्रेजों का डटकर मुकाबला किया। तीन दिन तक युद्ध चला। अंत में नवाब अहमद अली खान को बंदी बना लिया गया और उनके साथी सैनिकों को गोलियों से भून दिया गया। इसके बाद उन्हें दिल्ली ले जाकर उन पर अदालत में केस चलाया गया।

## जीवन ज्योति स्कूल पलवल के छात्र देवेश ने जेईई मेन में 99.42 परसेंटाईल अंक प्राप्त कर जिला पलवल में किया नाम रोशन



**पलवल।** जीवन ज्योति स्कूल के छात्र देवेश ने एक बार फिर जिला पलवल में 99.42 परसेंटाईल के साथ 660 रैंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। छात्रों ने विषयवार तालिका में फिजिक्स में 100 अंक, कैमेस्ट्री में 98.17, गणित में 98-41 परसेंटाइल प्राप्त कर स्कूल का मान बढ़ाया है। स्कूल के अन्य छात्रों में प्राची 92.58, लोकेश 91.83 तथा श्रवन 88.58 परसेंटाईल अंको के साथ स्कूल का नाम रोशन किया है।

जीवन ज्योति ग्रुप ऑफ स्कूल्स के एमडी वीरेन्द्र गहलौत ने क्वालिफाई करने वाले सभी छात्रों उनके अभिभावकों एवं अपने स्टॉफ को बधाई दी तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। गहलौत ने बताया कि जीवन ज्योति स्कूल की संकल्प कक्षाओं में अपनी तैयारी कर इस मुकाम को हासिल किया है। गहलौत ने संकल्प कक्षाओं में पढाने वाले सभी अध्यापकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

प्रबंधक ने बताया कि आज जीवन ज्योति ग्रुप ऑफ स्कूल्स, पलवल के अन्तर्गत चलने वाले सभी स्कूल्स में छटी से बारहवीं तक संकल्प कक्षाएं चला रहा है जिसमें छात्र का चयन संबंधित कक्षा के टैस्ट के आघार पर किया जाता है। कोई भी छात्र संकल्प कक्षाओं का हिस्सा बन सकता है। स्कूल चेयरमैन बीरपाल गहलौत व सभी प्रधानाचार्यों ने क्वालिफाई करने वाले सभी छात्रों उनके अभिभावकों व अपने समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## गरीब बच्चों का आधार मजबूत करने को शुरू हुआ रियल टाइम इंटरेक्टिव वर्चुअल क्लासरूम

**गुरुग्राम।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मंगलवार को यहां सेक्टर-15 पार्ट-2 में वर्चुअल माध्यम से रियल टाइम इंटरेक्टिव वर्चुअल क्लासरूम का उद्घाटन किया। यह क्लासरूम होंडा इंडिया फाउंडेशन नामक कंपनी द्वारा सीएसआर के तहत तैयार करवाया गया है।



इस क्लासरूम में नई शिक्षा नीति के तहत स्लम एरिया, चिल्ड्रन होम एवं राजकीय विद्यालय की छात्राओं को कक्षा 6 से 12 तक साइंस, मैथ व इंग्लिश में निशुल्क ब्लेंडेड लर्निंग की कोचिंग दी जाएगी। गुरुग्राम जिला में इस क्लास रूम के उद्घाटन अवसर पर उपायुक्त निशांत कुमार यादव तथा जिला बाल कल्याण अधिकारी अनिल दहिया उपस्थित रहे। इस परियोजना के तहत प्रदेश के तीन जिलों पंचकूला, करनाल तथा गुरुग्राम में क्रमशः शिशु भवन, बाल भवन तथा चिल्ड्रन होम में इन क्लासरूम की शुरूआत की गई है। सोमवार से शुक्रवार तक के दिन कक्षा छठी से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए निर्धारित किए गए है। जिसमें शाम के समय 3 घंटे की क्लास में उनके सिलेबस से संबंधित विज्ञान, गणित व अंग्रेजी के उत्कृष्टता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। वहीं शनिवार व रविवार को कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को नीट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कोई विद्यार्थी क्लास के बाद दोबारा वीडियो को देखना चाहता है तो उसे वीडियो का लिंक उपलब्ध करवाने की व्यवस्था भी की जाएगी।

# केंद्रीय मंत्री ने किया 46.50 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास

## इनमें 19 विकास कार्यों का शिलान्यास तथा 6 विकास कार्यों का उद्घाटन है शामिल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**केन्द्रीय** मंत्री एवं गुरुग्राम के सांसद राव इन्द्रजीत सिंह ने मंगलवार को गुरुग्राम में 46.50 करोड़ रुपये के 25 विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें वार्ड नंबर-2, 3, 9, 14, 19, 24 व 32 के विकास कार्य शामिल हैं।

केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने स्थानीय लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह से साईं कुंज में 2 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों के निर्माण कार्य, पालम विहार में 2.50 करोड़ रुपये की लागत से बैडमिंटन कोर्ट, पालम विहार के डी ब्लॉक में 1.70 करोड़ रुपये की लागत से ग्रीन बैल्ट का नवीनीकरण, गांव चौमा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय के पुनर्निर्माण (लागत 2.48 करोड़ रुपये), गांव चौमा में मल्टीपर्पज हॉल निर्माण (2.12 करोड़ रुपये), सेक्टर-22ए में सड़कों की रि-कारपेटिंग (लागत 1.06 करोड़ रुपये), सेक्टर-23 एचएसवीपी मार्केट का विकास (लागत 71 लाख रुपये), गांव चौमा में इंडोर स्टेडियम व मल्टीपर्पज हॉल (लागत 1.71 करोड़ रुपये), गांव चौमा में वाल्मिकी चौपाल (लागत 1.70 करोड़ रुपये) व सेक्टर-22 में मल्टीपर्पज हॉल के निर्माण पर 2.24 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।



गुरुग्राम स्थित पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह से विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास करते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने पालम विहार आई ब्लॉक में ग्रीन बैल्ट का नवीनीकरण (लागत 1.06 करोड़ रुपये), नंदीधाम गौशाला में विभिन्न कार्यों (लागत 2.48 करोड़ रुपये), पंचमुखी हनुमान मंदिर से सूर्या विहार चौक तक ड्रेन निर्माण (लागत 2.13 करोड़ रुपये), ज्यूडिशियल पार्किंग, लघु सचिवालय पार्किंग व आरटीओ पार्किंग निर्माण (लागत 2.30 करोड़ रुपये), सेक्टर-15 पार्ट-2 में बांध के साथ सडक़ों के पुनर्निर्माण (लागत 97 लाख रुपये), वार्ड-19 में विभिन्न पार्कों के विकास कार्यों का भी शिलान्यास किया।

# सदियों तक स्मरण रहेगा आजादी का यह अमृत महोत्सव : बोधराज सीकरी

## सुशांत लोक सी-ब्लॉक स्थित राजकीय संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुआ कार्यक्रम निकाली तिरंगा यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आजादी** के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष में मंगलवार को सुशांत लोक सी-ब्लॉक स्थित राजकीय संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरियाणा राज्य सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी रहे, वहीं अध्यक्षता वार्ड-32 की पार्षद आरती यादव के पति अनिल यादव ने की। कार्यक्रम में पहुंचने पर अतिथियों का स्वागत स्कूल के प्रधानाध्यापक टीएस चौहान एवं अन्य अध्यापकगण ने किया। इसके बाद कार्यक्रम में अपना वक्तव्य देते हुए श्री बोधराज सीकरी ने तिरंगे का महत्व, संविधान का महत्व और संवैधानिक पदों के महत्व को समझाया। बच्चों को उनके संविधान में निहित कर्तव्यों एवं राष्ट्र के प्रति उनके कर्तव्यों से अवगत कराया। श्री सीकरी ने कहा कि इस बार आजादी के 75 साल पूरे हो रहे हैं। इसी उपलक्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। यह हम सबको सौभागय है कि हम इन क्षणों के गवाह बन रहे हैं। यह महोत्सव हमारी सांझेदारी से मनेगा। उन्होंने बच्चों को अपने राष्ट्र के सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हमें अपने तिरंगे को सदा ऊंचा रखना है।



सुशांत लोक सी-ब्लॉक में तिरंगा यात्रा में शामिल मुख्य अतिथि बोधराज सीकरी व अन्य।

तिरंगे की ऊंचाई, उसका सम्मान हम सबका सम्मान बढ़ाता है। अपने तिरंगे और अपने संविधान के बारे में हमें अपनी पीढ़ियों के बीच बातें सांझा करनी चाहिए। इस बार जो आजादी की अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, वह भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा। यह सदियों तक स्मरण किया जाएगा। इसके बाद बोधराज सीकरी, अनिल आरती यादव और सुशांत लोक रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष संजय टंडन की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बच्चों द्वारा जोशीले स्वर में भारत माता के जयकारे और वंदे मातरम का उद्घोष किया गया।

## देसी कट्टे सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी सेठी मलिक की टीम ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया की गिरफ्तार आरोपी राजन उर्फ़ करण मूल रुप से उत्तराखंड के धारावीहॉट जिले के गांव नौगांव का तथा वर्तमान में दिल्ली के ताजपुर में किराए पर रह रहे है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सराय ख्वाजा के एरिया से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से एक देसी कट्टा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना सराय ख्वाजा में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पहले भी हत्या कि कोशिश के मुकदमें में जेल जा चुका है। आरोपी देसी कट्टा को ओखला रेलवे स्टेशन के पास किसी अनजान व्यक्ति से हवाबाजी के लिए 2000 रुपये में खरीद कर लाया था।

## मिंत्रा ने हैरिटेज साड़ी ब्रांड 'नल्ली' के लॉन्च के साथ त्योहारों से पहले अपना साड़ी पोर्टफोलियो मजबूत किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**फैशन,** ब्यूटी एवं लाईफस्टाईल के लिए भारत के अग्रणी प्लेटफॉर्म, मिंत्रा ने प्रतिष्ठित साड़ी ब्रांड, नल्ली के लॉन्च की घोषणा की है, जो त्योहारों से पूर्व मिंत्रा के विशाल फैशन फेस्टिवल में इसके साड़ी पोर्टफोलियो का विस्तार करेगा।

साझेदारी के साथ नल्ली ई-कॉमर्स बाजार में प्रवेश कर रहा है और अपनी वेबसाईट के बाहर पहली बार देश के लाखों साड़ी प्रेमियों को 1000 से ज्यादा स्टाईल प्रस्तुत कर रहा है। आने वाले महीनों में मौजूदा डिजाईंस के अलावा कई सारे नए डिजाईन भी लॉन्च किए जाएंगे। सन 1928 में स्थापित नल्ली घर-घर में लोकप्रिय साड़ी ब्रांड है और यह देश में टैक्सटाईल एवं रिटेल व्यवसाय के क्षेत्र में अग्रणी है। सेलिब्रिटीज के एन्डॉर्समेंट, प्रतिष्ठित पदधारकों और ब्रिटिश निष्ठा के साथ इस ब्रांड के दुनिया में 40 से ज्यादा स्टोर हैं, जो ग्राहकों के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। टैक्सटाईल की दुनिया में अग्रणी नल्ली अपनी अभिनव 'एवरीडे वैल्यू प्राईज़' की नीति के साथ काम करता है, जिससे संचालन की उत्कृष्टता और लागत को ऑप्टिमाईज कर



बेजोड़ गुणवत्ता के उत्पाद किफायती मूल्य में मिलते हैं।

सर्वश्रेष्ठ सिल्क और सबसे शुद्ध कॉटन के साथ नल्ली मिंत्रा पर चुनिंदा स्टाईल्स व श्रृंखला का संग्रह प्रस्तुत कर रहा है, जिसमें सर्वोत्तम गुणवत्ता का सिल्क, तुसार, ओर्गांज़ा और चंदेरी शामिल हैं। विभिन्न कार्यक्रमों, परिवारिक समारोहों के लिए शॉपिंग करने वाली महिलाओं का चहेता एवं दुल्हनों के लिए शादी का पसंदीदा लिबास प्रस्तुत करते हुए नल्ली की साड़ियां भारत की शहरी महिलाओं के बीच भी बहुत लोकप्रिय हैं। अपने डिजाईन और प्रस्तुतियों में निरंतर इनोवेशन करते हुए इस ब्रांड के पास महान गायिका, एमएस सुब्बालक्ष्मी के लिए डिजाइन किया गया विशेष रूप से तैयार कलर, कल्ट-क्लासिक एमएस ब्लू भी है। ब्रांड के कैटालोग में मौजूद शुद्ध हैंडलूम साड़ियों में सुगुंडी, वेंकटगिरी, चेटिनाड और कांची कॉटन हैं, जबकि इसके पास सिल्क साड़ियों का सबसे विस्तृत संग्रह भी है, जिसमें लोकप्रिय शुद्ध जरी, हाफ फाईन जरी, जर्मन सिल्वर और पट्टू बॉर्डर हैं। शुरुआत में मिंत्रा पर नल्ली की साड़ियों की श्रृंखला 1100 रुपये से 11000 रुपये के बीच मिलेगी।

नल्ली के लॉन्च के बारे में पद्मकुमार पाल, वीपी, कैटेगरी मैनेजमेंट, मिंत्रा ने कहा, हमारे प्लेटफॉर्म पर साड़ी की श्रेणी में काफी तेज वृद्धि हो रही है। हमें पारंपरिक और उभरते हुए बाजारों, दोनों जगह से मांग मिल रही है। टियर 2 और टियर 3 बाजारों में अब ऑनलाईन ज्यादा महिलाएं साड़ियां खरीदने लगी हैं, जिससे नल्ली और मिंत्रा के लिए विशाल अवसरों का निर्माण हो रहा है। हम मिंत्रा पर अपनी विरासत का प्रतिनिधित्व करने वाला ब्रांड, नल्ली प्रस्तुत करने के लिए बहुत उत्साहित हैं और हमें विश्वास है कि यह साझेदारी देश में हमारे प्रीमियम फैशनप्रेमी ग्राहकों, जिनके लिए गुणवत्ता और विश्वसनीयता सबसे महत्वपूर्ण है, उनके लिए सबसे चहेते परिधान प्रस्तुत करने की हमारी क्षमता को मजबूत करेगी। इस साझेदारी द्वारा मिंत्रा पर ब्रांड्स की श्रृंखला मजबूत होगी।

# सीवरेज के मेनहॉल के ढक्कन की तरह झंडे भी हो रहे गायब

**कविता।** फरीदाबाद

**पिछले** दिनों रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल ने शहर में खुले मेनहॉल लिए लाल रंग के झंडे रोड सेफ्टी पदाधिकारियों को डोनेट किए थे। जिसकी शुरुआत रोटरी और रोड सेफ्टी व मैनुफैक्चरार एसोसिएशन के सदस्यों ने मेट्रो मोड पर खुले पड़े सीवरेज के ऊपर झंडे लगाकर की थी, लेकिन उन सभी स्थानों से झंडे चोरी हो गए। ऐसे में रोड सेफ्टी हरियाणा के उपाध्यक्ष एसके शर्मा और मैन्युफैक्चर एसोसिएशन के पूर्व प्रधान नरेश वर्मा ने कहा कि वे लगातार झंडे लगाने का कार्य करते रहेंगे।

## लगातार चोरी हो रहे मैनहॉल के ढक्कन: एसके शर्मा

जानकारी के मुताबिक शहर में सीवरेज पर लगने वाले ढक्कन के साइडों में लोहे की रिंग और सरिये लगाकर बीच में सीमेंट भरा होता है। यह सीमेंट मजबूत नहीं होता। जिससे सीवरेज के ढक्कन आसानी से टूट जाते है। टूटे ढक्कनों में सरिये और रेलिंग निकल जाती है। जिसे देखकर चोर या कब्बाड़ी ढक्कन से लोहा को निकाल कर




बेच देते हैं। वहीं कुछ कर्मचारी सीवरेज के ढक्कन सफाई के लिए निकालते हैं, तो वह टूट जाते हैं। ऐसे में सीवरेज के ढक्कन खुले रह जाते हैं। सीवरेज के मेनहॉल पांच से 10 फीट गहरे होते हैं, ऐसे में हादसा होने पर कुछ पता नहीं चलता। जिसे देखते हुए खुले सीवरेज पर लाल रंग के झंडे लगाने शुरू किए थे। लेकिन यह झंडे भी चोरी हो गए।

**शुरू किया था अभियान :** नरेश वर्मा ने बताया कि सड़कों पर रोजाना खुले मेनहॉल के कारण


एसके शर्मा।


नरेश वर्मा।

सड़क हादसे होते हैं। तीन अगस्त को मेट्रो मोड़ पर खुले मेनहोल में देर शाम एक ट्रक फंस गया। इसके कारण यहां जाम की स्थिति पैदा हो गई थी। जिस पर रोटरी क्लब फरीदाबाद सेंट्रल के पदाधिकारियों ने 150 लाल झंडे रोड सेफ्टी को खुले मेनहॉल के ऊपर लगाने के लिए सौंपे हैं। अब उनका कहना है कि झंडे चोरी हो रहे हैं, लेकिन वह लगातार झंडे देकर लगवाते रहेंगे।

**लगातार लगा रहे झंडे :** रोड सेफ्टी हरियाणा के उपाध्यक्ष एसके शर्मा ने कहा कि जहां भी सीवरेज के ढक्कन खुले होते हैं, वहां मौके पर पहुंच कर झंडे लगा रहे हैं। मेट्रो मोड पर तो तीन बार झंडा लगा चुके हैं। वहीं सोमवार को कई स्थानों पर उन्होंने झंडा लगाया था, लेकिन ज्यादातर स्थानों से झंडे चोरी होने की सूचना मिली है, जिस पर दोबारा झंडे लगाने का कार्य किया जाएगा। वहीं बाटा समेत अन्य कई गहरे गड्ढों पर झंडे लगाए हैं।

# केंद्रीय राज्य मंत्री का दौरा अधिकारियों को लगाई फटकार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**गत 18** जुलाई को पायनियर ने एनएच-पांच स्थित ईएसआई डिस्पेंसरी की बदहाल व्यवस्था, आवारा पशुओं का जमावड़ा जनरेटर समेत तमाम असुविधाओं की खबर प्रकाशित की थी। जिसका असर नौ अगस्त को देखने को मिला, जब केंद्रीय राज्य मंत्री रामेश्वर तेली ने ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल सहित डिस्पेंसरियों का औचक निरीक्षण किया। मरीजों से बातचीत की। उन्होंने एनआईटी पांच नंबर डिस्पेंसरी में खामियां पाए जाने और मरीजों को हो रही असुविधाओं पर अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। साथ ही व्यवस्था में सुधार के आदेश दिए। इससे डिस्पेंसरियों में भी मरीजों को बेहतर इलाज मिलने की उम्मीद जागी है।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे अचानक ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस व श्रम एवं रोजगार केंद्रीय राज्यमंत्री रामेश्वर तेली और स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. अंशु छाबड़ा पहुंच गए। उन्होंने सबसे पहले मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों के साथ अस्पताल में उपलब्ध कराई जा रही सुपर


केन्द्रीय राज्य मंत्री दौरा करते समय अधिकारियो से बातचीत करते हुए।

स्पेशियलिटी सुविधाएं कैथ लैब, एनआईसीयू, पीआईसीयू, प्लास्टिक सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, ऑन्कोलॉजी विभागों का दौरा किया। यहां मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।

बातचीत में मरीजों ने सुविधाओं को अच्छा बताया। लेकिन दवाइयां मिलने में होने वाली परेशानी और रेफरल में आ रही दिक्कतों की जानकारी दी। इन समस्याओं को केंद्रीय राज्यमंत्री ने अधिकारियों को जल्द दूर करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि ये ईएसआई कार्ड धारकों का अस्पताल हैं। उन्हें यहां कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके बाद उन्होंने यूरोलॉजी, सीसीयू, स्किल्ड लैब, सेक्टर 7 अर्बन हेल्थ सेंटर (यूएचटीसी) और अनुसंधान प्रयोगशाला और वैक्सीन परीक्षण क्षेत्रों की प्रशंसा की। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में पौधरोपण अभियान भी शुरू किया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में डीन डॉ. असीम दास और रजिस्ट्रार डॉ. अनिल पांडे के नेतृत्व में बेहतर कार्य हो रहा है। उनके कार्यों की जितनी सहाराना की जाए कम है।

वहीं डीन डॉ. असीम दास ने कहा कि मेडिकल कॉलेज केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र सिंह और केंद्रीय राज्यमंत्री रामेश्वर तेली के निर्देशन में मरीजों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। इस मौके पर ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य अधीक्षक (मेडिकल सुपरीटेंडेंट) डॉ. प्रवीन गुलियानी सहित अनेक डॉक्टर व स्टाफ मौजूद रहा।


मजदूरों की ईएसआई डिस्पेंसरी अव्यवस्था का शिकार

पायनियर में छपी खबर।

पायनियर इम्पेक्ट

**लगाई फटकार :** केंद्रीय राज्य मंत्री रामेश्वर तेली ने ईएसआईसी अस्पताल के बाद एनआईटी पांच नंबर स्थित डिस्पेंसरी का दौरा किया।

पायनियर में प्रकाशित हुई खबर के मुताबिक उन्हें डिस्पेंसरी में लावारिस पशु घूमते मिले। वहीं इसके बाद दवा वितरण केंद्र पर मरीजों को मिलने वाली दवाईयों की जानकारी ली, दवाइयां भी उन्हें न के बराबर मिली। आम पेट दर्द की दवा भी यहां नहीं मिली। वहीं डिस्पेंसरी में गंदगी का माहौल देखकर उन्होंने अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। साथ ही सभी व्यवस्थाएं जल्द दुरस्त करने के आदेश दिए।

# कमेटी की अनुशंसा पर अवैध कॉलोनियां होंगी नियमित : डीसी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**उपायुक्त** जितेंद्र यादव ने बताया कि हरियाणा सरकार ने नगर निगम की सीमा से बाहर विकसित की गई अवैध कॉलोनियों में नागरिक सुविधाओं के साथ अवैध कॉलोनियों को नियमित करने हेतु दिनांक 19 जुलाई 2022 को अधिसूचना जारी कर दी है।

उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया जारी की गई अधिसूचना के छह महीने की अन्दर-अन्दर अवैध कॉलोनियों के डेवलपर्स, जमीन मालिक अथवा रेजिडेंसियल वैलफेयर एसोसिएशन को आवेदन करना होगा एवं आवेदन के साथ कॉलोनी का लेआउट प्लान व मलकियत से संबंधित राजस्व दस्तावेज संलग्न करने होंगे। जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी आवेदनों की जांच करेगी। इस कमेटी में जिला नगर योजनाकार (कन्वीनर), मुख्य कार्यकारी अधिकारी (मैम्बर), जिला परिषद, जिला विकास पंचायत अधिकारी (मैम्बर), कार्यकारी अभियंता, पीडबल्युडी बी एंड आर (मैम्बर), कार्यकारी अभियंता पीएचईडी (मैम्बर) जिला अग्नि शमन अधिकारी (मैम्बर), कार्यकारी अभियंता पंचायती राज (मैम्बर), तहसीलदार (मैम्बर) शामिल हैं। इस कमेटी की अनुशंसा पर अवैध कॉलोनियों में बुनियादी सुविधाएं देने व इन्हें नियमित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी तथा आवेदकों द्वारा कॉलोनियों को नियमित करने हेतु बिल्ट अप एरिया के लिए कलैक्टर रेट का 5 प्रतिशत और खुले क्षेत्रों के लिए 10 प्रतिशत की दर से विकास शुल्क जमा करवाने उपरान्त कॉलोनियों को नियमित किया जाएगा तथा वहां रहने वाले नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

उपायुक्त ने बताया कि 19 जुलाई की पोलिसी अनुसार अवैध कॉलोनियों को चार श्रेणियों में बांटा गया है। जिन कॉलोनियों में 25 प्रतिशत तक निर्माण हो चुका है, वहां सड़कों को नौ मीटर से अधिक चौड़ा करते हुए पार्क का निर्माण कराया जाएगा। 20 एकड़ से अधिक में बसी कॉलोनियों में 500 वर्गमीटर क्षेत्र सामुदायिक भवन के लिए होगा। इसी तरह जहां 25 से 50 प्रतिशत तक निर्माण हो चुका है, वहां सड़कों को न्यूनतम 6 मीटर चौड़ा करने के लिए जगह रखी जायेगी। पार्कों के लिए न्यूनतम 3 प्रतिशत क्षेत्र रखना होगा। 50 से 75 प्रतिशत तक निर्माण वाली कॉलोनियों में सड़क की चौड़ाई के लिए कोई मापदण्ड नहीं है। जिन कालोनियों में 75 प्रतिशत अधिक निर्माण हो चुके हैं, वहाँ जमीन और मकान की बिक्री पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। इस बारे अधिक जानकारी हेतु जिला नगर योजनाकार, इंफोर्समेन्ट, फरीदाबाद, एससीओ-22, प्रथम तल, एसआरएस शॉपिंग कॉम्पलैक्स के सामने, सेक्टर-12, फरीदाबाद में सम्पर्क कर सकते हैं (दूरभाष नम्बर 0129-4881559 )

# गुरुजी के अवतार में दिखे एमएस धौनी

## जेड ब्लैक के नये टीवी विज्ञापन में प्रार्थनाओं को वायरल बनाने का उपदेश देते नजर आएंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**देश** में अगरबत्ती और धूपबत्ती के सबसे बड़े रिटेलर्स में से एक मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस (एमडीपीएच) के प्रमुख ब्रांड जेड ब्लैक अगरबत्ती ने अपना नया कैम्पेन लॉन्च किया है जिसमें एमएस धोनी एक गुरुजी की भूमिका में नजर आएंगे। यह नया टीवी विज्ञापन जेड ब्लैक के 'प्रार्थना होगी स्वीकार' का ही विस्तार है जिसका उद्देश्य लोगों तक है यह संदेश पहुंचाना है कि मुश्किल समय में केवल प्रार्थनाएं ही वायरल होती हैं और इसे नि:स्वार्थ भावना के साथ फैलाने की आवश्यकता है। जेड ब्लैक देश के शीर्ष तीन अगरबत्ती निर्माताओं में से एक है जो प्रति दिन तीन करोड़ से ज़्यादा अगरबत्तियाँ तैयार करती है और 15 लाख पैक की बिक्री करती है।

भारतीय क्रिकेट के महान खिलाड़ी और सबसे चहेते कैप्टन कूल महेन्द्र




सिंह धोनी लगातार पिछले पांच सालों से भी ज़्यादा समय से ज़ेड ब्लैक 3 इन 1 अगरबत्ती का विज्ञापन कर रहे हैं और तब से दुनिया भर में कंपनी की लोकप्रियता में वृद्धि हुई है। इस टीवी विज्ञापन में एमएस धोनी पहली बार एक गुरुजी के अवतार में प्रार्थनाओं को वायरल बनाने और सकारात्मक वाइब्स फैलाने के महत्व का उपदेश देते नजर आएंगे। धोनी ने हमेशा जनरेशन जेड और मिलेनियल्स को प्रेरित करने और प्रोत्साहन देने का काम किया है।

लॉन्च के बारे में बात करते हुए अंकित अग्रवाल, डायरेक्टर, जेड ब्लैक ने जानकारी दी, पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी दुनिया में सर्वाधिक सम्मानित क्रिकेट खिलाड़ियों में से एक हैं और वो सारे विश्व में क्रिकेट खिलाड़ी बनने की महत्वाकांक्षा रखने वाले युवाओं के लिए आदर्श हैं। पिछले करीब आधे दशक से एमएस धोनी का जेड ब्लैक अगरबत्ती के साथ जुड़े रहना हमारे लिए खुशी की बात है। 'प्रार्थना होगी स्वीकार' इस टैगलाइन ने हमें सारी दुनिया में पूरी तरह प्रवेश करने में सहायता की है। महेन्द्र सिंह धोनी का मानना है, जेड ब्लैक अपने साथ प्रार्थना की शक्ति विकसित करने के दिशा में 30 वर्षों की विरासत लेकर आती है। वाकई मेरा मानना है कि मुश्किल समय के दौरान केवल एक साथ मिलकर प्रार्थना करने से ही व्यक्ति को सभी मुश्किलों से सामना करने की शक्ति मिलती है। मुझे इस एकीकृत वैश्विक कैम्पेन का एक हिस्सा बनते हुए खुशी हो रही है जो किसी भी निस्वार्थ भावना के साथ किए गए कार्य के लिए प्रार्थना को वायरल बनाने के गहरे जुड़ाव की शुरुआत कर रहा है।

अंशुल अग्रवाल, डायरेक्टर, ज़ेड ब्लैक ने कहा, भारतीय ग्राहकों की पसंद और बाजार में जेड ब्लैक ने एक मजबूत पकड़ हासिल की है, विशेष रूप से टीयर -2 और टीयर-3 शहरों में। अनुसंधान और विकास में नवाचारी सुगंधों और कार्यविधि के साथ प्रयोग करने के अलावा कई प्रादेशिक सुगंधों पर ध्यान केंद्रित करने और पूजा सामग्री उत्पादों की एक नई रेंज, जेड ब्लैक कपूर रेंज और अन्य कई उत्पाद पेश करने का हमारा इरादा है।

# मरीजों को जीभ की रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी से मिला नया जीवन

## हाथ के अगले हिस्से की त्वचा से जीभ को फिर से बनाया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जीभ** के एडवांस कैंसर के मरीज़ों को जीभ की रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी से दूसरी जिंदगी मिली है। फोर्टिस अस्पताल नोएडा में सीनियर कंसलटेंट- सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, डॉ. शुभम गर्ग के नेतृत्व में डॉ जलज बक्सी, सीनियर कंसलटेंट - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, डॉ. नवीन सिंह, कंसलटेंट - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, डॉ. नंदिनी सीनियर कंसलटेंट- ऑन्कोप्लास्टिक सर्जन, डॉ. संजय मिश्रा, सीनियर कंसलटेंट - ऑन्कोप्लास्टिक सर्जन और डॉ. राघवेंद्र, कंसलटेंट - ऑन्कोप्लास्टिक सर्जन की टीम ने सफलतापूर्वक तीन मरीजों की जीभ की रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी पूरी की।

पहला मामला 46 साल के दीपक कोमथ का है, जो अपने परिवार में अकेले कमाने वाले हैं। वह जीभ पर सूजन और दर्द वाले अल्सर, बोलने व निगलने में परेशानी और जीभ को बाहर निकालने में समस्या के साथ अस्पताल आए। भोजन को अच्छी तरह से नहीं चबा पाने के कारण उनके शरीर में कुपोषण हो गया था। फोर्टिस नोएडा के डॉक्टरों ने जीभ के अल्सर में कैंसर होने की पुष्टि करने के लिए उन्हें पंच बायोप्सी और एमआरआई कराने की सलाह दी। जांच से पता चला कि मरीज़ को सेकंड स्टेज कैंसर है। उनकी आधी से ज़्यादा जीभ में कैंसर था, इसलिए डॉक्टरों



ने जीभ की रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी कराने की सलाह दी। दीपक की सर्जरी और रेडिएशन थेरेपी की गई और 3 महीने के इलाज के बाद वह ठीक हो गए। इसी तरह के मामला 55 वर्षीय मनोज जैन का है, जो पेशे से रत्नों के व्यापारी हैं। उनका व्यापार उनके बोलने और अपने संभावित ग्राहकों को समझाने की क्षमता पर निर्भर करता है। उनकी जीभ के दाहिने हिस्से में अल्सर था और वह सर्जरी कराने को लेकर बहुत आशंकित थे, क्योंकि उन्हें अपनी बोलने की क्षमता खोने का डर था। उन्हें डायबिटीज और हाईपरटेंशन जैसी दूसरी बीमारियां भी थीं। जब उन्होंने दीपक कोमथ का वीडियो देखा तो जैन को प्रेरणा और हिम्मत मिली और उन्होंने फोर्टिस नोएडा में जीभ की रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी और रेडिएशन थेरेपी करवाई।

सीनियर कंसलटेंट-सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, डॉ शुभम गर्ग ने कहा, जब किसी मरीज में जीभ के कैंसर का पता चलता है, तो कैंसर को दूर करने के साथ ही जीभ की काम करने की क्षमता को बनाए रखना और उस पर कम से कम प्रभाव डालना, सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक होता है। जीभ के काम करने की अधिकांश क्षमता उसके हिलने पर निर्भर करती है।

# कौशन रोजगार में रजिस्ट्रेशन के फरमान का विरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पालिकाओं,** परिषदों, नगर निगमों एवं अग्निशमन विभाग में वर्षो से लगे 15 हजार अनुबंधित एवं पार्ट वन के कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में शामिल कर पक्का होने के अधिकारों एव समान काम समान वेतन, श्रम कानूनों के तहत मिलने वाली रोजगार सुरक्षा की गारंटी से वंचित कर हमेशा के लिए कर्मचारियों को कच्चा रखने का षडयंत्र रच रही है हरियाणा सरकार।

सरकार ने दो अगस्त को पालिकाओं, परिषदो, नगर निगमों में कार्यरत पार्ट वन कर्मचारियों को मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से ऑफर लेटर भेजकर 12 अगस्त तक हकरन के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने का तुगलकी फरमान जारी किया है, इस तुगलकी फरमान के बाद कर्मचारियों की छटनी, वेतन कम होने की संभावना प्रबल हो गई हैं। हरियाणा कौशल रोजगार निगम का गठन होने के बाद ठेकेदारी का खात्मा



पत्रकारों से बातचीत करते कर्मचारी नेता नरेश शास्त्री।

और ठेकेदारों के शोषण से कर्मचारियों को मुक्ति दिलवाले का सरकार का दावा भी झूठा साबित हुआ है। आज भी विभाग में वर्क आउट सोर्स, डोर टू डोर, ओ एंड एम आदि का ठेका बदस्तूर जारी है इन ठेकों में कर्मचारी ठेकेदारों के द्वारा न्यूनतम वेतन ईएसआई, ईपीएफ से वंचित हैं और ठेकेदारों के शोषण का शिकार हो रहे हैं।

सरकार पर यह आरोप आज अरावली गोल्फ क्लब में प्रेस वार्ता आयोजित कर नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने लगाए शास्त्री ने कहा कि कल कर्मचारी सभी नगर निगम आयुक्तो व जिला म्यूनिस्पल आयुक्तों के कार्यालयों के समक्ष जोरदार झाड़ू-झंडा प्रदर्शन कर हरियाणा रोजगार कौशल निगम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का पुतला दहन कर विरोध प्रकट करेंगे। शास्त्री ने कहा कि सरकार ने रोजगार निगम का गठन कर प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को पक्का रोजगार देने का रास्ता भी बंद कर दिया है। उन्होंने सरकार पर यह भी आरोप लगाया कि सरकार प्रदेश के कर्मचारियों से संवाद नहीं करती आंदोलन करने के बाद दिखावे के लिए संवाद करती है संवाद में मांगों पर सहमति जताने के बाद भी मांगों को लागू न करना सरकार की आदत बन गई है।

शास्त्री ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के साथ 10 मई व 28 जून को शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉक्टर कमल गुप्ता की अध्यक्षता में हुई वार्ताओं में मानी गई मांगो हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग कर सभी तृतीय चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को पक्का करने, 1366 फायरमैनो व ड्राइवरो को 2268 फायर ऑपरेटर कम ड्राइवरों के पदों पर समायोजित कर नियमित करने, अग्निशमन के 212 पार्ट वन के कर्मचारियों को हकरन से निकाल कर वापिस विभाग में शामिल करने, नए पद सृजित कर पक्की भर्ती करने, कोविड से मौत होने पर कर्मचारी के आश्रितों को 50 लाख रुपये आर्थिक सहायता राशि व नौकरी देने, 4000 रुपये जोखिम भत्ता देने, वर्क आउट सोर्स ओ एंड एम डोर टू डोर के कर्मचारियों को विभाग के रोल पर करने, समान काम समान वेतन देने, नगर निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने आदि मांगों को यदि सरकार ने 19 अगस्त तक लागू नहीं किया तो 20 व 21 अगस्त को हड़ताल जैसा बड़ा फैसला लेगा।

# हड़ताल: बिना इलाज के मरीजों को लौटना पड़ा वापस


हड़ताल में शामिल कर्मचारी नारेबाजी करते हुए।

**फरीदाबाद।** शहर के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में अनुबंध पर काम कर रहे एनएचएम के सभी कर्मचारियों की (जिसमें एम्बुलैंस चालक भी शामिल थे) हड़ताल पांचवे दिन भी जारी रही। जहां एक तरफ पांचवे दिन सभी स्वास्थ्य केन्द्रों व सिविल अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई। हड़ताल का असर जगह-जगह देखने को मिला। शहर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर डिलीवरी के आई गर्भवती महिलाओं व मरीजों को वापस लौटना पड़ा, जांच केन्द्रों पर तो ताला जड़ा मिला। इसी तरह बीके के डीईआईसी सेंटर में मौजूद कर्मचारियों के हड़ताल में शामिल होने से रूम खाली पड़े रहे।

बीके अस्पताल में परिसर में एनएचएम योजना के तहत काम कर रहे कर्मचारियों ने शहर में पिछले पांच दिनों से हड़ताल कर रखी है। जिसके कारण डिस्पेंसरियों में आशा वर्कर व अन्य कर्मचारी ही मौजूद है। ऐसे में यहां न तो डिलीवरी केसों की सुनवाई हो रही है और न ही एम्बुलेंस की सुविधाएं मिल रही है। शहर में मात्र बीके अस्पताल, बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल और छायंसा स्थित श्री अटलबिहारी वाजपेयी कॉलेज में ही एम्बुलेंस की सुविधाएं उपलब्ध करवा रखी है।

# संक्षिप्त समाचार

## जिम्नास्टिक में दो भाइयों ने जीते स्वर्ण पदक

**फरीदाबाद।** रविवार को दिल्ली के द्वारका में आयोजित पहली दिल्ली एनसीआर जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में जिले के दो भाई वीर सिंह और दीप सिंह बख्शी ने स्वर्ण पदक जीत का जिले और प्रदेश का नाम देश में रोशन किया है। प्रतियोगिता में दिल्ली एनसीआर की करीब 400 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सेक्टर-14 निवासी पिता गुरदीप सिंह ने बताया कि हाल ही में दिल्ली के द्वारा में जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता के दौरान दोनों भाईयों ने बेहतरीन खेल प्रदर्शन करते दिखाया। खिलाड़ियों का शानदान प्रदर्शन देख पूरा कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। वीर सिंह ने लेवल प्रथम में स्वर्ण पदक झटका, जबकि लेवल तीन में दीप बक्शी विजेता रहे। यह दोनों भाई है।


दोनों खिलाड़ी अपने माता-पिता के संग

## हैंड वितरण शिविर का सफल आयोजन

**फरीदाबाद।** भारत विकास परिषद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित डॉक्टर सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र में नि:शुल्क एनएन-4 प्रॉस्थेटिक हैंड वितरण शिविर का सफल आयोजन किया गया औ लाभार्थी को हाथ लगाए गए। हिसार से भी लोग हाथ लगवाने के लिए केंद्र पर आये। केंद्र में कार्डिक लैब (हृदय रोग) का विधिवत शुभ आरम्भ किया जो कि फरीदाबाद वासियों के लिए एक बहुत बड़ी सौगात सिद्ध होगा। लैब में ईको, टीएमटी, ईसीजी, तथा होल्डर की सुविधाएं बहुत ही कम दामों पर उपलब्ध रहेंगे। प्रोजेक्ट चेयरमैन राज कुमार अग्रवाल ने बताया कि भारत विकास परिषद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा चलाये जा रहे केंद्र में लोगों को बहुत ही कम रेटों पर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी जिसमे मुख्यता सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, डिजीटल एक्स-रे, फिजियोथैरेपी, 20 बैड डायलेसिस सेंटर, आई सेंटर है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन जिंदल, प्रान्त संचालक आरएसएस थे। डॉक्टर सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र के चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल, प्रदीप पड़िया, अशोक गोयल, दिनेश गर्ग, राकेश गुप्ता, अरुण सर्राफ, अनिल गुप्ता और मेडिकल डायरेक्टर रमेश अग्रवाल उपास्थित रहे। इंडो ऑटो टेक लिमिटेड से चेयरमैन सज्जन जैन, मैनेजिंग डायरेक्टर आनंद जैन, फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रेसिडेंट बीआर भाटिया, उद्योगपति ओपी टांटिया, गंगा शंकर, राकेश त्यागी व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## घरों में घुसा सीवर का पानी, जनता बेहाल : भड़ाना

**फरीदाबाद।** भाजपा सरकार ने स्मार्ट सिटी के नाम पर शहर को लूटने का काम किया है, आज प्रदेश की भाजपा सरकार को बने सात वर्ष हो चुके हैं, मगर शहर की दयनीय हालत किसी से छिपी नहीं है। आम आदमी पार्टी द्वारा फरीदाबाद में सीवर, पानी एवं गंदगी की समस्या को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत मगंलवार को वार्ड नं 19 के सेक्टर 21डी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में स्थानीय लोगों के साथ मिलकर प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों ने बड़खल विधायक पर आरोप लगाया कि चुनावों के समय विधायक सीमा त्रिखा ने हमसे वादा किया था कि, आपको सभी मूलभूत सुविधा देंगे, लेकिन उनको जीतने के सात साल बाद भी उन्होंने हमारी सुध नहीं ली। आप के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भडाना ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी सरकार ने फरीदाबाद का विकास नहीं, विनाश किया है। मंजू गुप्ता, रमा तिवारी, हंसराज दायमा, भीम यादव, रघुवर दयाल, संजय जुनेजा, मंजीत सैनी, अमित शर्मा, जोगिंदर चंदीला, चंदन सिंह, के वी चंद्रन, प्रकाश नारायण, संगीता देवी, ऋतु कौर, निरंकार सिंह, गौरव तंवर, अर्चना शर्मा, आशा रानी, दिनेश प्रजापति, आशुतोष, जयपाल चंदीला आदि लोग मौजूद रहे।

## स्तनपान दिवस पर जच्चाओं को किया जागरूक

**फरीदाबाद।** विश्व स्तनपान सप्ताह हर साल 1 अगस्त से एक सप्ताह के लिए मनाया जाता है। इसी कड़ी में ब्रेस्ट फीडिंग वीक (स्तनपान सप्ताह) के मौके पर बीके अस्पताल में प्रतिदिन जागरुकता शिविर लगाए। टीम के सदस्यों ने जच्चाओं को एक से सात अगस्त तक जागरूक किया। उन्होंने मां बनने के बाद जच्चाओं के मन में उठ रहे सवालों के प्रति जागरूक किया। बीके अस्पताल की वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. संध्या ने बताया कि महिलाओं को दूध पिलाने वाली मां किस तरह की डाइट होनी चाहिए और साथ ही उन्हें कितनी बार खाना चाहिए। इसके संग ही उन्हें शुरुआत में बच्चों को कितनी बार ब्रेस्ट फीड कराएं और इसके साथ ही ब्रेस्ट फीड कराने के कुछ बेहतरीन टिप्स दिए।

## डालसा ने लगवाया वैक्शीनेशन शिविर

**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवीर सिंह के दिशा-निर्देश पर आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में न्यायालय परिसर में कोविड-19 के बचाव के लिए वैक्शीनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। वैक्शीनेशन कैम्प की अध्यक्षता सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकीर्ती गोयल ने की। जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनय गुप्ता व अन्य चिकित्सा अधिकारी गण मौजूद रहे। वैक्शीनेशन अभियान के टीकाकरण में कोर्ट परिसर में आए वादीगण कोर्ट स्टाफ व अधिवक्ताओं ने वैक्सीन लगवाई। कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन के प्रधान केपी तेवतिया, एसएमओ कम वैक्शीनेशन अभियान के नोडल अधिकारी डॉ मान सिंह, संदीप पाराशर सचिव, संजय गुप्ता अर्चना गोयल व बार एसोसिएशन के अन्य सदस्य व अधिवक्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## हत्या की कोशिश मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने हत्या की कोशिश मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में पुलकीत और कशिश का नाम शामिल है। दोनों आरोपी फरीदाबाद के एनआईटी के रहने वाले हैं। पूछताछ में सामने आया की पुलकीत व उसके भाई का झगड़ा पीड़ित पक्ष से हो गया था। आरोपी पुलकीत अपने अन्य साथियों के साथ एक अगस्त को पीड़ित पक्ष को डराने के लिए 3/4 राउंड फायर किये थे। दोनों आरोपियों को आज अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## हर घर तिरंगा के तहत छात्राओं ने निकाली प्रभात फेरी

**फरीदाबाद।** शिक्षा विभाग के आदेशानुसार गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी तीन फरीदाबाद में आजादी के पिचहत्तरवें अमृत महोत्सव के अवसर प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत एनआईटी तीन छात्राओं ने तिरंगा प्रभात फेरी निकाली। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि आज छात्राओं और प्राध्यापिकाओं मोनिका, सविता, कविता और मनीषा की तिरंगा प्रभात फेरी एन आई टी तीन फरीदाबाद की कॉलोनियों और डीएवी कॉलेज तथा मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सामने से होती हुए सभी को हर घर तिरंगा अभियान के बारे में जागरूक करती हुई आगे बढ़ी। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने तिरंगा यात्रा के अंतर्गत प्रभात फेरी में सम्मिलित सभी छात्राओं और अध्यापकों का स्वागत करते हुए अभिनंदन किया।

## मलेरना स्कूल में पौधारोपण का आयोजन

**फरीदाबाद।** सामाजिक संस्था जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के सौजन्य से राजकीय माध्यमिक विद्यालय मलेरना के प्रांगण में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर सतीश चंद्र शर्मा ज्योतिषाचार्य पूर्व हरियाणा संस्कृत विद्यापीठ के प्राचार्य को विद्यालय के मुख्याध्यापक समर देशवाल, संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा सहित सभी अध्यापकों एवं संस्था के पदाधिकारियों ने पौधा भेंटकर कर अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि डॉक्टर सतीश चंद शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहां की विद्यार्थी देश का भविष्य है। पढ़ाई के साथ- साथ संस्कारवान होना भी अति आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के मुख्याध्यापक समर देशवाल ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया।



## श्रीकांत त्यागी प्रकरण

### अंतत: न्याय

**आखिरकार** कानून के लंबे हाथ श्रीकांत त्यागी तक पहुंच गए, लेकिन इसमें ज्यादा समय लग गया। योगी आदित्यनाथ सरकार के आदेश पर फरार राजनेता श्रीकांत त्यागी के नोयडा आवास के बाहर बना अवैध निर्माण बुलडोजर से गिरा दिया गया। इससे व्यवस्था में विश्वास पैदा होगा। यह 'कभी नहीं से देर भली' वाला मामला है। बताया जाता है कि स्वयं को भारतीय जनता पार्टी का नेता बताने वाला त्यागी पोश हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों को धमकाता था, जबकि भाजपा ने उसके पार्टी सदस्य होने से भी इनकार किया है। हालांकि, त्यागी के दावे में दम थी क्योंकि सोशल मीडिया पोस्टों पर उसके अनेक महत्वपूर्ण भाजपा नेताओं के साथ फोटो थे। इसके साथ आम जनता को भी उसका संदेश स्पष्ट था कि मुझसे न उलझो क्योंकि मेरे ऊंचे लोगों से संबंध हैं। संभवत: यही कारण है कि स्थानीय पुलिस व प्रशासन ने उसके और उसके समर्थकों के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं की जो लंबे समय से कब्जा करने और हिंसा जैसी गतिविधियों में लिप्त थे। त्यागी ने रेजीडेंट वेल्फेयर असोसियेशन की आपत्ति के बावजूद अपने फ्लैट के बाहर साझा क्षेत्र के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया था और उसमें खंभे व टाइल्स लगा कर निर्माण कर लिया था। त्यागी के खिलाफ कार्रवाई के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की प्रशंसा की जानी चाहिए, लेकिन ये सवाल भी उठता है कि वह इतने लंबे समय तक



हाउसिंग सोसाइटी में अपनी दादागीरी कैसे दिखाता रहा। योगी आदित्यनाथ सरकार का दावा है कि उसने गुंडों व माफियाओं को उनकी औकात बता दी है, लेकिन अभी भी नोयडा के त्यागी जैसे लोग बचे हुए हैं। वह बुंदेलखंड जैसे किसी सुदूरवर्ती स्थान के बजाय राष्ट्रीय राजधानी के निकट था तथा न केवल पड़ोसियों को परेशान कर रहा था, बल्कि सत्तारूढ़ पार्टी से जुड़ा होने का दावा करते हुए सारे नियम कानून धड़ल्ले से तोड़ रहा था। यदि एक महिला को गालियां देते व उससे हाथापाई करते उसका वीडियो वाइरल न होता तो क्या उसके खिलाफ कोई कार्रवाई होती? इसका जवाब बहुत आश्वस्ति देने वाला नहीं है।

इस पूरे प्रकरण में चार बिंदु शामिल हैं। पहला व सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रशासन तथा कानून व्यवस्था से जुड़ा है जो सक्रिय के बजाय प्रतिक्रियात्मक हैं। कायदे से उसके खिलाफ कार्रवाई वीडियो वाइरल होने के बजाय उसके पहले होनी चाहिए थी। हालांकि, अपना कर्तव्य ठीक से न निभाने के कारण आधा दर्जन पुलिसकर्मियों को बर्खास्त किया गया है जो एक अच्छा निर्णय है। लेकिन यदि ऐसी व्यवस्था बनाने का प्रयास होता तो ज्यादा बेहतर था जो दायित्व में लापरवाही बरतने से पहले ही सक्रिय होती। दूसरा, नारेबाजी और बड़बोली घोषणायें राजनय व पुलिसिंग का विकल्प नहीं हैं। भले ही राजनीति में छोटे व तीखे बयानों, आदि का महत्व हो, लेकिन जनता की राय अपने पक्ष में रखने तथा उसे कम से कम विरोध में न जाने देने के लिए सत्तारूढ़ लोगों को केवल संदेश देने से आगे बढ़ कर काम करना होगा। तीसरा, भले ही सोशल मीडिया पर अनेक बुरी चीजों के आरोप लगते हों, पर वह न्याय सुनिश्चित करने में भी सहायता कर सकता है। आखिरकार एक वाइरल वीडियो के कारण ही त्यागी के खिलाफ कार्रवाई हुई। इसके साथ ही हम 'एक व्यक्ति की शक्ति' तक पहुंचते हैं। एक महिला की हिम्मत और साहस ने न्याय दिलाया। इससे स्पष्ट है कि भारत के नागरिकों को न्याय प्राप्त करने के लिए सनी देवोल की तरह लड़ने या चिल्लाने के बजाय हिम्मत के साथ दृढ़ता दिखाने और उचित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

# बार-बार जनादेश का अपमान करते नीतीश

**बिहार की 40 लोकसभा सीटों में से सम्मानजनक सीटें जीतने के लिए उन्हें भाजपा अथवा राजद जैसे किसी साझीदार दल की जरूरत होगी। कुल मिलाकर नीतीश के लिए खतरा यही है कि कहीं उनकी हालत ''आधी छोड़ पूरी को धाए ,आधी मिली न पूरी पाए'' जैसी न हो जाए।**



**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिन्दी लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)





अपने जमाने की हालीवुड की मशहूर अभिनेत्री एलिजाबेथ टेलर व उसी दौर के मशहूर अभिनेता रिचर्ड बर्टन का अपने आप में एक अद्भुत रिकार्ड है। टेलर व बर्टन में प्रेम हुआ और दोनों ने शादी कर ली, कुछ साल दोनों में निभी फिर मतभेद हुए और तलाक के बाद दोनों अलग हो गए। बात कदाचित मतभेद की ही थी, न कि मनभेद की और शायद यही कारण था कि दोनों फिर एक दूसरे की ओर आकर्षित हुए या यूं कहें कि दोनों ने एक दूसरे की जरूरत महसूस की और फिर शादी कर ली। बहरहाल दोनों का दाम्पत्य जीवन इस बार पहले जितना भी नहीं चला और फिर तलाक हो गया।

जनता दल यूनाइटेड के सर्वेसर्वा व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा के बीच के रिश्ते भी एलिजाबेथ टेलर व रिचर्ड बर्टन जैसे ही हैं। दोनों में दूसरी बार तलाक हुआ है। शादी दो निजी व्यक्तियों के बीच का रिश्ता होता है लेकिन दो राजनीतिक दलों के बीच संबंध कुछ अलग व व्यापक अर्थ वाले होते हैं। नीतीश कुमार ने संबंध विच्छेद के जो कारण बताए हैं, उन पर तथ्यों की रोशनी व नीतीश की प्रधानमंत्री बनने की प्रबल महत्वाकांक्षा को देखते हुए विश्वास नहीं किया जा सकता भले ही यह सब बताने वाले को यह मुगालता रहे कि उस पर जनमानस विश्वास करेगा।

जद यू का यह कहना कि उनके नेता नीतीश को भाजपा ने अपमानित किया नितांत भ्रामक है। दो वर्ष पहले 77 सीटें पाने वाली भाजपा ने केवल 43 सीटें पाने वाले नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया। सीटों के इस विशाल के अंतर के बावजूद नीतीश का सीएम बनाना क्या उनका अपमान था? अपनी बिहार इकाई के प्रबल विरोश के बावजूद नीतीश को कामकाज में फ्री हैंड देना क्या उनका अपमान था? जनता दल के पास सिर्फ दो लोकसभा और भाजपा के पास 23 लोकसभा सीटें थीं लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में दोनों दलों के द्वारा 17-17 सीटों पर चुनाव लड़ना क्या नीतीश का अपमान था? नीतीश के ऐसे ही 'अपमानों' की सूची और भी लंबी है।

दरअसल नीतीश की प्रधानमंत्री बनने की अभिलाषा एक बार फिर जोर मारने लगी है। नीतीश कुमार कभी भी नरेंद्र मोदी को बतौर पीएम स्वीकार नहीं कर पाए। उन्होंने 2013 में भाजपा से पहली बार तभी नाता तोड़ा था, जब मोदी को भाजपा ने पीएम पद के लिए प्रस्तावित किया था। नीतीश ने 2014 लोकसभा चुनाव अकेले लड़ा और सिर्फ दो सीटें हासिल करने से उन्हें समझ आ गया कि पीएम बनना उनके लिए आसान नहीं है। फिर उन्होंने उन्हीं लालू प्रसाद यादव से हाथ मिलाया जिनका विरोध उनकी सियासी कामयाबी की बुनियाद था। लालू के समर्थन के साथ सीएम बनना ही नीतीश की मंजिल नहीं थी। वह चाहते थे कि 2019 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष उन्हें पीएम पद के लिए प्रस्तावित करे

> **नीतीश कुमार ने संबंध विच्छेद के जो कारण बताए हैं, उन पर तथ्यों की रोशनी व नीतीश की प्रधानमंत्री बनने की प्रबल महत्वाकांक्षा को देखते हुए विश्वास नहीं किया जा सकता भले ही यह सब बताने वाले को यह मुगालता रहे कि उस पर जनमानस विश्वास करेगा। जद यू का यह कहना कि उनके नेता नीतीश को भाजपा ने अपमानित किया नितांत भ्रामक है।**

और चुनावी राजनीति नरेंद्र बनाम नीतीश हो जाए। बहरहाल ऐसा कुछ हुआ नहीं और लालू प्रसाद यादव व कांग्रेस को भलीभांति जानने वाले जानते व मानते थे कि ऐसा होना भी नहीं था। नतीजा यह हुआ कि लालू यादव के बेटे व तत्कालीन उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाते हुए उन्होंने महागठबंधन तोड़ दिया और 2017 में फिर भाजपा से आ मिले और पांच साल के साथ के बाद अब फिर भाजपा से छिटक कर वापस महागठबंधन की गोद में पहुंच गए। बिना किसी विचारधारा के मतभेद के सिर्फ अपनी सुविधा के लिए मिलने बिछुड़ने के इस खेल ने नीतीश कुमार की विश्वसनीयता को चकनाचूर कर दिया। ऐसा नहीं है कि नीतीश कुमार पहले व आखिरी नेता हैं जिन्होंने पलटी मारी है। अलबत्ता उनके खाते में यह उपलब्धि अवश्य है कि उन्होंने कभी महागठबंधन तो कभी भाजपा के साथ सरकार बनाने के जनादेश की न केवल अवहेलना की बल्कि जमकर खिल्ली भी उड़ायी। अब जब 2024 का लोकसभा चुनाव करीब आने लगा है तो नीतीश एक बार फिर पीएम की कुर्सी के लिए अकुलाने लगे हैं। इसी अकुलाहट ने उन्हें फिर से भाजपा से संबंध विच्छेद के लिए प्रेरित किया है। हो सकता है कि बिहार के सियासी घटनाक्रम में किरदाार निभाने वाली राजद या कांग्रेस जैसी पार्टियों ने उन्हें विपक्ष की ओर से पीएम पद के लिए उम्मीदवार घोषित करने के लिए आश्वस्त किया हो लेकिन सिर्फ ये दो दल ही तो भारत के विपक्ष नहीं है। इन दो दलों में राजद तो हो सकता है कि अपने आश्वासन को लेकर कुछ हद तक संजीदा भी हो क्योंकि वह चाहेगी कि नीतीश हटें तो तेजस्वी के लिए बिहार के सीएम बनने का रास्ता साफ हो लेकिन कांग्रेस के लिए भी क्या यह इतना सरल होगा?

कांग्रेस अपने लाख पराभव के बावजूद आज भी देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है और शायद आगे भी रहेगी। तो क्या कांग्रेस राहुल गांधी को पीछे कर नीतीश कुमार को पीएम पद के लिए आगे कर देगी? खासकर यह देखते हुए कि नीतीश सुविधा की राजनीति बिना किसी लोकलाज के खुल कर करते हैं और कभी इस खेमे तो कभी उस खेमे में विचरण करते हैं। कांग्रेस शायद ही राहुल गांधी को पीछे करने को तैयार हो और अगर थोड़ी देर के लिए मान भी लें कि वह ऐसा करेगी तो ममता बनर्जी,के चंद्रशेखर राव, शरद पवार व अन्य क्षेत्रीय क्षत्रपों को साधना क्या आसान होगा?

जाहिर है कि नीतीश कुमार के लिए आगे का रास्ता जोखिम भरा है। उन्हें तसल्ली सिर्फ इस बात से मिल सकती है कि वह 16 साल से ज्यादा सीएम रह चुके हैं। ऐसे में पीएम बनने की चाह में सीएम पद चला भी जाए तो क्या जाएगा। लेकिन सवाल तो यही है कि आखिर विपक्ष उन्हें पीएम क्यों प्रोजेक्ट करेगा। न तो उनकी पार्टी और न खुद उनकी अपील बिहार के बाहर है और बिहार की 40 लोकसभा सीटों में से सम्मानजनक सीटें जीतने के लिए उन्हें भाजपा अथवा राजद जैसे किसी साझीदार दल की जरूरत होगी। कुल मिलाकर नीतीश के लिए खतरा यही है कि कहीं उनकी हालत ''आधी छोड़ पूरी को धाए ,आधी मिली न पूरी पाए'' जैसी न हो जाए।

# घृणा व आतंक के विरुद्ध संघर्ष के प्रेरणास्रोत हुसैन

**हसन ख़ुर्शीद**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



जॉन ब्रैडशॉ ने एक बार कहा था, अत्याचारियों के प्रति विद्रोह ईश्वर की आज्ञाकारिता है। क्या मनुष्य इन परिस्थितियों का सामना कर सकता है? आदमी आराम से कर सकता है लेकिन जरूरी नहीं, इमाम हुसैन कर्बला (इराक) के युद्ध के मैदान से साहसपूर्वक कहने में कामयाब रहे।

प्लेटो से लेकर लॉक तक, सभी दार्शनिक सत्ता के बेईमान तत्वों द्वारा हथियाए जाने के खतरे के बारे में चिंतित रहे हैं। सत्ता की लालसा चारों ओर भ्रष्टाचार का बीज रही है। मानव जाति के विकास में कुछ महत्वपूर्ण क्षण हैं, जिसमें लुडविग बीथोवेन के अनुसार, भाग्य अस्तित्व के द्वार पर दस्तक देता है। ये ऐसे उदाहरण हैं जिनमें सामाजिक रूप से सक्रिय व्यक्तियों को अपने जीवन को जोखिम में डालकर सही और सत्य की रक्षा करने के लिए कहा जाता है। सदाचारी लोग जो दूरदर्शिता और दूरदर्शिता से संपन्न थे, वे हमेशा बाड़ पर बैठना पसंद नहीं करते थे, केवल षडयंत्र, उल्लंघनकर्ता और स्वतंत्रतावादी निरंकुश सुनते थे। उन्होंने ऐसा व्यवहार किया मानो वे वे लोग हों जो सत्य को महत्व देते थे और धार्मिकता को बनाए रखने के लिए कठिन संघर्ष करते थे।

ऐसी ही एक सबसे गंभीर स्थिति तब पैदा हुई जब पवित्र पैगंबर मोहम्मद के निधन के बाद, इस्लामी विचार, दर्शन, संस्कृति और प्रशासन के स्कूल को अस्थायी और चर्च संबंधी शक्तियों के साथ खिलाफत में स्थानांतरित कर दिया गया। चार ख़लीफ़ा अबू बकर, उमर, उस्मान और इमाम अली मुर्तज़ा थे। अली की हत्या साजिशकर्ता के गुर्गे और अबू सूफियान के पाखंडी मुआविया पुत्र ने की थी, जबकि इमाम अली मस्जिद में अल्लाह के सामने सजदा कर रहे थे। इसके बाद, मुआविया ने धोखे से सीरिया में खलीफा की सीट को हड़प लिया और तलवार की ताकत से खुद को स्व-नियुक्त खलीफा घोषित कर दिया। हाउस ऑफ उमय्यद के पहले शासक मुआविया ने कुलीन और बर्बर निरंकुश शासन द्वारा लोकतांत्रिक इस्लामी शासन को विस्थापित किया।

मुआविया की मृत्यु के बाद, उसका पुत्र शापित यज़ीद सीरिया की खलीफा सीट पर चढ़ गया। वह एक बेरहम जानवर था और बुराई और बुराइयों का अभ्यास करने में अपने सभी पूर्वजों से आगे निकल गया था। यज़ीदीन मुआविया एक कट्टर आतंकवादी और उदारवादी था। इस सभ्य समाज में यज़ीद के आपत्तिजनक चरित्र का सबसे छोटा उल्लेख वर्जित है। यज़ीद



अधर्म के धनी थे, जिनकी सत्ता की लालसा ने उन्हें समाज को अपने पसंदीदा सांचे में ढालने के लिए प्रेरित किया। यज़ीद के आपराधिक व्यवहार ने स्थापित इस्लामी मूल्यों में अश्लील, अमानवीय नवाचारों की चरम घटना का संकेत दिया। इसके विपरीत, हुसैन को उनके व्यवहार, ज्ञान, करुणा और धर्मपरायणता की उत्कृष्टता के लिए पूरे अरब जगत में पहचाना जाता था। यज़ीद ने मदीना में अपने गवर्नर वालिद को हुसैन को यज़ीद के प्रति निष्ठा की प्रतिज्ञा करने के लिए मजबूर करने का निर्देश दिया। हुसैन ने मना कर दिया। हुसैन का सब्र टूट गया जब यज़ीद ने उनसे ज़बरदस्ती श्रद्धांजलि की मांग की। हुसैन ने यज़ीद को हर बार सदस्यता लेने से इनकार कर दिया, जब उनसे खलीफा और वफादार के नेता के रूप में निष्ठा के लिए कहा गया। हुसैन ने महसूस किया कि इस्लाम में इस लंबे समय तक अराजकता के परिणाम और अनैतिकता के लिए एक विनाशकारी जीत सच्चे विश्वास को स्थायी रूप से विकृत कर देगी और इस्लाम की आड़ में एक विकृत छद्म धर्म उभरेगा। यज़ीद ने अपने प्रति निष्ठा या मौत का सामना करने के बीच चयन करने के लिए कठिन सौदेबाजी की। हुसैन के पास एक स्पष्ट विकल्प था : या तो एक तरफ खड़े हो जाओ और यज़ीद को उसकी इच्छा के अनुसार कार्य करने दें, अपने घिनौने पलायन को सही ठहराते हुए, या काउंटर और उसके गुप्त खतरे और तीखे अभियान का सामना करें। हुसैन, जिन्हें इस्लाम की प्राचीन शुद्धता सुनिश्चित करनी थी, ने निष्ठा से इनकार कर दिया।

कर्बला प्रकरण मोहर्रम की 10 तारीख, 61 हिजरी (10 अक्टूबर, 680 ई.) हुसैन को यज़ीद के कमांडर-इन-चीफ से 'हिंदुस्तान' जाने देने की मांग की गई, लेकिन प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया। 10 मोहर्रम की सुबह, हुसैन और बच्चों और कुछ साथियों सहित परिवार के 72 सदस्यों की निर्दयता से हत्या कर दी गई। शहीदों में सबसे छोटा हुसैन का शिशु पुत्र अली असगर था।

छह माह के असगर समेत 72 शहीदों के सिर उनके शरीर से काटकर लांसरों पर चढ़ा दिए गए। शवों को घोड़ों ने कुचला था। हुसैन के परिवार के बाकी सदस्यों के टेंट को आग के हवाले कर दिया गया, बच्चों और महिलाओं को कैदी बनाया गया, हथकड़ी पहनाई गई, और कूफ़ा और सीरिया के बाज़ारों में तब तक बांधे रखा गया, जब तक कि उन्हें अत्याचारी यज़ीद के सामने पेश नहीं किया गया, जो मानव रूप में शैतान था।

शहीदों के भगवान के महान बलिदान को याद करने के लिए, इमाम हुसैन, पुरुषों और महिलाओं, युवा और बूढ़े, न केवल मुस्लिम समुदाय से बल्कि अन्य धर्मों से भी घरों और इमाम बरगाहों में मजलिस (सभा) आयोजित करने के लिए इकट्ठा होते हैं, जहां शोकपूर्ण श्रद्धांजलि हुसैन को सलाम, सोज़, मार्सिया, नौहा और गीतात्मक दिर्गेज नामक शोकगीत के माध्यम से भुगतान किया जाता है। मण्डली दुःख के चरमोत्कर्ष की ओर अथक रूप से आगे बढ़ती है। दर्शकों ने आंसुओं के साथ दिल से कराहते हुए कहा, वा मोहम्मद, कुश्तशुद हुसैन (हे मोहम्मद, हुसैन की हत्या कर दी गई है)।

इमाम हुसैन को न केवल मुसलमान बल्कि अन्य धर्मों के लोग भी पूजते हैं। इतालवी कलाकार ब्रूनो कैब्रिनी की पेंटिंग से पता चलता है कि राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में 18 वीं और 19 वीं शताब्दी के दौरान मुहर्रम के जुलूसों में ताज़िया (इराक में इमाम हुसैन के मकबरे की प्रतिकृतियां) थे। इतना ही नहीं, बड़ौदा के सिंधिया और इंदौर के होल्कर ने मजलिस का संचालन किया। आज भी लखनऊ और हिंदू धर्म के केंद्र वाराणसी में हिंदू शोक सभा में मुस्लिमों के साथ शामिल होते हैं।

## आप की बात

### सत्ता बनाम विपक्ष

**सत्ता** यानी विपक्ष की बड़ी बहन. विपक्ष को अपनी बड़ी बहन का आदर करना सीखना चाहिए, उसकी भावना को समझना चाहिए। माना की विपक्ष उसका छोटा भाई है परन्तु वो खोटा नहीं है। हां नटखट हो सकता है, लेकिन इतना भी उसे नटखट नहीं बनना चाहिए कि बड़ी बहन अपना बड़प्पन निभाते-निभाते क्रोधित हो जाए और उसे सीख देने के लिए न चाहकर भी सख्त कदम उठाने के लिए विवश हो जाए। यह तो राजनीति है, और दोनों ही राजनीति के ज्ञाता हैं। कभी भाई शासक बन जाए बहन सत्ता में आ जाए. भाई बहन का रिश्ता यदि बेहतर तरीके से निभाना है एवं उसे और अधिक प्रगाढ़ बनाना है तो विपक्ष को अपनी आदरणीय बड़ी बहन से इस वर्ष रक्षाबंधन को रक्षा सूत्र अपने हाथ में बंधवा लेना चाहिए, ताकि दोनों एक-दुसरे की रक्षा कर सकें वैमनस्यता खत्म हो और आपसी भाई-चारा बन सके। जिससे दोनों में एक-दूसरे के प्रति सहयोग भावना जन्म ले सके और दोनों मिलकर अपने-अपने काम को एक-दूसरे के सहयोग से आगे बढ़ा सकें। क्योंकि दोनों का पेशा जनसेवा और देशसेवा याने एक जैसा ही है। तब विचारों में भी भले ही प्रतिस्पर्धात्मक मतभेद हो जाएं किन्तु जनसेवा व देशसेवा के लिए मनभेद न उभरें।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### परीक्षा में गड़बड़ी

**कॉमन** यूनिवर्सिटी टेस्ट में हो रहीं गड़बड़ियों की वजह से छात्र न सिर्फ परेशान हैं बल्कि उनके लिए यह परीक्षा तनाव का कारण बन रही है। एनटीए ने इसका कारण तकनीकी गड़बड़ियों को बताया है! तकनीकी गड़बड़ियों का बहाना बनाकर यूनिवर्सिटी प्रशासन अपनी लापरवाही को नहीं छुपा सकता है! एनटीए की ओर से इन परीक्षाओं के लिए जैसी तैयारियों की जरूरत थी, वैसी तैयारियां नहीं की जा सकीं। और, इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ध्यान रखना चाहिए कि यह किसी भी अन्य संयुक्त परीक्षाओं जैसा मामला नहीं था। अन्य संयुक्त परीक्षाओं, उदाहरण के लिए जेईई में सिर्फ तीन विषय होते हैं, जबकि सीयूईटी-यूजी में 61 विषयों की परीक्षा 13 भाषाओं में होती है। जाहिर है, इसके लिए कहीं ज्यादा बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर और ज्यादा सक्षम सॉफ्टवेयर सपोर्ट की जरूरत थी।एक तो पहले के नियम को बदलने से स्टूडेंट वैसे ही भारी तनाव झेल रहे हैं। वही पूरी तैयारी के बाद परीक्षा हाल तक पहुंचने के बाद में वापस बैरंग लौटा दिया जाता है। सुदूर गांव से आने वाले प्रतिभाशाली छात्रों के लिए और उन्हें साथ लेकर आने वाले अभिभावकों के लिए बड़ी भारी परेशानी का सबब है।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### बिहार की राजनीति

**बिहार** की राजनीति के बदलते घटनाक्रम में सत्ता का ऊंट किस करवट बैठेगा। राजनीतिक उठापटक और गहमागहमी के बीच बिहार के मुख्यमंत्री के राजद नेता तेजस्वी से लगातार मुलाकात एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया जी से फोन पर वार्ता इस बात को बल देती है कि आने वाले समय में जनता दल यूनाइटेड और भारतीय जनता पार्टी की दूरियां बढ़ेंगी और राजनीतिक तलाक संभव है। भारत की राजनीति के चतुर खिलाड़ी नीतीश कुमार 2017 में भाजपा के साथ आए थे तब उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल को अलविदा कह अपनी सरकार बनाई थी। 2014 में नीतीश कुमार ने आरजेडी और कांग्रेस से मिलकर चुनाव लड़ा और सरकार बनाई। यह जो राजनीतिक तलवार बीजेपी और जनता दल यूनाइटेड में चुकी चुकी है अब जरूर कुछ ना कुछ होकर रहेगा। यह एक दिन का घटनाक्रम नहीं है इसकी पृष्ठभूमि में दोनों दलों की वैचारिक विभिन्नता ने भी है और नीतीश कुमार की जाति जनगणना की प्रतिबद्धता, किसान आंदोलन और कुछ अंदरूनी मसले बड़े कारण हैं।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, नई दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**हर** राज्य ने कोरोना-विरोधी संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा देश की संघीय संरचना 'दुनिया में मॉडल' के रूप में उभरी है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**सर्वोच्च** न्यायालय से कोई उम्मीद नहीं है। संवेदनशील मामले केवल कुछ ही जजों को दिए जा रहे हैं।

– **कपिल सिब्बल**
राज्यसभा सांसद





**फैसलों** की आलोचना हो सकती है, पर संस्थाओं की छवि खराब नहीं की जानी चाहिए।

– **महेश जेठमलानी**
राज्यसभा सांसद

# तिरंगा यात्रा जन जागरूकता का सशक्त माध्यम

## सीएम ने अपने सरकारी आवास से बीजेपी महानगर की तिरंगा बाइक रैली को किया रवाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार शाम को अपने सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग से बीजेपी महानगर द्वारा आयोजित तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि देश के नागरिकों में देशभक्ति की भावना बढ़ाने के मकसद से यह तिरंगा बाइक रैली आयोजित की गई है। पूरा देश अमृत महोत्सव की तैयारी कर रहा है। तिरंगा यात्रा जन जागरूकता का एक सशक्त माध्यम बन चुका है।

सीएम ने कहा कि पीएम ने हर घर तिरंगा का जो नारा दिया वह केवल एक नारा नहीं बल्कि एक जन आंदोलन बन चुका है जो राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत अपने राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति हम सबके मन में श्रद्धा और सम्मान का भाव तो जागृत कर ही रहा है। इस देश की आजादी के लिए जिन अमर सपूतों ने अपना बलिदान दिया था उन सब को नमन करने उनका स्मरण करने उनके आदर्शों से प्रेरणा प्राप्त करने का अवसर है। तिरंगा यात्रा अमृत महोत्सव के साथ-साथ अमृत काल के नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान कर रहा है। सीएम ने कहा कि इस अवसर पर लखनऊ महानगर की पूरी टीम को जो इस तिरंगा यात्रा के लिए यहां पर एकत्र होकर के भारत की आन बान और शान के प्रति तिरंगा को हर घर तक पहुंचाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। भारत की 135 करोड़ नागरिकों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाने का आधार बनेगा। इस विश्वास के साथ हम सब पूरे उत्साह के साथ पूरी उमंग के साथ पूरी शालीनता के साथ पूरे अनुशासन के साथ हर घर तक तिरंगा पहुंचाने का कार्य करेंगे और भारत को अमृत काल के दौरान दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के रूप में स्थापित करने के विश्वास के साथ तिरंगा यात्रा के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूं। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि शहीद स्मारक पर यात्रा का समापन महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा द्वारा किया गया। यात्रा को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में मंत्री, विधायक, पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए हैं। प्रत्येक मंडल में आज यात्राएं निकाली गई हैं। आजादी का अमृत महोत्सव में हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से हम देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने तथा भारत के गौरव को बढ़ाने के लिए काम करते रहेंगे। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं की भी भागीदारी रही और बाइक पर किलोमीटर लंबी बाइक श्रृंखला नजर आई जहां हर कार्यकर्ताओं के हाथ में तिरंगा झंडा लहरा रहा था और वंदे मातरम, भारत माता की जय घोष से देशभक्ति की भावना को प्रदर्शित करते नजर आए।

# 'ब्रांड यूपी' से दुनिया को परिचय कराने का अवसर होगा जी-20 सम्मेलनः मुख्यमंत्री

## दिसंबर 2022 से दिसंबर 2023 तक भारत करेगा जी-20 की अध्यक्षता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश के समग्र विकास के लिए विविध कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दि। साथ ही आगामी दिसम्बर 2022 से दिसंबर 2023 की अवधि में भारत की अध्यक्षता में होने वाले जी-20 सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए उच्चाधिकारियों का मार्गदर्शन भी दिया। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री के यशस्वी नेतृत्व में भारत को आगामी दिसंबर 2022 से दिसंबर 2023 तक विश्व के बड़े राष्ट्रों के समूह जी-20 की अध्यक्षता करने का सुअवसर मिलने जा रहा है। यह वैश्विक समारोह उत्तर प्रदेश के लिए अपार संभावनाओं से परिपूर्ण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम ब्रांड यूपी को दुनिया से परिचय कराने का शानदार मंच है। हमें इस वैश्विक समारोह का लाभ लेना चाहिए। 'नए भारत के नए उत्तर प्रदेश' के पोटेंशियल से पूरी दुनिया परिचित हो, इसके लिए हमें प्रदेश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विशेषताओं को सुव्यवस्थित रूप से प्रस्तुत करना होगा। इस संबंध में एक बेहतर कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भारत की अध्यक्षता वाले जी-20 के एक वर्ष की अवधि में उत्तर प्रदेश के वाराणसी, लखनऊ, आगरा और ग्रेटर नोएडा में अलग-अलग कार्यक्रम होने प्रस्तावित हैं। इन जनपदों में 'अतिथि देवो भव' की भारतीय भावना के अनुरूप आयोजन को भव्य बनाने की तैयारी की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत को 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' की संज्ञा दी है। उत्तर प्रदेश के पास समृद्ध इतिहास की विरासत है। जी-20 के मंच पर प्रदेश की प्राचीन कला, संस्कृति, इतिहास, पुरातात्विक विशिष्टताओं का संकलन कर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। इस कार्य के लिए आवश्यकतानुसार इतिहासकारोंए पुरातत्व विशेषज्ञोंए कला-संस्कृति के मर्मज्ञ जनों का समूह बनाकर आवश्यक शोध अध्ययन कराया जाए। जनवरी 2023 में प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर विभिन्न देशों में प्रवास करने वाले एकजुट होंगे। इस अवसर पर हमें प्रवासी भारतीयों को 'उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना' से जोड़ने के प्रयास करने चाहिए। बहुत से प्रवासी भारतीयों ने इस योजना में रुचि दिखाई है। यह योजना आमजन को विकास कार्यों में प्रत्यक्ष भागीदार बनने का सहज माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को आगे बढ़ाते हुए हमें विभिन्न राज्यों के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना चाहिए। उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विशेषताओं से परिचित कराने के लिए सांस्कृतिक टोलियां भेजी जानी चाहिए। इसी प्रकार अन्य राज्यों की टोलियों को अपने प्रदेश में आमंत्रित किया जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों के अनुरूप स्कूल और उच्च शिक्षण संस्थानों में यथाशीघ्र पाठ्यक्रम को संशोधित किया जाए। 04 वर्षीय स्नातक की व्यवस्था को लागू करने के लिए आवश्यक बदलाव किया जाए। प्राविधिक और चिकित्सा शिक्षा से जुड़े कोर्स के पाठ्यक्रम मातृभाषा में तैयार कराये जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि कंटेट गुणवत्तापरक हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के समग्र विकास के लिए शहरीकरण एक अहम आयाम है। भविष्य के दृष्टिगत हमें नए शहरों के स्थापना-विकास की दिशा में नियोजित प्रयास करना होगा। नगर विकास विभाग व आवास विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में नवीन शहरों के स्थापना के लिए अध्ययन कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इसके साथ ही शहरी विकास प्राधिकरणों की सीमा विस्तार की कार्यवाही भी की जाए। उन्होंने कहा कि सतत प्रयासों से प्रदेश ने अपने निर्यात में अभूतपूर्व वृद्धि की है। हमें आयात की निर्भरता कम करते हुए वोकल फ़ॉर लोकल की भावना को बढ़ाना होगा। गेहूं और धान के साथ-साथ सब्जी और ़फल आदि के उत्पादन और निर्यात को हमें बढ़ावा देना होगा। आयात पर निर्भरता कम करने के लिए दलहन, तिलहन के उत्पादन को बढ़ाने के लिए हमें प्रयास तेज करने होंगे। किसानों को कृषि विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित और प्रशिक्षित करना होगा। इस दिशा में कार्यवाही तेज की जाए।

# 15 अगस्त पर धमाका करने की साजिश विफल

## आजमगढ़ से आईएसआईएस का आतंकी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** एटीएस टीम को मंगलवार को बड़ी कामयाबी मिली है। 15 अगस्त को धमाका करने की साजिश को विफल करते हुए आईएसआईएस के एक आतंकी को आजमगढ़ से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आतंकी सबाऊद्दीन आजमी के पास से आईईडी बनाने का सामान, अवैध असलहा और कारतूस बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि वह आईएसआईएस के रिक्रूटर से सीधे संपर्क में था।

एटीएस को सूचना मिली थी कि आजमगढ़ के मुबारकपुर में एक व्यक्ति अपने साथियों के माध्यम से आईएसआईएस की विचारधारा से प्रभावित होकर वॉट्सएप एवं विभिन्न सोशल मीडिया एप्लीकेशन के माध्यम से जिहादी विचारधारा का प्रचार-प्रसार कर रहा है। अन्य लोगों को भी आईएसआईएस से जुड़ने के लिए प्रेरित कर जा रहा है। गिरफ्तारी के बाद उसे पूछताछ के लिए एटीएस मुख्यालय लाया गया है। वहां पूछताछ और मोबाइल डेटा खंगाले जाने पर आजम द्वारा आईएसआईएस के जरिए आतंक एवं जेहाद के लिए मुस्लिम युवकों का ब्रेनवॉश करने के लिए बनाए गए टेलीग्राम चैनल से जुड़े होने के प्रमाण मिले हैं। इस समय वह एआईएमआईएम का सदस्य भी है। एटीएस के अनुसार बिलाल नाम के व्यक्ति से फेसबुक पर जुड़ने के बाद, बिलाल सबाउद्दीन से जिहाद और कश्मीर में मुजाहिदों पर हो रही कार्रवाई के बारे में बात किया करता था।

बातों-बातों में ही बिलाल ने मूसा उर्फ खत्ताब कश्मीरी का नंबर दियाए जो आईएसआईएस का सदस्य है। उससे आतंकी की बात होने लगी। कश्मीर में मुजाहिदों पर हो रहे जुल्मों का बदला लेने की योजना के संबंध में मूसा ने आईएसआईएस के अबू बकर अल शामी का नंबर दिया जो वर्तमान में सीरिया में है। अबू बकर अल शामी के संपर्क में आने के बाद सबाउद्दीन ने मुजाहिदों पर हो रही कार्रवाई का बदला लेने के लिए आईएसआईएस की तरह भारत में भी एक इस्लामिक संगठन बनाने और आईईडी बनाने के संबंध में जानकारी की।

# मनाया गया भारतीय युवा कांग्रेस का 62वां स्थापना दिवस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** युवा कांग्रेस का 62वां स्थापना दिवस मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय में मनाया गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस पूर्वी के अध्यक्ष कनिष्क पाण्डेय द्वारा युवा कांग्रेस मुख्यालय परिसर में पर ध्वजारोहण कर युवा कांग्रेस को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

इस मौके पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं युवा कांग्रेस पूर्वी के प्रभारी सत्यवीर अलोरिया और कृष्णा हरि मौजूद रहे। सर्वप्रथम कार्यालय प्रांगण में स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इन्दिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। ध्वजारोहण के उपरान्त परम्परागत तरीके से शुरूआत राष्ट्रीय गीत एवं अन्त में राष्ट्रगान करके कार्यक्रम का समापन किया गया। यह जानकारी देते हुए प्रदेश युवा कांग्रेस पूर्वी के सह संगठन प्रभारी एवं प्रवक्ता वर्चस्व पाण्डेय ने देते हुए बताया कि युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्री कनिष्क पाण्डेय कहा कि आज के वर्तमान परिवेश में देश में युवाओं की सबसे ज्यादा जिम्मेदारी है। आम जनता के सवालों पर आम जनता के हितों के लिएए युवाओं की आवाज बनने के लिए युवा कांग्रेस प्रतिबद्ध है। उन्होने कहा कि युवा कांग्रेस में युवाओं को जोड़ने के लिए कार्यक्रम चल रहा है इसे वृहद स्तर पर किया जायेगा। स्थापना दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बिहार प्रदेश से आये राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा हरि ने कहा कि 62 वर्ष हो चुके हैं युवा कांग्रेस की स्थापना हुए। देश में युवाओं की आवाज उठाने का काम युवा कांग्रेस करती रही है। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रभारी सत्यवीर अलोरिया ने कहा कि किसी भी संगठन की रीढ़ उसकी युवा विंग होती है। हम सभी को संकल्पित होकर युवा कांग्रेस को मजबूत बनाना है। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं युवा कांग्रेस पूर्वी के प्रभारी कृष्णा हरि ने युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को शपथ दिलायी। प्रवक्ता वर्चस्व पाण्डेय ने बताया कि स्थापना दिवस पर प्रमुख रूप से प्रदेश युवा कांग्रेस के महामंत्री अवनीश शुक्ला, संयुक्त सचिव देवांश तिवारी, लखनऊ जिला अध्यक्ष अंकित तिवारी नावेद अहमद आदि भारी संख्या में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपा ने प्रदेश भर में शुरू किया घर घर तिरंगा फहराने का अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मंगलवार से 15 अगस्त तक घर-घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत राजधानी लखनऊ सहित पूरे प्रदेश के विभिन्न जनपदों में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालयों और अपने आवासों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अगस्त क्रांति के दिन कन्नौज जिले की तिर्वा तहसील के झौआ गांव में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित करने के साथ ही घर-घर तिरंगा फहराने के अभियान की शुरूआत भी की। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय विक्रमादित्य मार्ग पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले वीर सेनानियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि अगस्त क्रांति को समाजवादी नेताओं जयप्रकाश नारायण, डॉ. राममनोहर लोहिया के नेतृत्व से गति मिली थी। इस अवसर पर अरविन्द कुमार सिंह, विकास यादव, एसके राय, फराज किदवई, केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चन्द्र यादव, राधेश्याम यादव आदि भी उपस्थित थे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने गुलिस्तां कालोनी स्थित अपने आवास पर तिरंगा फहराया। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कानपुर ग्रामीण की विधानसभा क्षेत्र बिठूर के कस्बा बिठूर में शहीदों को नमन करते हुए घर-घर राष्ट्रीय ध्वज कार्यक्रम में

# शिवपाल के बेटे आदित्य यादव बने प्रसपा के प्रदेश अध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी से विधायक एवं प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव को प्रसपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। इसकी घोषणा प्रसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने मंगलवार को की। आदित्य यादव के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर प्रसपा के मुख्य प्रवक्ता दीपक मिश्रा ने शुभकामनाएं दी। मिश्रा ने कहा कि आदित्य यादव के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पार्टी प्रदेश में अपनी जान को पहले से अधिक मजबूत करेगी। उल्लेखनीय है कि सपा से अलग होने के बाद शिवपाल सिंह यादव ने नवंबर 2018 में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) का गठन किया था। वह खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष बने और सुंदरलाल लोधी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया था। विधान सभा चुनाव 2022 से ठीक पहले शिवपाल सिंह ने पार्टी से इस्तीफा दिया और सपा की सदस्यता ले ली। टिकट वितरण के दौरान मची उठापटक के बीच शिवपाल के खास लोगों ने प्रसपा छोड़ दी। चुनाव बीताए पार्टी ने नए सिरे से मंथन शुरू किया। मई में पार्टी की सभी कार्यकारिणी भंग कर नए सिरे से पुर्नगठन की कवायद शुरू की गई। इस बीच विभिन्न फ्रंटल संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष घोषित किए गएए लेकिन मुख्य कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा नहीं की गई। पार्टी में कई चेहरों पर विचार किया गया लेकिन लेकिन किसी न किसी रूप में एकजुटता नहीं बन सकी।

## आजादी के 75 वर्ष पूरा होने पर मायावती ने की उल्लासपूर्वक मनाने की अपील

**लखनऊ।** देश की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में हर तरफ उल्लास का माहौल है। कई दल तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं तो भाजपा ने हर घर तिरंगा अभियान की योजना बनाई है। इसी में बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी आजादी के 75 वर्ष पूरा होने के आयोजन को उल्लासपूर्वक मनाने की अपील की है। मंगलवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि भारतीय तिरंगा झण्डा सभी को देश की आन व शान की याद दिलाता है तथा हर मेहनतकश भारतीय अपनी रोजी-रोटी की अनिवार्यता के कारण चाहे वो उसका प्रदर्शन नहीं कर पाता हो परन्तु वह राष्ट्रीय झण्डे का हमेशा दिल से जरूर सम्मान करता है।

# लोहिया-जेपी का योगदान अविस्मरणीयः शिवपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी ने अगस्त क्रांति दिवस के उपलक्ष्य में पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, चंद्रशेखर आज़ाद सदृश काकोरी के नायकों और राममनोहर लोहिया व लोकनायक जयप्रकाश सरीखे क्रांतिवीरों को याद किया । इस अवसर दीपक मिश्र द्वारा संपादित 'स्वतंत्रता संग्राम समाजवादी आंदोलन व लोहिया' पुस्तक का विमोचन करते हुए शिवपाल यादव ने कहा कि सन बयालीस में महात्मा गांधी, पंडित नेहरू समेत सभी बड़े व अग्रिम पंक्ति के नेताओं की गिरफ्तारी के बाद लोहिया ने 'करेंगे या मरेंगे' नारा देकर आजादी की लड़ाई को आगे बढ़ाया। लोकनायक जेपी ने हजारीबाग जेल तोड़कर ब्रिटानिया हुकूमत को सीधी चुनौती दी थी। आज़ाद दस्ता बनाकर तत्कालीन समाजवादियों ने अगस्त क्रांति को सफल बनाया था।

# साइबर अपराधों में लगातार हो रही वृद्धिः न्यायाधीश

पायनियर समाचार सेव। लखनऊ



**न्यायिक** प्रशिक्षण एवं अनुसन्धान संस्थान उप्र द्वारा न्यायमूर्ति राजेश बिंदल मुख्य न्यायाधीश इलाहाबाद उच्च न्यायालय की अध्यक्षता में साइबर क्राइम और चुनौतियों विषय पर एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीशगण सहित 80 न्यायिक अधिकारी सम्मिलित हुए। सुपरवाइजरी कमेटी न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसन्धान संस्थान के अध्यक्ष उच्च न्यायालय लखनऊ पीठ के न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार उपाध्याय ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से संगोष्ठी में सम्मिलित न्यायिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल साइबर अपराध के मामलों में लगातार वृद्धि होती जा रही है। इसलिए यह आवश्य है कि न्यायिक अधिकारी साइबर अपराध के मामलों से सम्बंधित कानूनों, इनकी विवेचना की प्रक्रिया, प्रस्तुत साक्ष्यो का संकलन, उनका रख-रखाव, न्यायालय में साक्ष्य का प्रस्तुतिकरण एवं प्रस्तुत साक्ष्यों का मूल्यांकन सम्बंधित विषयों की जानकारी से परिपूर्ण हो ताकि इन मामलों का निस्तारण शीघ्रता के साथ हो सके। सम्मेलन में अनुज अग्रवाल अधिवक्ता नई दिल्ली द्वारा इस विषय पर विस्तार से चर्चा की और सभी बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

# महिला समूहों की तिरंगा राखी मचा रही धमाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्य** ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों को लगातार दिये जा रहे प्रोत्साहन व उत्साहवर्धन के बहुत ही सार्थक, सकारात्मक व सराहनीय परिणाम निखर कर आ रहे हैं। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष पर स्वतन्त्रता सप्ताह व हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल व सार्थक बनाने की दिशा मे स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा लगभग डेढ़ करोड़ तिरंगे झण्डे बनाने व वितरित करने का अभूतपूर्व कार्य किया जा रहा है, वहीं हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने व रक्षाबंधन के पावन त्यौहार में चार चांद लगाने को आतुर स्वयं सहायता समूहों की हुनरमंद सखियों द्वारा तिरंगा राखी, तिरंगा ब्रेसलेट, तिरंगा बैज आदि भी बनाये जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा इस प्रकार की सामग्री को बनाकर जहां अपने स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त कर महिला सशक्तीकरण के सरकार के सार्थक प्रयासों में सक्रिय भागीदारी की जा रही है, वहीं नागरिकों के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने व स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव जगाया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि राष्ट्रीय महत्व, राष्ट्रीय गौरव व राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने में समूहों द्वारा तिरंगे झण्डे बनाकर जहां देश व समाज के प्रति अपने सामाजिक दायित्वो का निर्वहन किया जा रहा है। वहीं राष्ट्र प्रेम की भावना को बलवती बनाने का कार्य भी किया जा रहा है या यूं कहें कि राष्ट्रप्रेम की अलख जगाई जा रही है। इस कार्य में प्रदेश में 9361 स्वयं सहायता समूहों की 37725 महिलाएं लगी हुयी हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के माध्यम से देश के अमर वीर शहीदों के त्याग, बलिदान, साहस और शौर्य की प्रेरक स्मृतियां तो ताजा होंगी ही, साथ ही भावी पीढ़ी को प्रेरणादायक संदेश भी मिलेगा। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रदेश के लगभग समस्त जनपदों में राखी निर्माण का कार्य अभियान के रूप में चलाया जा रहा है, जिसमें सघन रूप से जनपद देवरिया, सोनभद्र, बाराबंकी सुल्तानपुर, कानपुर देहात, गोंडा, अलीगढ़, बागपत, प्रयागराज, लखनऊ एगाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली औरैया एव अंबेडकर नगर आदि में लगभग 4000 समूह सदस्यों द्वारा लाखों राखियों का निर्माण किया जा रहा है।

# निपुण भारत मिशन से बढ़ेगी शिक्षकों की निपुणता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**निपुण** भारत मिशन के तहत बच्चों में भाषा एवं गणितीय दक्षता को बढ़ाने और लीडरशिप विकास के लिए सोमवार से दीक्षा एप के माध्यम से टीचर्स का ऑनलाइन प्रशिक्षण शुरू हो गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय के कक्षा 1 से 3 तक के शिक्षकों को अनिवार्य रूप से जुड़ना होगा। इसके लिए प्रदेश स्तर से शिक्षकों को प्रत्येक सप्ताह दो अकादमिक व एक लीडरशिप कोर्स प्रेषित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण 13 अगस्त तक चलेगा। यह जानकारी महानिदेशक, स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने दी।

**बच्चों और शिक्षकों के बीच आत्मीय संबंध का होगा विकास**

यह देखने में आता है कि प्राथमिक विद्यालयों की छोटी कक्षाओं में बच्चे विद्यालय आते तो हैं, लेकिन उनमें पढ़ने, समझने और अभिव्यक्ति की क्षमता ग्रेड के अनुसार नहीं होती है। ऐसे में योगी सरकार द्वारा निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों में बुनियादी भाषा एवं गणित दक्षताओं में कौशल विकास के साथ बच्चों और शिक्षकों के बीच बेहतर एवं आत्मीय संबंध विकसित करने के लिए शैक्षणिक सत्र 2022-23 में शिक्षकों का ऑनलाइन प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से शुरू कर दिया गया है। इसके लिए सभी बीएसए और डाइट प्राचार्य को प्रशिक्षण कोर्स -1,2 एवं लीडरशिप स्किल्ड का लिंक जारी कर दिया गया है। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने बताया कि प्रदेश स्तर पर सप्ताह में दो अकादमिक कोर्स और लीडरशिप कोर्स के लिंक व्हाट्सएप के माध्यम से शिक्षकों एवं विभागीय अधिकारियों को प्रेषित किए जायेंगे।

# स्टार्टअप का मास्टर की बन रहा उद्यम सारथी ऐप

## रोजाना सौ से अधिक लोग ऐप कर रहे डाउनलोड और सात-आठ सौ विजिट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अगर** आप कोई उद्योग लगाना चाहते हैं या स्टार्टअप का नया आइडिया आपके पास है, लेकिन शुरूआत कैसे करें, सरकार से मदद कैसे मिलेगी और उससे संबंधित जानकारी चाहिए, तो आपको कहीं और भटकने की जरूरत नहीं है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग ने इन सभी समस्याओं का हल निकाल दिया है। उद्यम सारथी ऐप स्टार्टअप का 'मास्टर की' बन गया है। रोजाना औसतन 110 लोग ऐप डाउनलोड कर रहे हैं और सात-आठ सौ विजिटर हैं। सीएम योगी ने युवाओं को स्व-रोजगार से जोड़ने के लिए उद्यम सारथी ऐप के माध्यम से सिंगल विंडो सिस्टम की शुरूआत की है। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्व-रोजगार के लिए 24 जनवरी 2021 को यूपी उद्यम सारथी मोबाइल एप्लीकेशन लांच किया था। महज डेढ़ साल में 60 हजार से अधिक ऐप डाउनलोड हुए हैं। ऐप उद्योगों से जुड़ी हर प्रकार की जानकारी से लेकर लगवाने तक में मदद कर रहा है। मोबाइल पर ही पूरी जानकारी दी जा रही है और नए उद्योग लगाने से लेकर हर समस्या का समाधान किया जा रहा है। दूसरे चरण में एमएसएमई विभाग द्विपक्षीय संवाद के लिए जल्द 30 सीटर कॉल सेंटर शुरू करने वाला है। इसमें हर कार्य दिवस में सुबह नौ से सात बजे तक चर्चा की जा सकेगी। एमएसएमई के अपर मुख्य सचिव डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि उद्यम सारथी ऐप उद्योगों से जुड़े हर सवाल और समस्या का समाधान है। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जो हर परिवार के एक सदस्य को रोजगार देने में बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है।

**वीडियो लेक्चर से लेकर डाक्यूमेंट्री और सफलता की कहानियां करती हैं प्रेरितः** ऐप में स्वरोजगार स्थापित करने के लिए वीडियो लेक्चर भी है। इसके माध्यम से उद्योग लगाने से संबंधित सभी बारीकियां सीखी जा सकती हैं। यही नहीं, इस ऐप पर उद्योगों से जुड़ी डाक्यूमेंट्री और सफलता की कहानियों का संग्रह भी है, जिससे युवाओं को उद्यमी बनने की प्रेरणा भी मिलती है। साथ ही इस ऐप पर 100 मॉडल प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी हैं। किसी भी प्रोजेक्ट के लिए लोन से जुड़ी प्रोजेक्ट रिपोर्ट को भी डाउनलोड किया जा सकता है।

**आयात और निर्यात से जुड़े विषयों पर दिए जा रहे एक्सपर्ट कमेंटः** ऐप पर एक क्लिक के बाद स्व-रोजगार और उद्योग से जुड़ी हर जानकारी मिल रही है। बाजार की उपलब्धता का विवरण, व्यवसाय मॉडल और विकास के लिए रणनीतियों के बारे में भी जानकारी है। ऐप में डिजिटल मार्केटिंग, आयकर से संबंधित प्रक्रिया और जीएसटी से जुड़ी सभी जानकारियां हैं। आयात और निर्यात से जुड़े विषयों पर एक्सपर्ट कमेंट भी हैं।

# आजादी का संघर्ष ही कांग्रेस का अतीत: धीरज गुर्जर

संवाददाता। सीतापुर



**9 अगस्त** क्रांति दिवस के दिन कांग्रेस पार्टी ने ''आजादी की गौरव यात्रा'' नाम से पदयात्रा का शुभारंभ किया। पदयात्रा की शुरूआत लालबाग स्थित शहीद पार्क से की गई तथा समापन कैप्टन मनोज पांडे चौक पर किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सचिव व सह प्रभारी उत्तर प्रदेश धीरज गुर्जर (राज्यमंत्री-राजस्थान) उपस्थित रहे। धीरज गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि आजादी का संघर्ष ही कांग्रेस पार्टी का गौरवशाली इतिहास रहा है। अनेकों स्वाधीनता सेनानियों की शहादत के बाद हमें यह आजादी मिली है। उन्होंने कहा कि आजादी के 75वें वर्ष में कांग्रेस पार्टी प्रत्येक जिले में गौरव पदयात्रा निकाल रही है जो विभिन्न विधानसभाओं से गुजरते हुए प्रत्येक जिले में 75 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने कहा कि आजाद भारत के नागरिकों के लिए यह गौरव की बात है कि हम लोग आजादी की 75 वीं वर्ष गांठ मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी में अगस्त क्रांति का गहरा महत्व रहा है साथ ही साथ उन्होंने कहा कि कांग्रेस की यह गौरव यात्रा सीतापुर जनपद में जन जागरण का काम करते हुए लोगों को अतीत के सत्य से अवगत कराएगी। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में शहीद पार्क में शहीद स्मारक तथा शहीद स्तंभों पर सबसे पहले कांग्रेस के नेताओं व पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित किए। तत्पश्चात वंदे मातरम तथा भारत माता की जय के नारे लगाते हुए पदयात्रा की शुरुआत हुई। कांग्रेस की यह पदयात्रा शहीद पार्क से घंटाघर होते हुए जिला अस्पताल के सामने पहुंची तथा तदोपरांत जीआईसी चौराहा होते हुए कैप्टन मनोज पांडे चौक पहुंच कर सभी कांग्रेस पद यात्रियों ने कैप्टन मनोज पांडे शहीद स्मारक पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें नमन करते हुए कैप्टन मनोज पांडे अमर रहे के नारे लगाए। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सुबोध श्रीवास्तव, सचिवध्प्रभारी शाहनवाज मंगल, पूर्व विधायक हरीश बाजपेई, डॉ विजय नाथ अवस्थी, प्रदेश महासचिव शिव पांडे, प्रदेश सचिव बृजेश सिंह, शहर अध्यक्ष संतोष भार्गव, विनीत दीक्षित, आमोद मिश्र, राज किशोर सिंह, शिशिर बाजपेई, तारिक फारुकी, सुभाष राजवंशी, कमला रावत, चोक्ष विभु, कन्हैया मेहरोत्रा, संजय कुमार सनी, धीरेश कश्यप, डॉ0 ममता वर्मा, सुधीर पांडे, जावेद अख्तर, अमरकांत, लवकुश मिश्रा, संजीव नाथ गुप्त, बनवारी लाल कनौजिया, श्रेष्ठ कुमार तिवारी, पुष्पेंद्र सिंह चौहान, श्रीष शुक्ला, आशीष शुक्ल, राम लखन रावत, ध्रुव कुमार शुक्ला, अरविंद पांडे, शैलेंद्र त्रिपाठी, अजय कुमार, विनय यादव, मो0 शकील खान, बब्बू खान, हसीना खातून, नीलम बहेलिया, वीरेंद्र मिश्र नयन, पैकरमम बहेलिया, मुरालीलाल आदि उपस्थित रहे।

## मरीज की मौत के बाद अस्पताल में हंगामा

**बरेली** । इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मरीज की मौत के बाद घर वालों में डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामले को रफा-दफा कराया।कोतवाली थाना क्षेत्र में चौपला स्थित दीपमाला अस्पताल में आज सुबह बदायूं के कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव रमजानपुर निवासी इरशाद के बेटे सोहेल की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा काटा इरशाद ने बताया कि उसने अपने बेटे सोहेल को डेंगू की शिकायत होने पर इलाज के लिए दीपमाला अस्पताल में भर्ती कराया था जहां इलाज के दौरान उसके लगभग 6 लाख रुपए खर्च हो गए लेकिन उसके बेटे की हालत में सुधार नहीं हुआ तब उसने 3 दिन पूर्व डॉक्टर से अपने बेटे को किसी दूसरे अस्पताल रेफर करने को कहा लेकिन डॉक्टर ने बेटे को रेफर नहीं किया और आज सुबह अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई ।

## क्विक न्यूज

### बाइक फिसली, कांवड़िया घायल

**बरेली** । तेजी से जा रही मोटरसाइकिल अचानक बेकाबू होकर फिसल गई जिससे उस पर सवार कावड़िया गंभीर रूप से घायल हो गया दो अन्य को मामूली चोटें आई पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया ।कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला सिविल लाइंस बिहार पुर निवासी मनोज कुमार के बेटे राहुल को आज सुबह तड़के पुलिस ने घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां राहुल के घर वालों ने बताया कि राहुल अपने दो अन्य साथियों के साथ मोटरसाइकिल पर कछला से गंगाजल लेने के लिये घर से निकला था लेकिन जब वह भमोरा इलाके में पहुंचा तभी अचानक उसकी मोटरसाइकिल बेकाबू होकर सड़क पर फिसल गई जिससे बाइक चला रहा राहुल और उसके साथी सड़क पर गिर पड़े लेकिन उसके राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके दो अन्य साथियों को मामूली चोट आई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल राहुल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा ।

### पोस्ट वार्डन्स ने विभिन्न क्षेत्रों से आये कावड़ियों एवं श्रद्धालुओं के दर्शन में प्रशासन का सहयोग किया

**बरेली** । नागरिक सुरक्षा कोर , बरेली , प्रभाग- बारादरी , पोस्ट - जगतपुर के द्वारा श्रावण माह के चतुर्थ सोमवार पर श्री पशुपति नाथ मन्दिर , बरेली पर पोस्ट के वार्डन्स ने विभिन्न क्षेत्रों से आये कावड़ियों एवं श्रद्धालुओं को जलाभिषेक एवं दर्शन करवाने में पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग किया । शिविर में निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे वार्डन्स को देखते हुए एस पी सिटी बरेली रविन्द्र कुमार ने भूरि - भूरि प्रशंसा की एवं मन्दिर परिसर में ड्यूटी कर रहे समस्त वार्डन्स एवं पुलिस स्टाफको एस पी सिटी बरेली ने सूक्ष्म जलपान भी कराया और प्रभाग व पोस्ट के रजिस्टर को भी सीन किया । इसी क्रम में वार्डन पोस्ट जोगी नवादा के वार्डन्स भी श्री पशुपति नाथ मन्दिर , बरेली पर आये श्रद्धालुओं को कतारबद्ध दर्शन करवाने में पुलिस प्रशासन को सहयोग किया । शिविर में निम्नलिखित वार्डन्स जैसे डी 0 के 0 शर्मा पोस्ट वार्डन , जगदीश प्रसाद पोस्ट वार्डन , मोहम्मद सलीम खान डिप्टी पोस्ट वार्डन , ब्रजेश कुमार , संजीव कुमार शर्मा , मदन लाल प्रजापति , नक्षत्र पाल , हरिओम प्रताप सिंह , आकाश सिंह आदि समस्त वार्डन्स उपस्थित रहे एवं सहयोग किया ।

### मोहर्रम पर निकाला जुलूस, इमाम हुसैन को किया याद



**सीतापुर।** दस मोहर्रम यौमे आशूरा के मौके पर मियां गंज स्थित दारुल उलूम मोइनिया रहमानिया नूरी मस्जिद में जिक्रे शोहदाए कर्बला का आयोजन कर इमाम हुसैन को याद किया गया। मजलिस का आगाज तिलावते कुरआन से हाफिज कुर्बान अली ने किया व निजामत मौलवी इस्माईल कादरी ने की। मजलिस से खिताब करते हुए मौलाना अनवार हुसैन कादरी ने कहा कि कर्बला से हमें सब्र करते हुए हक पर डटे रहने का सबक मिलता है। क्यूंकि कर्बला के मैदान में नबी के नवासे इमाम हुसैन ने सब्र करते हुए अपने पूरे खानदान को कुर्बान कर दिया लेकिन सच का रास्ता नहीं छोड़ा। मजलिस में मौलाना कमरुल हसन, मौलाना फैजान हुसैन, मौलाना जीशान शकाफी ने भी खिताब किया। हाफिज कमालुद्दीन बरकाती, हाफिज कुर्बान, कफील बिस्वानी ने मनकबत पढ़कर खिराजे अकीदत पेश की। मजलिस के बाद स्थानीय लोगों ने शबील लगाकर शर्बत बांटा। इस मौके पर तबस्सुम हुसैन कादरी, सय्यद हुसैन कादरी, महबूब अली, शाहबाज हुसैन, सलमान रजा, नूरुद्दीन अंसारी मौजूद थे।

### भाजायूमो ने निकाली तिरंगा यात्रा

**संडीला(हरदोई)।** भाजायूमो ने तिरंगा रैली निकालकर देश की आन, बान और शान को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लिया। इस तिरंगा यात्रा का आयोजन शीतला मंदिर से किया गया। यहां एसडीएम डीपी सिंह, कोतवाल दिलेश कुमार सिंह, कार्यवाहन ईओ सुनील यादव ने इस तिरंगा यात्रा को रवाना किया। यह तिरंगा यात्रा मंगल बाजार होते हुए नगर के मुख्यमार्ग पहुंची। जहां से यह इमलियाबाग गई। इमलियाबाग से यह यात्रा पुनः वापस हुई और अमर जवान चौराहे पर पहुंची जहां क्षेत्रीय विधायक अलका अर्कवंशी ने इस तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर विधायक अलका अर्कवंशी ने कहा की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर सारा देश देश के लिए बलिदान करने वाले महापुरुषों को याद कर रहा है।

## प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी संस्था ने जेल के बंदियों को बांधी राखियां

- 1985 बंदियों-कैदियों से भविष्य में अच्छे आचरण का लिया संकल्प
- 12 अगस्त को रक्षाबंधन में पहली बार की जाएगी अलग व्यवस्था

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर जिला** कारागार में यूं तो 12 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा, लेकिन रक्षाबंधन पर्व की धूम बंदियों और कैदियों में अभी से देखने को मिल रही है, पहली बार ऐसा होना जा रहा है कि सलाखों के पीछे बंद बंदियों और कैदियों की कलाईयों पर राखी बांधने आने वाली बहनों के लिए जेल प्रशासन खास इतजामात करने जा रहा है, इससे पहले ही जेल में रक्षाबंधन के पर्व की खुशियां उस समय दोगुनी हो गई जब जेल में बंद 1985 बंदियों-कैदियों की कलाईयों पर प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी संस्था से जुड़ी बहनो ने राखी बांधकर उनके द्वारा भविष्य में अच्छे आचरण का संकल्प लिया गया। कैदियों और बंदियों कलाईयों पर प्रजापति ब्रम्हाकुमारी संस्था से जुड़ी बहनों ने जैसे ही राखी बांधी कि उनके चेहरे पर खुशी के भाव देखते ही बन रहे थे। संस्था की बहन कुमारी योगेश्वरी के नेतृत्व में जेल में रक्षाबंधन का पर्व 8 दिन पहले ही मनाया गया। अब 12 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व के दिन पहली बार जेल प्रशासन जेल परिसर में पांडाल के नीचे बहनो के बैठने की व्यवस्था कर रहा है, साथ ही जेल के अंदर भाईयों को राखी बांधने के बाद बहनो के लिए जलपान की भी व्यवस्था की जा रही है। दरअसल पिछले दिनों कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने डीजी जेल को पत्र लिखकर रक्षाबंधन पर्व पर बहनो को तोहफा देने के लिए निर्देश दिए थे। जिसके अनुपालन में सीतापुर जेल प्रशासन ने कारागार राज्यमंत्री के गृह जिले में खास व्यवस्था करने की तैयारी की है।

## हर घर में फहराया जाए देश का राष्ट्रीय ध्वज

**बरेली** । मोहर्रम में हजरत इमाम हुसैन आलीमुकाम की शहादत पर निकले जुलूस में खन्नू मोहल्ले में लँगर किया गया,जुलूस के साथ चल रहे खानकाहे नियाजिया के प्रबंधक हजरत शब्बू मियाँ नियाजी का जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खान वारसी ने इस्तकबाल किया और लँगर किया । इसी कड़ी में यौमे अशरा के मौके पर निकले जुलूस में लोगों को तिरंगा झण्डा देकर घर घर में तिरंगा लगाने की अपील की।जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खान वारसी ने कहा कि हमारे क्रांतिकारियों ने अंग्रेजों के खिलाफ बिगुल फूंका,9 अगस्त को भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हो चुका था जिसकी शुरुआत अहिंसावादी महात्मा गांधी ने की। अंग्रेजों भारत छोड़ो,देश की आजादी में हमारे देश के क्रांतिकारी बड़ी संख्या में शहीद हुए है ।उनकी याद में हर घर तिरंगा फहराया जाएं । ,75 वें आजादी अमृत महोत्सव में हर घर तिरंगा को लेकर समाजसेवियों ने झण्डे वितरित कर आजादी अमृत महोत्सव मनाने का आह्वान किया।

## आजादी के जश्न में डूबे सीतापुर जिला जेल में बंद कैदी........

# हर घर तिरंगा अभियान: जिला जेल में तैयार हो रहे तिरंगे झंडे

- महिला-पुरूष बंदी तिरंगा झंडे की कर रहे सिलाई
- बंदियों का सिला तिरंगा झंडा फहरेगा न्यायिक अधिकारियों के आवासों पर
- जिला जेल के गेट को तिरंगे रंग में जा रहा रंगा



संवाददाता। सीतापुर

**आजादी के** 75 साल पूरे होने पर मनाए जा रहे अमृत महोत्सव में इस बार हर घर तिरंगा के जश्न में सीतापुर डूबने लगा है, लेकिन हर घर तिरंगा का जश्न सीतापुर की जेल में इसलिए खास है क्योंकि यहां फहरने वाले तिरंगा झंडा सीतापुर की जेल में ही सिला गया है। इसकी सिलाई महिला और पुरूष बंदियों ने की है, सीतापुर जिला कारागार में बंदियों-कैदियों द्वारा सिले गए तिरंगा झंडे न्यायिक अधिकारियों के आवासों पर भी फहरेगें। सीतापुर जिला कारागार में इस समय करीब 2 हजार बंदी निरूद्ध है। कारागार में करीब एक दर्जन के आसपास महिला और पुरूष बंदियों द्वारा तिरंगे की सिलाई की जा रही है, इतना ही नहीं जिला जेल के गेटों को तिरंगा रंग में रंगने लगे है। यह रंग रोगन भी बंदी ही कर रहे है। जिला कारागार की दीवारों पर हर महापुरूष के चित्रों को बंदियों ने ही बनाए हुए है, आजादी के अमृत महोत्सव का शुरूर जेल में देखते ही बन रहा है, सीतापुर जिला कारागार में हर घर तिरंगा जश्न की क्या तैयारियां चल रही है।

# कर्बला में आई बहिया, कैसे दफनायें ताजिया

- पानी छोड़े जाने से चारों तरफ भरा बाढ़ का पानी
- प्रशासन ने मिट्टी डलवाकर बनाया रास्ता
- ताजियादारों को हो रही परेशानी
- मोहममदी में की गई जबरदस्त मातमदारी

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी





**10वीं मोहर्रम के** रोज ताजियादारों का गम और बढ़ गया। पानी छोड़ दिये जाने के चलते बाढ़ का पानी कर्बला के आस-पास भी भर गया। छोटे ताजियों को लेकर ताजियेदारों को पानी में उतरना पड़ा। प्रशासन को भी समझ नहीं आ रहा था कि आखिर करें तो करें क्या। फिर आवागमन के रास्ते पर मिट्टी डलवाकर निकलने की व्यवस्था की। वहीं कर्बला के पास स्थित पुलिया पर पानी चलने से पुलिया पार के गांव के ताजियेदारों को खासी परेशानी पेश आई।

10वीं मोहर्रम को लेकर ताजियेदारों ने हर साल की तरह खास व्यवस्था की थी। लेकिन इस बार गमगीन ताजियादारों का गम उस वक्त और बढ़ गया जब उन्हें पता चला कि पानी छोड़े जाने के चलते कर्बला के आस-पास पानी भर गया है। हालांकि तयशुदा वक्त पर ताजियेदारों ने ताजिये निकाले। मातम करते हुये कर्बला मार्ग पर पहुंचे। वहां पानी भरा देख सबका गम और बढ़ गया। जो लोग छोटे ताजिये लेकर पहुंचे थे वह भरे पानी में उतरकर कर्बला तक पहुंचे मगर जब ताजियेदारों की भीड़ बढ़ने लगी तो लोगों ने प्रशासन से शिकायत की। प्रशासन ने मौके पर लेखपाल को भेजा। लेखपाल ने कर्बला तक जाने वाले मार्ग पर आनन-फानन मिट्टी पटान करवाया। जिसके बाद लोग धंसती मिट्टी में भी निकलकर ताजिया दफनाने कर्बला पहुंचे। इस दौरान सबसे ज्यादा दिक्कत नदी पार गांव के लोगों को हुई। कर्बला के पास बने रपटा पुल के ऊपर से पानी चल रहा था। ऐसे में लोगों कर्बला तक पहुंचने में बहुत दिक्कत हुई। किसी भी अप्रिय स्थिति से निबटने को प्रशासन तैयार रहा।

## तिकुनियां पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**पुलिस अधीक्षक** संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत नौ अगस्त को थाना तिकुनिया पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 199/22 धारा 363, 366, 376 भादवि व पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त ऋषभ पुत्र बृजेश निवासी मूड़ाबुजुर्ग थाना भीरा जनपद खीरी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना तिकुनियां राजू राव, कांस्टेबल राजकुमार, कांस्टेबल शिवकुमार व महिला कांस्टेबल वैष्णवी वर्मा शामिल रहे।

# सपा ने की हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत

- जिलाध्यक्ष ने मजदूर नेता के घर फहराया तिरंगा

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी




**स्वतंत्रता दिवस** की 75वीं वर्षगाँठ से पूर्व समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर 9 अगस्त क्रांति दिवस से 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक हर घर तिरंगा हर गाँव तिरंगा अभियान की शुरुआत सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल ने ग्राम छाउछ में मजदूर नेता सुरेंद्र कुमार एडवोकेट के घर पर तिरंगा फहरा कर की।

उन्होंने ने कहा कि 9 अगस्त 1942 से गांधी जी ने अंग्रेजों भारत छोड़ो की ललकार के साथ करो या मरो का मंत्र दिया था। अंग्रेजो के दमन चक्र के मुकाबले तब समाजवादियो ने आंदोलन की कमान संभाली। जय प्रकाश नारायण, डा. लोहिया, अरुणा आसिफ अली आदि ने जागरुकता फैलाने का काम किया।
अगस्त क्रांति के चलते ही 15 अगस्त 1947 को आजादी मिली। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार एडवोकेट, अम्बिका वर्मा, सोनू प्रजापति, जगदीश वर्मा, तकदीर गुप्ता, राजकुमार वर्मा, पंकज कुमार, अंकुश सिंह, सोनू वर्मा व राजू सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष

## नीतीश राजग...

एमएलए हैं। नीतीश को पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी की पार्टी हिंदुस्तान अवाम मोर्चा के साथ-साथ निर्दलीय विधायक का भी समर्थन प्राप्त है। कांग्रेस के पास 19, सीपीआईएम(एल) 12 तथा सीपीआई व सीपीआई(एम) के दो-दो विधायक हैं। एक एमएलए असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम का है। भाजपा और जदयू के बीच कई महीनों से संबंधों में खटास बढ़ रही थी। इसलिए मंगलवार को दोनों की राहें अलग होने से कोई चौंकने वाली बात नहीं है। जदयू के कई विधायकों ने नीतीश कुमार को बताया कि उन्हें पार्टी से अलग होने के लिए मोटी रकम का लालच दिया गया है। इसके बाद नीतीश ने आनन-फानन में अलग राह चलने का फैसला ले लिया। बिहार की राजनीति में इकलौती पड़ी भाजपा के पास 77 विधायक हैं। बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय जायसवाल ने जद (यू) नेता नीतीश कुमार पर 2020 के विधानसभा चुनावों के जनादेश के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया और दावा किया कि कुमार को इसके लिए बिहार की जनता सजा देगी। कुमार का यह कदम 2017 में जो हुआ था, उसका उलटा है जब वह महागठबंधन का साथ छोड़कर राजग में फिर से शामिल हो गए थे। कुमार ने सहयोगी भाजपा का साथ नौ साल में दूसरी बार छोड़ा है। जद(यू) की बैठक के बाद कुमार अपना इस्तीफा सौंपने के लिए राजभवन गए। उक्त बैठक में सहयोगी भाजपा पर पीठ में छुरा घोंपने का आरोप लगाया गया। कुमार वहां से अपने आवास पर लौट आए, वह रास्ते में पत्रकारों को यह सूचित करने के लिए थोड़ी देर के लिए रुके कि पार्टी की बैठक में यह तय किया गया है कि हम राजग छोड़ दें। इसलिए मैंने राजग सरकार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके तुरंत बाद, कुमार सड़क के उस पार स्थित पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास गए, जहां राजद, कांग्रेस और वाम दलों सहित महागठबंधन के सभी नेता एकत्र हुए थे। कुमार के साथ जद(यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन भी थे। राबड़ी देवी के आवास पर कुमार लगभग आधा घंटा रुके। वह विपक्ष के नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ लौटे, जिनके पास कुमार के लिए समर्थन पत्र था। लगभग 15 मिनट बाद, कुमार ने नई सरकार बनाने के लिए दावा पेश करने के वास्ते राज्यपाल से फिर से मुलाकात की। इस बार यादव और जद (यू) के वरिष्ठ सहयोगियों के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी भी उनके साथ थे। मांझी के हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के चार विधायकों ने नई सरकार बनाने के लिए बिना शर्त समर्थन व्यक्त किया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश देश के सबसे अनुभवी मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने एक साहसिक कदम उठाया है। इससे पहले दिन में, जब जद (यू) की एक बैठक चल रही थी, वरिष्ठ नेता उपेंद्र कुशवाहा ने एक ट्वीट में कुमार को नए रूप में नए गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए बधाई दी। राजग से अलग होकर फिर महागठबंधन में शामिल होने से प्रबल संभावना है कि साल 2024 लोकसभा चुनाव की बिसात बिछाई जा रही हो।

## नीतीश ने...

अपमान किया है। पासवान ने बिहार में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने और नए सिरे से चुनाव कराए जाने की मांग की। बिहार में नीतीश के इस्तीफे के बाद तेज हुई राजनीतिक हलचल के बीच चिराग भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में आ गए और कहा कि भगवा दल ने वह सब स्वीकार किया जो मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार चाहते थे। उन्होंने कहा कि यहां तक कि भाजपा ने उनके लिए अपनी नीतियों तक से समझौता किया। चिराग ने यहां पत्रकारों से चर्चा में कहा, नीतीश कुमार ने एक बार फिर जनादेश का अपमान किया है। उन्होंने अपनी विश्वसनीयता खो दी है...यह मजाक है क्या? एक बार आप किसी के साथ सरकार बनाते हो और दूसरी बार किसी और के साथ। उन्होंने कहा, मैं राज्यपाल से आग्रह करूंगा कि वह राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने की अनुशंसा करें। नए जनादेश के लिए विधानसभा चुनाव कराया जाना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि ताजा राजनीतिक परिस्थितियों में उनकी क्या भूमिका होगी, चिराग ने कहा, इस बारे में मैंने कोई फैसला नहीं किया है।

## बिहार में...

साबित होगा। 2019 के चुनाव में भाजपा और जदयू गठबंधन ने 40 में से 39 सीटों पर जीत दर्ज की थी। बिहार में टूट से जहां राजग का एक और बड़ा सहयोगी उससे अलग हो गया, वहीं विभिन्न विचारधाराओं की पार्टियों को साथ लेकर चलने की उसकी साख को भी धक्का लगा है। इसके अलावा सर्वसम्मति से गठबंधन के साथ केंद्र और राज्यों में सरकार चलाने की उसकी क्षमता पर भी सवाल उठेंगे। हाल ही में अकाली दल (पंजाब), राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (राजस्थान) तथा शिवसेना (महाराष्ट्र) के बाद जदयू राजग से अलग होने वाली 20वीं पार्टी है। राजग के घटते सहयोगियों की भाजपा अनदेखी नहीं कर सकती। महाराष्ट्र में भाजपा के तख्तापलट के बाद भाजपा के साथ गठबंधन करने वाली क्षेत्रीय पार्टियां अब असहज महसूस करने लगी हैं।

## राजग के...

की और इसे बकवास बताया।

- भाजपा द्वारा गढ़ी गई शासन की बुलडोजर संस्कृति को लेकर भी जदयू और भाजपा के बीच वाकयुद्ध छिड़ गया।
- नीतीश कुमार ने बिहार में विवादास्पद राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के कार्यान्वयन पर भी हामी नहीं भरी।
- नीतीश कुमार ने जिस तरह से चिराग पासवान का कथित तौर पर 2020 के राज्य चुनावों में उनकी पार्टी की संभावनाओं को खत्म करने के लिए इस्तेमाल किया गया, उससे भी खासे नाराज थे। नीतीश का मानना? था कि चिराग को भाजपा नेतृत्व का मौन समर्थन प्राप्त था।
- प्रतिरोध की इस लंबी श्रृंखला में नीतीश कुमार हाल ही में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बुलाई गई सभी मुख्यमंत्रियों की बैठक में भी शामिल नहीं हुए। उसके बाद, उन्हें निवर्तमान राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के लिए पीएम द्वारा आयोजित विदाई भोज में आमंत्रित किया गया, लेकिन वह उसमें भी नहीं गए। उन्होंने पिछले सप्ताहांत में मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की संचालन परिषद की बैठक में भी हिस्सा नहीं लिया।

## नोएडा में...

कहा, श्रीकांत त्यागी ने पूछताछ में बताया कि गाड़ी पर लगे विधानसभा के स्टिकर पूर्व मंत्री और समाजवादी पार्टी नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने दिलवाए थे। आरोपी पुलिस से बचने के लिए मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बागपत में घूमता रहा। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि घटना के बाद खुद को बचाने के लिए वह उत्तर प्रदेश से बाहर भी भाग गया था, लेकिन पुलिस टीमें ह्यूमन इंटेलिजेंस, टेक्निकल सर्विलांस और अन्य माध्यमों से उसका पीछा करती रहीं और सुबह उसे मेरठ में पकड़ लिया गया। इससे पहले वह ऋषिकेश से सहारनपुर होते हुए मेरठ वापस आया था। आरोपी लगातार अपनी मोबाइल डिवाइस बदलता रहा। कैमरों की फुटेज से श्रीकांत को पकड़ने में महत्वपूर्ण मदद मिली। पुलिस कमिश्नर ने बताया, आरोपी लग्जरी गाड़ियों पर वीवीआईपी नंबर रखने का शौकीन है। ऐसे सभी नंबर पाने के लिए इसने एक.एक लाख रुपए तक खर्च किए हैं। गाजियाबाद पुलिस से श्रीकांत त्यागी को कैसे सुरक्षा मिली, इस पर शासन स्तर से जांच चल रही है। कमिश्नर आलोक सिंह ने कहा कि उस पर गैंगस्टर एक्ट लगेगा। संपत्ति भी जब्त होगी। भाजपा सांसद महेश शर्मा ने कहा, हमें मुख्यमंत्री पर पूरा विश्वास था। जिस तरह से एक्शन हुआ है, उससे कानून व्यवस्था पर विश्वास बढ़ा है। श्रीकांत की गिरफ्तारी पर उसकी बहन ने कहा हम गिरफ्तारी से खुश हैं। घर का बच्चा सुरक्षित है। पिछले चार दिनों से वे फरार चल रहे थे। मन में कई आशंकाएं चल रही थीं कि कहीं कुछ हो न हो। श्रीकांत के गुस्सैल स्वभाव उदाहरण उस समय मिला जब पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह उसकी गिरफ्तारी की प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। दरअसल मीडिया के सामने जब पुलिस ने श्रीकांत को पेश किया, तब उसने मास्क से अपने मुंह को ढक रखा था। कमिश्नर ने एक पुलिसकर्मी को इशारा कर उसका मास्क हटाने को कहा। जैसे ही पुलिसकर्मी ने उसका मास्क हटाने की कोशिश की, वैसे ही श्रीकांत ने उसे मना कर अपने आप मास्क हटाया और तुरंत लगा भी लिया।

## महाराष्ट्र मंत्रिमंडल...

साल होने हैं। नए मंत्रियों में शिंदे समूह के विधायक संजय राठौड़ शामिल हैं जो उद्धव ठाकरे की सरकार में वन मंत्री थे तथा भाजपा द्वारा एक महिला की आत्महत्या के लिए आरोप लगाए जाने के बाद उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा वाग ने राठौड़ को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने का विरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि महिला की मौत के लिए जिम्मेदार पूर्व मंत्री संजय राठौड़ को फिर से मंत्री पद दिया गया है। मैं राठौड़ के फिर से मंत्री बनने के बावजूद उनके खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखूंगी।

# मोदी जैसा नेता मिलना नामुमकिनः पारस

## कहा, भाजपा के सहयोगी बने रहेंगे

**भाषा।** नई दिल्ली



**बिहार में** सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन (राजग) में उथल-पुथल के बीच, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के नेता और केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने मंगलवार को जोर दिया कि उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ रहेगी क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा दूसरा नेता मिलना नामुमकिन है।

पारस ने अपनी पार्टी के संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद कहा,हमारी पार्टी 100 प्रतिशत भाजपा के साथ है।बैठक में भाजपा को समर्थन देने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के संस्थापक और दिग्गज दलित नेता रामविलास पासवान के नेतृत्व में 2014 में भाजपा के साथ गठबंधन करने का फैसला किया गया था और उनकी पार्टी उस फैसले पर कायम रहेगी। रामविलास पासवान के छोटे भाई पारस पासवान का यह निर्णय अहम है क्योंकि उन्होंने चिराग पासवान के नेतृत्व के खिलाफ लोजपा का विभाजन किया था और उन्हें (पारस को) बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जद (यू) का समर्थन प्राप्त था। कुमार 2020 के विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी के खिलाफ उम्मीदवार उतारने के चिराग पासवान के फैसले से नाखुश थे। पारस ने कहा, मोदी जैसा नेता मिलना नामुमकिन है। वह देश की जरूरत हैं। मैं जब तक राजनीति करूंगा, मैं राजग में रहूंगा। लोकसभा में उनकी पार्टी के पांच सदस्य हैं।

# महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व मिलेगाः फडणवीस

**भाषा।** पुणे

**महाराष्ट्र के** उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि राज्य मंत्रिमंडल में महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को अपने दो सदस्ईय मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए उसमें 18 मंत्रियों को जगह दी। इनमें शिवसेना के बागी समूह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नौ-नौ मंत्री शामिल हैं। मंत्रिमंडल में किसी महिला को जगह नहीं दी गई है, जिसकी महिला अधिकार कार्यकर्ता और राजनेता आलोचना कर रहे हैं। पुणे में एक कार्यक्रम के इतर फडणवीस ने कहा, नवगठित मंत्रिमंडल में किसी महिला मंत्री को शामिल न किए जाने के मुद्दे को जल्द संबोधित किया जाएगा। हमारे मंत्रिमंडल में महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य की पिछली महा विकास अघाडी (एमवीए) सरकार में भी शुरुआत में महज पांच मंत्री थे और इनमें कोई महिला शामिल नहीं थी, लिहाजा उन्हें अब टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। एमवीए सरकार के घटक दलों में शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस शामिल थे। शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए फडणवीस ने कहा, एक ऐसी पार्टी, जिसके दो पूर्व मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं, उसे हमारे मंत्रिमंडल पर उंगली उठाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। राकांपा ने मंगलवार को शपथ लेने वाले मंत्रियों के नामों की सूची सोशल मीडिया पर साझा कर उनके कथित भ्रष्टाचार को रेखांकित किया था। राकांपा के पूर्व मंत्री अनिल देशमुख और नवाब मलिक धनशोधन से जुड़े अलग-अलग मामलों में प्रवर्थन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से जेल में हैं। नए मंत्रिमंडल में संजय राठौड़ को शामिल किए जाने के सवाल पर फडणवीस ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पहले ही इस मुद्दे पर हमारा रुख स्पष्ट कर दिया है और अब टिप्पणी करने की कोई जरूरत नहीं है।



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलते पांडचेरी के मुख्यमंत्री एन . रंगास्वामी

# केंद्रीय मंत्री चौबे ने नीतीश को अवसरवादी बताया

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय मंत्री** और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अश्विनी चौबे ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से अलग होने के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने पर नीतीश कुमार को अवसरवादी करार दिया और कहा कि बिहार को धोखा देने वाले उसके विकास की राह में रोड़े अटकाना चाहते हैं। बिहार भाजपा की कोर ग्रुप की बैठक में हिस्सा लेने के लिए पटना रवाना होने से पहले हवाईअड्डे पर एक समाचार चैनल से बातचीत में चौबे ने कहा, भाजपा किसी को दबाती नहीं है और ना ही किसी को धोखा देती है। बिहार के साथ धोखा करने वाले उसके विकास की राह में रोड़े अटकाना चाहते हैं। अटल बिहारी वाजपेई से लेकर नरेंद्र मोदी तक की सरकार के दौरान हमारी प्रतिबद्धता बिहार के विकास की रही है। उन्होंने कहा, कम सीटें जीतने के बावजूद हमने उन्हें (नीतीश को) मुख्यमंत्री बनाया। उन्होंने दूसरी बार बिहार की जनता के साथ धोखा किया है। उन्हें घमंड हो गया है। राष्ट्रीय जनता दल के साथ बिहार में सरकार बनाने की नीतीश कुमार की पहल के बारे में पूछे जाने पर चौबे ने कहा, विनाश काले, विपरीत बुद्धि। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त ना करने का उनका दावा कहां गया? वह अवसरवादी हैं, अवसरों की तलाश में रहते हैं। यह मेरा निजी विचार है। नीतीश कुमार ने मंगलवार को राज्यपाल फागू चौहान से मुलाकात की और मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।कुमार ने कहा कि राजग से संबंध समाप्त करने का निर्णय उनकी पार्टी जनता दल(यूनाइटेड) ने लिया है।इस्तीफे के बाद कुमार पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास गए और राजद नेता तेजस्वी यादव से मुलाकात की।

# प्रधानमंत्री मोदी बड़े नाटककारः सिद्धरमैया

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने नेशनल हेराल्ड मामले में अपनी पार्टी के नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि देश में एक अघोषित आपातकाल है

**भाषा।** बेंगलुरु



**कांग्रेस की** कर्नाटक इकाई के वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को उच्च जातियों का संघ करार देते हुए मंगलवार को केंद्र सरकार के हर घर तिरंगा अभियान को नाटक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बड़ा नाटककार बताया। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आरएसएस के योगदान पर सवाल उठाया तथा आरोप लगाया कि उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रगान और संविधान का विरोध किया है। उन्होंने कहा, वे (भाजपा-आरएसएस) देशभक्त कैसे हो सकते हैं? सिद्धरमैया ने कहा, "मैं शुरू से ही आरएसएस का विरोध करता रहा हूं क्योंकि यह सिर्फ उंची जातियों का संघ है, यही कारण है कि वे चतुर्वर्ण व्यवस्था (जाति व्यवस्था) में विश्वास करते हैं। चतुर्वर्ण व्यवस्था उच्च जातियों के वर्चस्व में विश्वास करती है, अगर यह व्यवस्था जारी रहती है तो असमानता होगी जो शोषण का कारण बन सकती है"।

विधानसभा में विपक्ष के नेता ने भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ मनाने के लिए यहां कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में दावा किया कि संघ परिवार के आरएसएस, भाजपा, हिंदू महासभा, हिंदू जागरण वैदिक और बजरंग दल जैसे सभी संगठन इस तरह की जाति व्यवस्था तथा विचारधारा में विश्वास करते हैं। भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान को नाटक करार देते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि "उनके (भाजपा) वैचारिक नेताओं जैसे वी डी सावरकर, एम एस गोलवलकर और आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गेनाइज़र ने राष्ट्रीय तिरंगे का विरोध किया था। हमें उन्हें बेनकाब करना चाहिए"। सिद्धरमैया ने आरोप लगाया कि लगभग 52 वर्षों तक महाराष्ट्र के नागपुर स्थित आरएसएस मुख्यालय पर राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराया गया। उन्होंने कहा, यह उनका (भाजपा, आरएसएस) पूरी तरह नाटक है, मोदी एक बड़े नाटककार हैं...हमें इन नकली देशभक्तों को बेनकाब करना चाहिए, केवल कांग्रेस में नैतिकता है...हमें लोगों को सूचित करना चाहिए तथा उन्हें जागरूक करना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने नेशनल हेराल्ड मामले में अपनी पार्टी के नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्वाई का जिक्र करते हुए कहा कि देश में एक अघोषित आपातकाल है। कांग्रेस की कर्नाटक इकाई ने 15 अगस्त को सांगोली रायन्ना सर्कल से नेशनल कॉलेज ग्राउंड बसवनगुडी तक तिरंगा लेकर बड़ा पैदल मार्च निकालने का फैसला किया है। पार्टी ने कहा कि इस मार्च में कम से कम एक लाख लोगों के शामिल होने की संभावना है। इसने कहा कि पूरे राज्य में इस तरह के कार्यक्रम किए जाएंगे।

## क्विक न्यूज

### एटीएसयूएम के पांच नेता रिहा, मोबाइल सेवाएं बहाल

**इम्फाल।** सरकार और जनजातीय छात्रों के तीन निकायों के बीच एक समझौता पर हस्ताक्षर होने के बाद ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर (एटीएसयूएम) के सभी पांच नेताओं को रिहा कर दिया गया है जो न्यायिक हिरासत में थे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही राज्य में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को तत्काल प्रभाव से बहाल कर दिया गया है। सरकार ने तनावपूर्ण सांप्रदायिक स्थिति और कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए शनिवार देर शाम मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को निलंबित कर दिया था।अधिकारियों ने बताया कि इम्फाल पश्चिम के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा एक आदेश जारी करने के बाद एटीएसयूएम नेताओं को सोमवार देर रात सजीवा जेल से रिहा कर दिया गया। इन नेताओं को एक सप्ताह पहले राज्य में आर्थिक नाकेबंदी की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। सोमवार की शाम एटीएसयूएम, ऑल नगा स्टूडेंट एसोसिएशन और कुकी स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन के प्रतिनिधियो ने सरकार के साथ तीन सूत्री समझौता पर हस्ताक्षर किए।सरकार की ओर से राज्य के जनजातीय मामलों के मंत्री लेतपाओ हाओकिप और हिल्स एरिया कमेटी के अध्यक्ष डी गंगमेई ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

### देश में विपक्ष केवल भाजपा ही नहीं, अधिनायकवादी सरकार के खिलाफ भी खड़ा हैः महबूबा

**श्रीनगर।** पीपुल्स डोमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि देश में विपक्षी दल केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ही नही, उस अधिनायकवादी सरकार के खिलाफ भी खड़ा है जो विपक्ष मुक्त भारत सुनिश्चित करने के लिए राज्य संस्थानों को हथियार बना रही है। महबूबा ने ट्वीट किया, नीतीश कुमार और विपक्षी दल खुद को जिस स्थिति में पाते है, वह सिर्फ इसलिए नही है कि वे भाजपा का सामना कर रहे हैं। इसके बजाय वे एक अधिनायकवादी सरकार की ताकत का सामना कर रहे है, जो हर एजेंसी को हथियार बना रही है चाहे वह राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) हो या कोई अन्य एजेंसी हो, ताकि विपक्ष मुक्त भारत की स्थिति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में नुकसान केवल राजनीतिक दलों तक ही सीमित नही है। यह बहुत बुरा है, क्योंकि राज्य को असंवैधानिक रूप से कुचलकर अधिकारहीन कर दिया गया है।

### अरुणाचल प्रदेश में संदिग्ध उग्रवादियों की गोलीबारी में असम राइफल्स का अधिकारी घायल

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में भारत-म्यांमा सीमा पर संदिग्ध उग्रवादियों ने मंगलवार तड़के असफ राइफल्स के जवानो पर गोलियां चलाई, जिसमे अर्द्धसैन्य बल का एक अधिकारी घायल हो गया। तेजपुर में रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल ए. एस. वालिया ने बताया कि यह घटना पांगसाउ दर्रे के समीप तड़के 3:15 बजे घटी जब उग्रवादियों ने असम राइफल्स के गश्ती दल पर गोलियां चला दी।उन्होंने कहा, तिरप और चांगलांग जिले के सामान्य क्षेत्र मे तड़के भारत-म्यांमा सीमा पर उग्रवादियों ने असम राइफल्स के जवानों पर गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि असम राइफल्स के जवान स्वतंत्रता दिवस के लिए चौकसी बढ़ाए जाने के मद्देनजर गश्त कर रहे थे। रक्षा प्रवक्ता ने कहा, एक जूनियर कमीशन्ड अधिकारी को हाथ में चोट लगी। चांगलांग के पुलिस अधीक्षक मिहिन गंबो ने कहा कि इस घटना में नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड-के-यांग आंग (एनएससीएन-केवाईए) और उल्फा (आई) के संदिग्ध उग्रवादी शामिल थे। उन्होने कहा, उग्रवादियो ने सीमा पर म्यांमा की तरफ से जवानो पर गोलीबारी की और सुरक्षाकर्मियो पर हमले के बाद वे तुरंत मौके से फरार हो गए। असम राइफल्स के जवानों और जिला पुलिसकर्मियो ने इलाके मे तत्काल बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। यह घटना स्वतंत्रता दिवस समारोहों के दौरान उग्रवादी समूहों की माहौल खराब करने की साजिश की खबरों पर असम के तिनसुकिया और डिब्रूगढ़ जिलों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम के बीच की गई है। उक्त दोनो संगठनो ने हाल मे संयुक्त रूप से स्वतंत्रता दिवस समारोहो का बहिष्कार करने का आह्वान किया था।

### कर्नाटक के राज्यपाल स्वतंत्रता सेनानियों के घर गए,उन्हें सम्मानित किया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत मंगलवार को तीन स्वतंत्रता सेनानियों के घर गए और भारत छोड़ो आंदोलन की 80वीं वर्षगांठ तथा आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर उन्हे सम्मानित किया।राज्यपाल के साथ प्रदेश के राजस्व मंत्री आर अशोक एवं उच्च शिक्षा मंत्री अश्वथ नारायण भी मौजूद थे। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि गहलोत इससे पहले दिन में स्वतंत्रता सेनानी आर नारायणप्पा के आवास पर गए और उन्हें सम्मानित किया और इसके बाद उन्होने शंकरनारायण राव से मुलाकात की।



कोच्चि में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर झंडा तैयार करते लोग

# विवादों में रहे तीन विधायक शिंदे मंत्रिमंडल में शामिल

## जब एकनाथ शिंदे ने शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ जून में बगावत की तो राठौड़ भी उनके साथ आ गए

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र में** मंत्रिमंडल विस्तार में मंगलवार को शपथ लेने वाले 18 में से तीन मंत्रियों का नाता विवादों से रहा है। नव नियुक्त मंत्री संजय राठौड़ उद्धव ठाकरे नीत सरकार में भी मंत्री थे और पुणे में एक महिला की मौत के मामले में उनका नाम सामने आने के बाद उन्हें पिछले साल मंत्रिमंडल से इस्तीफा देना पड़ा था। जब एकनाथ शिंदे ने शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ जून में बगावत की तो राठौड़ भी उनके साथ आ गए। मुख्यमंत्री शिंदे ने मंगलवार को कहा कि पुलिस ने राठौड़ को क्लीन चिट दी है, इसलिए ही उन्हें राज्य मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा वाघ ने राठौड़ को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि वह महिला की मौत के लिए कथित रूप से जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा, भले ही उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाया गया हो, लेकिन मैं उनके खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखूंगी। मुझे न्यायपालिका पर पूरा यकीन है। हम लड़ेंगे और जीतेंगे। दूसरे नव नियुक्त मंत्री और शिवसेना के बागी अब्दुल सत्तार हैं। वह सोमवार को विवाद के केंद्र में तब आ गए जब उनकी तीन बेटियों और एक बेटे का नाम 7880 अभ्यर्थियों की उस सूची में शामिल है जिन्हें शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2019-2020 में कथित गड़बड़ी करने के सिलसिले में अयोग्य घोषित किया गया है, और प्रतिबंधित कर दिया गया है। सत्तार पहले कांग्रेस में थे और 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले वह शिवसेना में शामिल हो गए थे। वह भी जून में शिंदे के गुट में शामिल हो गए। टीईटी विवाद पर, सत्तार ने सोमवार को आरोप लगाया था कि यह राजनीतिक साज़िश है और महाराष्ट्र मंत्रिमंडल के विस्तार से एक दिन पहले सूची के सामने पर सवाल खड़े किए थे। इसके अलावा तीसरे नव नियुक्त मंत्री एवं भाजपा नेता विजय कुमार गावित हैं जिन्हें पांच साल पहले जनजाति विकास विभाग में भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं का दोषी पाया गया था। 2004-2009 के दौरान उनके पास इस विभाग का जिम्मा था। गावित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में थे और कांग्रेस-राकांपा सरकार में मंत्री थे। बाद में वह भाजपा में शामिल हो गए और 2014 और 2019 में विधानसभा चुनाव जीता।

# सांसदों के अनुरोध पर तय समय से पूर्व स्थगित किया गया सत्र : जोशी

**भाषा।** नई दिल्ली

**संसदीय कार्य** मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि संसद का मानसून सत्र चार नहीं बल्कि दो दिन पहले स्थगित किया गया और यह निर्णय विभिन्न सांसदों के अनुरोध को देखते हुए लिया गया था। अनुरोध करने वालों में विपक्षी दलों के सांसद भी शामिल थे। कांग्रेस ने सोमवार को खत्म हुए संसद के मानसून सत्र को निराशाजनक करार दिया है। इसके बाद जोशी ने एक के बाद एक कई ट्वीट किए और कहा कि विपक्ष का एजेंडा केवल व्यवधान डालना और बहिष्कार करना था। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि विपक्ष इस सत्र को 12 अगस्त की तय अवधि तक चलाना चाहता था, लेकिन सत्तापक्ष की तरफ से कोई उत्सुकता नजर नहीं आई। जोशी ने कहा, मानसून सत्र चार दिन पहले नहीं स्थगित किया गया, जैसा दावा किया जा रहा है, बल्कि निर्धारित तिथि से दो दिन पहले स्थगित किया गया। यह फैसला विपक्ष सहित विभिन्न सांसदों के अनुरोध के बाद किया गया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ध्यानाकर्षण, नियम 377, शून्यकाल और प्रश्नकाल के माध्यम से कोई भी मुद्दा उठा सकता था। उन्होंने कहा कि लेकिन महंगाई पर चर्चा के बाद वे मंत्री के जवाब के दौरान वाकआउट कर गए जबकि शुरूआत से ही वे महंगाई पर चर्चा की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा, चर्चा तो विपक्ष का प्रोपेगेंडा था लेकिन उनका एजेंडा व्यवधान और बहिष्कार था। जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग को लेकर सदन के अंदर कांग्रेस के हंगामे का जिक्र करते हुए, मंत्री ने कहा, "कथित भ्रष्ट चलन से जुड़े एक परिवार के व्यक्तिगत मुद्दों को संसद का समय बर्बाद कर पार्टी का मुद्दा बनाया जा रहा है। उनकी रुचि लोक हित के बदले एक परिवार की रक्षा में अधिक है।

# एनआईए ने जेएमबी के दो संदिग्ध आतंकियों को भोपाल से किया गिरफ्तार : मिश्रा

**भाषा।** भोपाल

**मध्य प्रदेश** के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने प्रदेश की राजधानी भोपाल से प्रतिबंधित आतंकी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है।मिश्रा ने यहां संवाददाताओं को बताया, एनआईए ने भोपाल से जेएमबी के दो संदिग्ध आतंकियों --हमीदुल्ला हुसैन उर्फ राजा गाज़ी और मोहम्मद शहादत हुसैन को (रविवार को) गिरफ्तार किया। दोनों आतंकी मार्च से तब से ही पुलिस के रडार पर थे, जब जेएमबी के छह संदिग्ध सदस्य भोपाल से गिरफ्तार किए गए थे। उन्होंने कहा कि दोनों संदिग्ध आतंकियों के पास से आपत्तिजनक सामग्री मिली है। मिश्रा ने बताया कि पुलिस और प्रदेश की अन्य एजेंसियों का केंद्रीय एजेंसियों के साथ बढ़िया सामंजस्य है। एनआईए सूत्रों के अनुसार अभिकरण ने इन दोनों आरोपियों को भोपाल के ईंटखेड़ी इलाके से सात अगस्त को गिरफ्तार किया है। उनके मुताबिक बांग्लादेश के इन दोनों नागरिकों को मार्च में भोपाल से गिरफ्तार किए गए जेएमबी के छह सक्रिय सदस्यों से संबंधित मामले में पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश पुलिस ने 13 मार्च को भोपाल से आतंकी संगठन जेएमबी के चार संदिग्ध सदस्यों को गिरफ्तार किया था और इसके अगले दिन 14 मार्च को भोपाल से ही जेएमबी के दो अन्य सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया था। एनआईए सूत्रों का कहना है कि इनमें से भी तीन बांग्लादेशी हैं, जो भोपाल शहर के ऐशबाग इलाके से पकड़े गए थे। उनके अनुसार इन आरोपियों के कब्जे से भी जिहादी साहित्य और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए थे। सूत्रों ने कहा कि इस मामले की जांच एनआईए कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार वर्ष 2018 में बिहार के बोधगया बम विस्फोट में शामिल होने के बाद जेएमबी को वर्ष 2019 में भारत में प्रतिबंधित कर दिया गया है।



# भाजपा ने सांसद अरुण साव को छत्तीसगढ़ में प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया

## अन्य पिछड़ा वर्ग के नेता को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त कर भाजपा ने इस वर्ग को सकारात्मक संदेश देने की कोशिश की है

**भाषा।** नई दिल्ली रायपुर

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को बिलासपुर के सांसद अरुण साव को पार्टी की छत्तीसगढ़ इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। पार्टी की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ में यह सांगठनिक फेरबदल किया है।

साव, विष्णुदेव साय का स्थान लेंगे। वह 53 वर्ष के हैं और पहली बार 2019 का लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बने थे।साव ने छात्र जीवन से अपनी राजनीति की शुरुआत की थी। वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की छात्र शाखा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़े हुए थे।रायपुर में भाजपा नेता नरेश गुप्ता ने बताया कि राज्य के मुंगेली जिले में 25 नवंबर 1968 को जन्मे साव का परिवार आरएसएस से जुड़ा रहा है तथा वह स्वयं उसके कार्यकर्ता रहे हैं।गुप्ता ने बताया कि पेशे से अधिवक्ता साव पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के शासनकाल में उप महाधिवक्ता भी रहे हैं। इसके अलावा वह भारतीय जनता युवा मोर्चा में भी पदाधिकारी रहे हैं।राजनीतिक जानकारों के मुताबिक वर्ष 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पिछड़े वर्ग में बहुसंख्यक साहू समाज से आने वाले साव को प्रदेश भाजपा की कमान सौंपा जाना महत्वपूर्ण है। राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग लगभग 44 फीसदी है और इनमें ज्यादातर संख्या साहू समाज की है। साव भी इस समाज से आते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं, हालांकि वह कुर्मी समाज से हैं। जानकारों का कहना है कि अन्य पिछड़ा वर्ग के नेता को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त कर भाजपा ने इस वर्ग को सकारात्मक संदेश देने की कोशिश की है। लेकिन राज्य की सत्ताधारी कांग्रेस ने विष्णुदेव साय के स्थान पर साव की नियुक्ति को भाजपा की आदिवासी विरोधी सोच करार दिया है। कांग्रेस के संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, विश्व आदिवासी दिवस के दिन भाजपा द्वारा आदिवासी नेता विष्णुदेव साय को अध्यक्ष पद से हटाया जाना, भाजपा की आदिवासी विरोधी सोच को दर्शाता है।

# एफबीआई ने ट्रंप के मार-ए-लागो एस्टेट और क्लब पर की छापेमारी, तिजोरी तोड़ी

**भाषा।** वाशिंगटन

**संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई)** ने फ्लोरिडा में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निजी क्लब और मार-ए-लागो एस्टेट पर छापेमारी की। एफबीआई ने राष्ट्रपति कार्यालय से जुड़े दस्तावेजों, जिसमें गोपनीय सामग्री शामिल है, के रखरखाव से जुड़ी जांच के तहत एक तिजोरी को तोड़ा, जिस पर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति गुस्से से बिफर पड़े। ट्रंप ने इसे वर्ष 2024 में व्हाइट हाउस पहुंचने की उनके प्रयासों में अडंगा लगाने वाला करार दिया। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि फ्लोरिडा के उनके घर में तलाशी चल रही है। उन्होंने कहा, यह हमारे देश के लिए बुरा दौर है क्योंकि फ्लोरिडा के पाम बीच में मार-ए-लागो के मेरे खूबसूरत घर पर एफबीआई एजेंट के एक बड़े समूह ने घेराबंदी की, छापा मारा और उसे कब्जे में ले लिया है। अमेरिका के किसी राष्ट्रपति के साथ पहले ऐसा कुछ कभी नहीं हुआ।

अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार एफबीआई की तलाशी 15 संदूकों में रखे गए उन दस्तावेजों से संबंधित थी जो ट्रम्प जनवरी 2021 में व्हाइट हाउस छोड़ने पर मार-ए-लागो में ले गए थे , जिनमें से कुछ दस्तावेज को राष्ट्रीय अभिलेखागार ने गोपनीय दस्तावेज के रूप में चिह्नित किया था। न्याय विभाग और एफबीआई ने फिलहाल छापेमारी पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। ट्रंप ने कहा, संबंधित सरकारी एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करने के बावजूद, मेरे घर पर बिना बताए छापा मारना उचित नहीं है। दरअसल, अमेरिका का न्याय मंत्रालय इस बात की तफ्तीश कर रहा है कि क्या ट्रंप ने 2020 में व्हाइट हाउस छोड़ने के बाद अपने फ्लोरिडा स्थित आवास पर गोपनीय रिकॉर्ड छिपाए हैं।

ट्रंप ने कहा, उन्होंने मेरी तिजोरी तक तोड़ दी। इसमें और वाटरगेट में क्या फर्क है....। एफबीआई ने ट्रंप के घर पर ऐसे वक्त में छापा मारा है जब वह 2024 में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए अपनी दावेदारी पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। ट्रंप (76) ने आरोप लगाया कि ऐसा हमला केवल तीसरी दुनिया यानी गरीब और विकासशील देशों में ही हो सकता है। उन्होंने कहा, दुखद रूप से अमेरिका उन देशों में से एक बन गया है, पहले इस स्तर का कदाचार नहीं देखा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह राजनीतिक रूप से निशाना बनाने की कार्वाई है। उन्होंने कहा, मैं अमेरिकी लोगों के लिए लड़ाई लड़ता रहूंगा।

ट्रंप अमेरिकी संसद भवन पर छह जनवरी 2021 को हमला करने वाली भीड़ को कथित तौर पर भड़काने के एक अन्य मामले में भी जांच का सामना कर रहे हैं। गत फरवरी में राष्ट्रीय अभिलेखागार ने न्याय विभाग से कहा था कि वह ट्रम्प प्रशान में व्हाइट हाउस के दस्तावेजों के रखरखाव की जांच करे। राष्ट्रीय अभिलेखागार ने इसके पहले कहा था कि ट्रंप के मार-ए-लागो रिसॉर्ट से कम से कम 15 बक्से बरामद किए गए थे, जिसमें व्हाइट हाउस के दस्तावेज थे और जिनमें से कुछ दस्तावेज गोपनीय थे।

## वेस्ट बैंक में इजराइली सैनिकों से हुई मुठभेड़ में तीन फलस्तीनी बंदूकधारियों की मौत

**यरूशलम।** वेस्ट बैंक के नाबलस शहर में मंगलवार को इजराइली सैनिकों से हुई मुठभेड़ में तीन फलस्तीनी बंदूकधारियों की मौत हो गई। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इससे पहले, इजराइली पुलिस ने कहा कि सुरक्षा बलों ने इब्राहिम अल-नाबलसी नामक बंदूकधारी के घर को घेर लिया, जो इस साल की शुरुआत में वेस्ट बैंक में हुए सिलसिलेवार हमलों के मामले में वांछित था। उन्होंने कहा कि अल-नाबलसी और अन्य फलस्तीनी चरमपंथी मुठभेड़ के दौरान घटनास्थल पर ही मारे गए और सैनिकों को उनके घर से हथियार और विस्फोटक मिला है। इजराइली सेना ने कहा कि सैनिक फलस्तीनियों की ओर से फेंके गए पत्थरों और विस्फोटकों की चपेट में आ गए, जिसके जवाब में उन्होंने गोलीबारी की। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अल-नाबलसी, इस्लाम सबूह और हुसैन जमाल ताहा की मौत हो गई।



फिलिस्तीनी प्रदर्शनकारी इजरायली सेना के साथ संघर्ष करते हुए।

## भारत की आजादी की 75वी वर्षगांठ पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा

**भाषा।** न्यूयॉर्क (अमेरिका)

**भारत की** आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर यहां एक समारोह में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा तथा उस्ताद अमजद अली खान भी सरोद की धुनों से समां बांधेंगे। इस कार्यक्रम में अमेरिकियों तथा प्रवासी भारतीय समुदाय को एक उज्ज्वल लोकतंत्र के तौर पर भारत की प्रगति की झलक दिखाई जाएगी। न्यूयॉर्क में भारत का महावाणिज्य दूतावास, इंडो-अमेरिकन आर्ट्स काउंसिल (आईएएसी) के साथ मिलकर आजादी का अमृत महोत्सव - आजादी का उत्सव आयोजित कर रहा है।

दो सप्ताह तक चलने वाले इस समारोह में न्यूयॉर्क शहर के ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण कुछ सांस्कृतिक स्थलों पर, इस साल 15 अगस्त को भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के जश्न के तौर पर भारत की नृत्य, संगीत और शास्त्रीय संस्कृति को दिखाया जाएगा। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होना हमारे देश की प्रगति में सही मायने में एक ऐतिहासिक दिन होगा।

उन्होंने सोमवार को एक बयान में कहा कि इन समारोह का उद्देश्य अमेरिका में हमारे दोस्तों को भारत की सर्वश्रेष्ठ संस्कृति और विचारधारा को दिखाना है और उनके जरिए एक उज्ज्वल लोकतंत्र के तौर पर हमारे देश की प्रगति प्रदर्शित करना है। आईएएसी के अध्यक्ष डॉ. निर्मल मट्टू ने कहा कि संगठन को भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर भारतीय कला एवं संस्कृति का जश्न मनाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित करते हुए बहुत गर्व महसूस हो रहा है।

## यूक्रेन युद्ध की गलत जानकारियां फैलाने वाली वेबसाइट की आई बाढ़

**भाषा।** वाशिंगटन

**यूक्रेन पर रूस** के आक्रमण के छह महीने बाद, युद्ध के बारे में गलत जानकारियां फैलाने वाली वेबसाइट की बाढ़ आ गई है। ऑनलाइन दुष्प्रचार का अध्ययन करने वाली और इस बारे में जानकारी जुटाने वाली न्यूयॉर्क में स्थित कंपनी न्यूजगार्ड ने अब ऐसी 250 वेबसाइट की पहचान की है, जो युद्ध के बारे में सक्रिय रूप से गलत जानकारियां फैला रही हैं। इनमें से कुछ वेबसाइट हाल में बनाई गई है। यूरोपीय संघ ने युद्ध के बारे में दुष्प्रचार करने और गलत जानकारी देने के लिए रूस के दो बड़े चैनलों आरटी और स्पूतनिक को ब्लॉक कर दिया था। हालांकि रूस को इन पर प्रतिबंध से बचने के रास्ते मिल गए, जिसके बाद ऐसी वाली वेबसाइटों की बाढ़ आ गई है। इन वेबसाइट ने दुष्प्रचार को छिपाने के लिए नए नए तरीकों का सहारा लेना शुरू कर दिया और अलग - अलग दावे कर रही हैं। इन वेबसाइट पर जो दावे किए जा रहे हैं, उनमें से एक यह भी है कि यूक्रेन की सेना ने वैश्विक समर्थन हासिल करने के लिए कुछ घातक रूसी हमलों का नाटक किया है। साथ ही यह दावा भी किया जा रहा है कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की सार्वजनिक रूप से दिखावा कर रहे हैं। वेबसाइटों का दावा है कि यूक्रेन के शरणार्थी जर्मनी और पोलैंड में अपराध कर रहे हैं। कुछ वेबसाइट स्वतंत्र थिंक टैंक या समाचार संस्थान के रूप में काम करने का दावा कर रही हैं। इनमें से लगभग आधी वेबसाइट अंग्रेजी भाषा की हैं, जबकि अन्य फ्रेंच, जर्मन या इतालवी भाषा की हैं।

## इराक, पाक और लेबनान में शिया मुसलमानों ने यौम-ए-आशूरा मनाया

**भाषा।** बगदाद

**इराक, पाकिस्तान** और लेबनान में शिया मुसलमानों ने मंगलवार को यौम-ए-आशूरा मनाया। इस्लामी कैलेंडर के मोहर्म महीने के दसवें दिन मनाए जाने वाले यौम-ए-आशूरा पर सातवीं सदी में हुई पैगंबर मोहम्मद के नाती इमाम हुसैन की शहादत को याद किया जाता है। माना जाता है कि 680 ईसवी में दक्षिण बगदाद के करबला में हुई लड़ाई के दौरान हुसैन शहीद हो गए थे, लिहाजा यौम-ए-आशूरा पर बड़ी संख्या में शिया मुसलमान करबला में जुटते हैं और मातम मनाते है। शिया समुदाय के लोग हुसैन और उनके वंशजों को पैगंबर के असली वारिस के रूप में देखते हैं। एक प्रतिद्वंद्वी मुस्लिम गुट के हाथों उनकी हत्या, इस्लाम के सुन्नी और शिया संप्रदायों के बीच दरार का प्रतीक रही है।

आशूरा पर होने वाले सार्वजनिक आयोजनों के चलते अक्सर इराक, लेबनान और पाकिस्तान में सांप्रदायिक तनाव देखा जाता है, जहां इस्लाम के दो मुख्य संप्रदायों के लोग अच्छी खासी तादाद में रहते हैं। इराक में सुरक्षा बल किसी भी हिंसक घटना से बचने के लिए सतर्कता बरत रहे हैं क्योंकि शियाओं को विधर्मी मानने वाले कुछ सुन्नी चरमपंथी समूह पिछले कई वर्षों से इस अवसर पर शिया समुदाय के लोगों को निशाना बनाते रहे हैं। पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि आतंकवादी आशूरा के जुलूस में शामिल होने वालों को निशाना बना सकते हैं।

इस बीच, कड़े सुरक्षा इंतजामों के तहत इस्लामाबाद समेत पाकिस्तान के प्रमुख शहरों में दूसरे दिन भी बड़े पैमाने जुलूस निकाले गए, जिनमें शामिल लोगों ने मातम किया। लेबनान में जुलूसों के चलते कई क्षेत्रों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। लेबनान की 50 लाख की आबादी में एक तिहाई शिया हैं। काले वस्त्र डाले हजारों पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने हिज़बुल्लाह के झंडे लहराते हुए सड़कों पर मार्च और मातम किया।

## ताइवान ने किया सैन्य अभ्यास, कहा-चीन करना चाहता है समुद्री क्षेत्रों पर कब्जा

पिंगतुंग (ताइवान)। ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू ने मंगलवार को कहा कि चीन ताइवान जलडमरूमध्य के रास्ते पूर्वी और दक्षिणी चीन सागर पर कब्जा करना चाहता है। वू ने ताइपे में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चीन एशिया-प्रशांत क्षेत्र की यथास्थिति में बदलाव करना चाहता है और दूसरे देशों को ताइवान की मदद करने से रोकना चाहता है। वहीं, ताइवान जलडमरूमध्य के आसपास चीन के सैन्य अभ्यास के जवाब में ताइवान ने भी सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया है।

चीन का कहना है कि उसने पिछले सप्ताह अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के जवाब में सैन्य अभ्यास शुरू किया था, लेकिन वू ने कहा कि चीन उनकी यात्रा को एक बहाने के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। पेलोसी की यात्रा के बाद चीन ने ताइवान की ओर से कुछ खाद्य सामग्रियों के आयात पर भी रोक लगा दी है। इसके अलावा उसने जलवायु परिवर्तन समेत कई मुद्दों को लेकर अमेरिका के साथ संवाद बंद कर दिया है।

वू ने कहा कि चीन यथास्थिति में बदलाव करना और ताइवान पर आक्रमण करना चाहता है। उन्होंने कहा कि चीन का अभ्यास ताइवान पर आक्रमण की तैयारी है, जिसके जरिए चीन यह चाहता है कि अन्य देश ताइवान की मदद के लिए आगे न आएं।

वू ने कहा कि यह अभ्यास ताइवान से परे चीन की भूराजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को भी दर्शाता है। चीन ताइवान को अपना क्षेत्र बताता है। वह लंबे से कहता आया है कि अगर जरूरत पड़ी तो ताइवान को बलपूर्वक मुख्य भूमि चीन में शामिल किया जा सकता है। चीन विदेशी अधिकारियों के ताइवान दौरे का विरोध करता रहा है। साथ ही वह ताइवान के बारे में किसी भी टिप्पणी पर तुरंत प्रतिक्रिया देता रहा है।

## आईओसी बांग्लादेश के रास्ते त्रिपुरा तक ईंधन पहुंचाएगी

**अगरतला।** सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) जल्द ही बांग्लादेश के रास्ते त्रिपुरा तक ईंधन पहुंचाने के लिए परीक्षण संचालन करेगी। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आईओसी परीक्षण परिचालन के दौरान गुवाहाटी से बांग्लादेश के रास्ते तीन एलपीजी टैंकर और पेट्रोल तथा डीजल के सात टैंकर पहुंचाएगी। प्रतएक तेल टैंकर की क्षमता 12,000 लीटर है। आईओसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, आईओसी इस संबंध में पहले ही तीन अगस्त को ढाका में बांग्लादेशी अधिकारियों के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर कर चुकी है। वीजा जारी होने के बाद एलपीजी और तेल टैंकर बांग्लादेश के रास्ते वैकल्पिक सड़क पर परीक्षण संचालन के लिए आगे बढ़ेंगे। हम इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं। टैंकर असम के गुवाहाटी से मेघालय के ड्वाकी जाएंगे, जहां वे बांग्लादेश में प्रवेश करेंगे। इसके बाद उत्तरी त्रिपुरा में आईओसी के धर्मनगर डिपो तक पहुंचेंगे।

# हवाई किराए की समीक्षा एटीएफ कीमतों पर निर्भरः ज्योतिरादित्य सिंधिया

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि सरकार विमान ईंधन के दाम के मामले में स्थिति बेहतर होने पर निश्चित रूप से घरेलू एयरलाइन के लिए किराए की सीमा का फिर से आकलन करेगी। कोरोना महामारी से देश के विमानन क्षेत्र पर प्रतिकूल असर पड़ा और यह क्षेत्र अब खासकर यात्रियों की संख्या के लिहाज से पुनरुद्धार के रास्ते पर है। मंत्रालय ने महामारी को देखते हुए स्थानीय एयरलाइन कंपनियों के किराए को लेकर सीमा लगाई है। सिंधिया ने कहा कि आज की स्थिति के अनुसार, एयरलाइन के किराए की सीमा निचले हिस्से के काफी करीब नहीं है और यह उच्च सीमा से काफी दूर है। मंत्री ने कहा, मैंने चीजें स्थिर होती देखी हैं और उपयुक्त समय पर हम निश्चित रूप से इस पर गौर करेंगे। मैं विमान ईंधन यानी एटीएफ के दाम पर गौर कर रहा हूं और जैसे ही चीजें बेहतर होती हैं, हम निश्चित रूप से इसका फिर आकलन करेंगे। सिंधिया ने मई में कहा था कि किराया सीमा ने न केवल हवाई यात्रियों के लिए बल्कि विमानन कंपनियों के लिए भी संरक्षक का काम किया है।

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच हाल के महीनों में विमान ईंधन (एटीएफ) के दाम में तेजी रही है। हालांकि, हाल में देश में ईंधन के दाम में कुछ कमी आई है, लेकिन यह अब भी महामारी-पूर्व स्तर से ऊपर बनी हुई है। सिंधिया ने माना कि विमानन कंपनियां कई संरचनात्मक मुद्दों का सामना कर रही हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण एटीएफ कीमत में तेजी आई है और यह 2019-20 में 53,000 रुपए प्रति किलोलीटर से बढ़कर पिछले सप्ताह लगभग 1,41,000 रुपए प्रति किलोलीटर हो गई है। उन्होंने कहा कि कीमत में करीब 16 प्रतिशत यानी करीब 21,000 रुपए प्रति किलोलीटर की कमी आई है लेकिन यह अभी भी लगभग दोगुना है।

मंत्री ने कहा, एक एयरलाइन की 39 प्रतिशत लागत एटीएफ की होती है। ऐसे में एटीएफ का 53,000 रुपए प्रति किलोलीटर से बढ़कर 1,20,000 रुपए प्रति किलोलीटर होने से उसके असर को समझा जा सकता है। संरचनात्मक नजरिए से उनके समक्ष चुनौतियां हैं। सिंधिया ने विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से विमान ईंधन पर लगने वाले वैट में कमी लाने का भी आग्रह किया। कुछ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वैट 20 से 30 प्रतिशत है और उनमें से कइयों ने इसमें कमी की है। उन्होंने कहा, ...मेरे आग्रह और इसमें कमी के कारण होने वाले आर्थिक फायदे... के बारे में बताने के बाद 26 राज्यों में से 16 राज्यों (और केंद्र शासित प्रदेश) ने वैट 20 से 30 प्रतिशत से कम कर एक से चार प्रतिशत कर दिया है। सिंधिया ने कहा कि वह अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ काम कर रहे हैं ताकि वे भी एटीएफ पर वैट कम कर सके। हवाई यातायात के बारे में मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में यात्रियों की संख्या और बढ़ेगी।

## साल की पहली छमाही में भारत से 8.58 लाख पर्यटक पहुंचे दुबई

**मुंबई।** घूमने-फिरने के लिए दुबई जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या वर्ष 2022 की पहली छमाही में दोगुना से भी अधिक होकर 8.58 लाख हो गई। दुबई के अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन विभाग (डीईटी) ने मंगलवार को जारी एक बयान में यह आंकड़ा देते हुए कहा कि एक साल पहले की समान अवधि में भारत से दुबई पहुंचने वाले यात्रियों की संख्या 4.09 लाख थी। जनवरी-जून, 2022 के दौरान कुल 71.2 लाख विदेशी मेहमान दुबई पहुंचे जो वर्ष 2021 की पहली छमाही की 25.2 लाख विदेशी मेहमानों की संख्या का करीब तीन गुना है। इनमें 22 प्रतिशत पर्यटक पश्चिमी यूरोप से दुबई आए। दुबई के शहजादा और कार्यकारी परिषद के चेयरमैन शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने कहा, पर्यटकों की संख्या में यह बढ़ोतरी दुबई अमीरात की अर्थव्यवस्था की जुझारू क्षमता और गतिशीलता को बयां करती है।

## सरकारी बीमा कंपनियों को पांच साल में स्वास्थ्य कारोबार में 26,364 करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की सभी चार बीमा कमानियों (पीएसयू) को पिछले पांच साल के दौरान स्वास्थ्य बीमा कारोबार में 26,364 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। नियंत्रक एवं महालेखक परीक्षक (कैग) ने अपनी रिपोर्ट में यह कहा है। संसद में हाल में पेश कैग की एक रिपोर्ट के अनुसार, सार्वजानिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों के स्वास्थ्य बीमा खंड में नुकसान ने अन्य क्षेत्रों के लाभ को घटा दिया है या कुल नुकसान को और बढ़ा दिया है।

रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2016-17 से 2020-21 के दौरान इन चार बीमा कंपनियों.....न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एनआईएसीएल), यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (यूआईआईसीएल), ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (ओआईसीएल) और नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एनआईसीएल) का कुल नुकसान 26,364 करोड़ रुपए था।

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों के लिए स्वास्थ्य बीमा दूसरा सबसे बड़ा कारोबार क्षेत्र है। पहले स्थान पर वाहन बीमा क्षेत्र है। इस क्षेत्र का पिछले पांच साल का सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम 1,16,551 करोड़ रुपए रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य बीमा कारोबार में सरकारी बीमा कंपनियों की बाजार हिस्सेदारी निजी कंपनियों की तुलना में लगातार घट रही है।

कैग ने कहा कि ऑडिट में यह भी पाया गया कि सार्वजानिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों द्वारा मंत्रालय के दिशानिर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया और इन कंपनियों का समूह स्वास्थ्य बीमा खंड में संयुक्त अनुपात 125 से 165 प्रतिशत था। दावों के प्रबंधन के बारे में रिपोर्ट में कहा गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों की आईटी प्रणाली में सत्यापन जांच और नियंत्रण का अभाव है। इससे कामकाज के अलावा रिपोर्ट करने की प्रणाली भी प्रभावित होती हे।

## पाक के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में हुए आत्मघाती बम हमले में चार सैनिकों की मौत

**पेशावर/इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में हुए आत्मघाती हमले में कम से कम चार सैनिकों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। सेना की मीडिया मामलों की शाखा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इंटर-सर्विस पब्लिक रिलेशंस पाकिस्तान ने कहा कि जिले के मीर अली तहसील इलाके में पट्टासी जांच चौकी के निकट एक तिपहिया रिक्शा ने सुरक्षा बलों के वाहन को टक्कर मार दी, जिसके बाद हुए विस्फोट में चार सैनिकों की मौत हो गई और सात घायल हो गए।

**PUBLIC NOTICE**

Everyone in public is informed unanimously that the permission has been granted by the Jt. CP, Licensing Delhi vide No. 485-488/ Joint.CP/Lic. (Expl.) dtd. 05/08/2022 with the valid license permission upto 30/03/2023 for the work of breaking the hard rock for foundation of proposed Aerospace Museum through controlled blasting by licensed blasters at AF Station, Dwarka Road, Delhi Cantt., Palam, New Delhi-110010 with immediate effect. This work is done in the National interest executed by Military Engineer Services through ITD Cementation India Ltd.

**LOST & FOUND**

Lost following documents of my property no. A-94, Malviya Nagar, New Delhi- (1) Lease Deed dt 07/12/1974 regd. with Sub Registrar 16/01/1975 as Doc. No. 194 in Add. Book No. I Vol. No. 3457 on Pages 58 to 60, (2) Agreement to Sell dt 14/02/1991 regd. with Sub Registrar on 15/02/1991 as Doc. No. 1168 in Add. Book No. I Vol. No. 6959 on Pages 101 to 106 (3) General Power of Attorney dt. 14/02/1991 regd. with Sub Registrar on 14/02/1991 as Doc. No. 889 in Add. Book No. IV Vol. No. 1772 on Pages 127 to 131 NCR is lodged on 19/05/2022 with P.S. Crime Branch Delhi. Finder may send to: Maya Jain w/o Sh. B. L. Jain A-94, Malviya Nagar, New Delhi-110017 Ph. 9891444888

## ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर तेजी से आगे बढ़ रही है बातचीत: गोयल

**भाषा।** नई दिल्ली

**वाणिज्य एवं उद्योग** मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में तेजी से प्रगति हो रही है। दोनों देशों के बीच समझौते का मकसद द्विपक्षीय व्यापार तथा निवेश को गति देना है। गोयल ने कहा कि भारत ने संयुक्त अरब अमीरात के साथ रिकॉर्ड समय में व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए और अब ब्रिटेन के साथ इस बारे में बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है। इस प्रकार के समझौते में दो या दो से अधिक देश आपसी व्यापार में शामिल ज्यादातर वस्तुओं पर सीमा शुल्क में कमी लाते हैं या उसे समाप्त करते हैं। इसके अलावा वे वस्तुओं में व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए नियमों को उदार बनाते हैं।

भारत और ब्रिटेन ने जनवरी में मुक्त व्यापार समझौते पर औपचारिक बातचीत शुरू की थी। दोनों देशों ने इसे दिवाली तक निष्कर्ष पर पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। मंत्री ने व्यापारी उद्यमी सम्मेलन में कहा कि भारत इसके साथ कनाडा, यूरोपीय संघ (ईयू) और इजराइल के साथ भी इसी तरह के समझौते पर बातचीत कर रहा है। कई अन्य देशों ने भारत के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत करने में गहरी दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने कहा कि खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी), यूरेशियाई आर्थिक संघ (ईएईयू) और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) इन समझौतों पर बातचीत करना चाहते हैं।

हालांकि, गोयल ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय के पास इतने संसाधन नहीं है कि वह एक साथ कई देशों से मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत करे। उन्होंने घरेलू कारोबारियों से उत्पादों की गुणवत्ता पर ध्यान देने और मिलकर काम करने को कहा। गोयल ने कहा कि सरकार अनुपालन बोझ कम करने के लिए कदम उठा रही है। अनुपालन बोझ कम करने के लिए करीब 30,000 नियमों को या तो सरल किया गया है या उन्हें समाप्त कर दिया गया है।

## पहले पांच माह में चाय निर्यात सात प्रतिशत बढ़कर 7.86 करोड़ किलोग्राम पर

**कोलकाता।** भारत का चाय निर्यात चालू कैलेंडर वर्ष 2022 के पहले पांच माह में लगभग सात प्रतिशत बढ़कर 7.86 करोड़ किलोग्राम हो गया। चाय बोर्ड के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। जनवरी से मई, 2021 की अवधि में निर्यात करीब 7.32 करोड़ किलोग्राम रहा था। पहली बार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने इस साल के शुरुआती पांच महीनों के दौरान 1.31 करोड़ किलोग्राम चाय खरीदी है। वहीं रूस ने इस दौरान भारत से 1.15 करोड़ किलोग्राम चाय खरीदी है। रूस ने एक साल पहले इसी अवधि में 1.35 करोड़ किलोग्राम चाय आयात किया था। भारतीय चाय संघ (आईटीए) के सूत्रों ने कहा कि यह निर्यात मौजूदा रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण संभव हुआ है। इससे सीआईएस देशों का आयात घटा है और निर्यातक संयुक्त अरब अमीरात को चाय के निर्यात की संभावनाएं तलाश रहे हैं। सीआईएस ब्लॉक का कुल आयात भी जनवरी से मई, 2022 के दौरान मामूली रूप से घटकर 1.64 करोड़ किलोग्राम रह गया, जबकि पिछली साल की समान अवधि में यह 1.80 करोड़ किलोग्राम था। एक अन्य प्रमुख खरीदार ईरान ने इस अवधि के दौरान 89.1 लाख किलोग्राम चाय का आयात किया, जबकि पिछली समान अवधि में यह 75.8 लाख किलोग्राम था। अमेरिका और कई अन्य देशों द्वारा प्रतिबंधों के बाद भुगतान के मुद्दों के कारण ईरान को निर्यात प्रभावित हुआ।

# जीईएम पोर्टल पर 300 से अधिक सहकारी समितियां खरीदार के रूप में जुड़ी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सरकारी ऑनलाइन खरीद पोर्टल जीईएम पर अमूल और इफ्को समेत 300 से अधिक सहकारी समितियों को खरीदार के रूप में शामिल करने की मंगलवार को घोषणा की। शाह ने ऑनलाइन माध्यम से जीईएम पर सहकारी समितियों को शामिल करने की प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने इन सहकारी समितियों से अपने कारोबार के विस्तार के लिए आपूर्तिकर्ताओं के रूप में भी जीईएम पर पंजीकरण कराने को कहा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गत एक जून को जीईएम का दायरा बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए सहकारी संस्थाओं को जीईएम पोर्टल से खरीद की अनुमति दी थी। इससे पहले सहकारी समितियों को इस मंच पर खरीदार के रूप में पंजीकृत होने की अनुमति नहीं थी।

देश में 8.5 लाख से अधिक सहकारी समितियां हैं जिनसे लगभग 29 करोड़ सदस्य जुड़े हुए हैं। सहकारिता मंत्रालय ने 589 सहकारी समितियों को जीईएम पोर्टल पर मौजूदगी के लिए योग्य पात्र के रूप में चुना है। इनमें से 300 समितियों को जीईएम पर शामिल कर लिया गया। जीईएम से जुड़ने वाली प्रमुख सहकारी समितियों में इफ्को, कृभको, भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड), अमूल और सारस्वत सहकारी बैंक शामिल हैं। जीईएम पर पहले दिन 25 करोड़ रुपए के ऑर्डर दिए जाने की उम्मीद है।

सहकारिता मंत्री ने कहा, अब सहकारिता समितियों के लिए जीईएम से खरीदारी के दरवाजे खुल गए हैं। कई राज्यों में सक्रिय 45 सहकारी समितियों समेत 300 से अधिक सहकारी समितियों को जीईएम से जोड़ा जा चुका है। सहकारी समितियों को खरीदार के रूप में पंजीकृत होने के पात्रता मानदंडों में आगे जाकर छूट दी जाएगी। इस मौके पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इस पहल से सहकारी समितियों के लिए व्यापार आसान हो जाएगा और इससे काफी बचत होगी। सहकारिताओं के पोर्टल से जुड़ने से जीईएम पर व्यापार का मूल्य काफी बढ़ जाएगा।

भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई) के अध्यक्ष दिलीप संघानी ने इस कदम को सहकारी समितियों के लिए ऐतिहासिक दिन बताते हुए कहा कि इससे उन्हें बड़ी मदद मिलेगी। जीईएम पर सहकारी समितियों की मौजूदगी चरणबद्ध तरीके से की जाएगी। पहले चरण में 100 करोड़ रुपए के कारोबार वाली सभी पात्र सहकारी समितियां जीईएम पर ऑर्डर देना शुरू कर सकेंगी। एनसीयूआई ने इन सहकारी समितियों की एक सूची तैयार की है और जेम पर इनकी मौजूदगी प्रक्रिया शुरू करने के लिए जीईएम को इसकी जानकारी दे दी है। सहकारिता मंत्रालय के बयान के अनुसार, अब तक लगभग 61,851 सरकारी खरीदारों और लगभग 48.75 लाख विक्रेता और सेवा प्रदाताओं ने जीईएम पर पंजीकरण कराया है।

**PUBLIC NOTICE**

The Public at large is hereby notified that, We, Pushpa Gupta, Sumitra Devi Gupta (self & legal heir of Late Ayodhya Prasad Gupta), Loknath Prasad Gupta are the owners of House No. 61, Situated at Patparganj in the area of Village Gharonda Neem Ka Bangar, Delhi-110092, Area Measuring 500 Sq. Yards i.e. 250 Sq. Yards in favour of Sumitra Devi Gupta, 125 Sq. Yards each in favour of Pushpa Gupta & Loknath Prasad Gupta. It is to inform the General Public that the entire previous original chain of documents in respect of the said property has been lost/misplaced somewhere and not traceable by our best efforts. If anyone found or have any objection/Claim for any type such as any Loan, Mortgage, Surety, Security etc. over the said flat regarding the above said original document, then contact to the undersigned within 10 days of this Notice. Thereafter no body have any right on the said property.

Pushpa Gupta

# चोर बताकर किशोर का सिर मुड़वाया, बीड़ी से जलाया

● पुलिस ने तीन नामजद व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

● कर्नलगंज थाना क्षेत्र के राजपुर गांव का मामला

भाषा। गोंडा

**प्रदेश के** गोंडा जिले में एक दलित किशोर को चोर बताकर उसका सिर मुड़वाने, चेहरा विकृत करने और उसे गले के नीचे बीड़ी से जलाने का मामला सामने आया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, प्रकरण में सोमवार को तीन आरोपियों को नामजद करते हुए और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि कर्नलगंज थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी दलित व्यक्ति द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा गया है कि सात अगस्त 2022 को उसका 14 वर्षीय बेटा सड़क पर दौड़ने के लिए घर से निकलकर चौरी की तरफ गया था। प्राथमिकी के अनुसार, बारिश से बचने के लिए किशोर चौरी से गद्दौपुर जाने वाली सड़क के किनारे एक मंदिर के बगल में बने मकान में रुक गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मकान में मौजूद कुछ लड़कों ने किशोर पर चोरी का आरोप लगाकर उसे मारा-पीटा, गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी तथा उसके सिर का एक हिस्सा मुड़वाकर उसका रूप विकृत कर दिया।

सूत्रों के अनुसार, आरोपियों ने किशोर को गले के नीचे बीड़ी से भी जलाया। उन्होंने बताया कि सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को बुलाने की धमकी दी, जिसके बाद आरोपियों ने किशोर को छोड़ दिया। सूत्रों के मुताबिक, पीड़ित किशोर के पिता की तहरीर पर रंजीत, श्यामजीत और गोल्डी नाम के तीन लोगों को नामजद करते हुए तथा कुछ अन्य अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि प्रकरण में प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्वाई की जा रही है।

## गन्ने के खेत में मिला सिपाही का शव, शरीर में गोलियों के निशान

भाषा। मुजफ्फरनगर

**शामली** जिले के बाबरी थानाक्षेत्र में चंद्रपुरा गांव के पास मंगलवार को एक सिपाही का शव पुलिस ने बरामद किया है, जिसे गोली लगी थी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार गन्ने के खेत में सिपाही संदीप कुमार (32) का शव मिला जिसे गोली लगी थी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिषेक ने पत्रकारों को बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है और जांच जारी है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल से एक पिस्तौल, एक बैग और स्कूटी भी बरामद हुई है तथा पुलिस ने जांच शुरू कर दी है कि उसने आत्महत्या की या उसकी हत्या की गई। एसपी ने कहा कि संदेह है कि सिपाही ने आत्महत्या की है। उनके अनुसार सिपाही संदीप कुमार शामली के कोतवाली थाने में तैनात था।

## ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण सम्बंधी विधेयक का सभी संगठनों ने जताया विरोध



धुस मैदान में नारेबाजी करते विद्युतकर्मी

**चित्रकूट।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने केन्द्रीय संयुक्त संघर्ष समिति के आवाहन पर बडे पैमाने पर जनहित में ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण के विरोध में सभी संगठनों ने धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर निजीकरण को बढावा देने वाले विधेयक का विरोध जताया। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक इं हेमेन्द्र सिंह की अगुवाई में सभी संगठनों ने धुस मैदान में धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। कहा कि संसद में चालू मानसत्र में इलेक्ट्रीसिटी बिल 2022 बिजली उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के हित पर कुठाराघात करने वाला है। बिजली मामलों की स्टैंडिंग कमेटी ने बिल न भेजकर सीधे संसद के पटल पर द जल्दबाजी में रखने की चर्चा की गई। केन्द्र सरकार के विद्युत अधिनियम संशोधन विधेयक 2022 ऊर्जा क्षेत्र में निजीकरण को बढावा देने वाला और कर्मचारियों के हित को प्रभावित करने वाला है। उपभोक्ताओं और किसानों का महंगी बिजली देने वाले विधेयक का जोरदार ढंग से विरोध जताया। बिजली संविधान की समवर्ती सूची में है। ऐसे में बिजली मामले में कानून बनाने में केन्द्र व राज्य सरकार को बराबर का अधिकार है। इस बिल को केन्द्र सरकार ने किसी राज्य सरकार से चर्चा किये बिना लोकसभा में पारित कराने का प्रयास किया है, जो संसदीय परम्परा का उल्लंघन है। देश के संघीय ढांचे पर चोंट है। इस विरोध प्रदर्शन में इं आरएस गुप्ता, इं अनिल सिंह, इं हेमेन्द्र सिंह, इं आशीष सिंह, इं शिवम गुप्ता, इं राजकुमार भारती, अनुपम कुमार, रंजीत, शैलेश प्रजापति, उमतलाल, शिवकुमार, रवीन्द्र कुमार, अनिरुद्ध कुमार, सीताराम आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### बरेली के गांव में मोहर्रम के जुलूस पर पथराव

**बरेली (भाषा)।** जिले के भोजीपुरा थानाक्षेत्र के एक गांव में मंगलवार को मोहर्रम के जुलूस निकलने के दौरान डीजे संगीत बजाने को लेकर कथित रूप से पथराव किया गया। घटना की सूचना पर कई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए और उन्होंने मामले को शांत कराया। बरेली के पुलिस अधीक्षक एस पी सिंह ने बताया कि मंगलवार को पूर्वाह्न में मोहर्रम का जुलूस निकाला जा रहा था, जिसमें डीजे पर संगीत भी बजाया जा रहा था, उसपर एक समुदाय विशेष ने विरोध किया। सिंह के अनुसार लोगों का कहना था कि मोहर्रम के जुलूस में कभी भी डीजे नही बजाया जाता है, जिसके बाद पुलिस ने दोनो पक्षो से बातचीत कर स्थिति समान्य कराई और जुलूस को निकलवाया। उनके अनुसार तनावपूर्ण शांति को देखते हुए मझौआ गांव पुलिस और पीएसी तैनात कर दी गई है। उन्होंने बताया कि किसी भी तरह की नई परम्परा नही डाली जाएगी। उनका कहना था कि अगर कोई नई परम्परा डालता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार पथराव करने वालो की तलाश की जा रही है जिनमें महिलाओं के भी शामिल होने की बात सामने आई है।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आकर आधा दर्जन से अधिक घायल

**गोंडा।** दसवीं मोहर्रम पर ताजिए के जुलूस में मंगलवार को सद्दा मिलान को लेकर इकट्ठा हुए लोगों का सद्दा बिजली के हाईटेंशन तार से छू गया। इस दौरान करंट की चपेट में आकर करीब 12 लोग झुलस कर घायल हो गए। आनन-फानन में सभी को कटरा बाजार सीएचसी पहुंचाया गया। जहां सबकी हालत सामान्य बताई जा रही है। घटना जिले के थाना क्षेत्र कौड़िया के भगहरिया पूरे मितई चौराहा के पास हुई। जहां मोहर्रम का जुलूस कुड़िया गांव से बैरागी पुरवा व दर्जीहाता होते हुए अहियाचेत के कर्बला को जा रहा था। जिसमे राजेश्वरी सिंह डिग्री कालेज के पास सड़क से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से जुलूस के साथ चल रहा सद्दा छू गया। इससे करंट की चपेट में आकर भगहरिया पूरे मितई निवासी इरशाद (33 वर्ष), दिलशाद (14 वर्ष), फरीद (19 वर्ष), अफजाल (32 वर्ष), हाकिम अली (25 वर्ष), निसार अहमद (13 वर्ष), तौहीद अहमद (11 वर्ष), हासिम अली (20 वर्ष), कासिम अली (18 वर्ष), आरिफ(10 वर्ष), सुबराती (35 वर्ष) झुलस गए। इसमे किसी का हाथ जल गया तो किसी के पीठ में घाव हो गया। एकाएक हुए हादसे से जुलूस में अफरातफरी मच गई। करंट की चपेट में आये सभी लोगों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार में भर्ती कराया गया। चिकित्साधिकारी डॉ अमित भारती ने बताया कि सभी घायल खतरे से बाहर हैं।

### दुर्घटना में पुलिस जीप चालक की मौत, क्षेत्राधिकारी घायल

**मथुरा।** जिले मे सुरेर थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस वे पर सोमवार रात को पुलिस की गाड़ी के पलट जाने से चालक की मौत हो गई जबकि पुलिस क्षेत्राधिकारी घायल हो गया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीशचंद्र ने कहा कि एक मिनी ट्रक ने पुलिस जीप को टक्कर मार दी जिससे जीप पलट गई। पुलिस के अनुसार इस हादसे मे जीप चालक और मांट क्षेत्र के क्षेत्राधिकारी नीलेश मिश्रा घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दोनो को अस्पताल ले जाया गया, जहां जीप चालक कांस्टेबल बिपिन कुमार यादव (40) की मौत हो गई। डॉक्टरों के मुताबिक पुलिस क्षेत्राधिकारी की हालत स्थिर है। अधिकारियो ने बताया कि मिनी ट्रक को एक्सप्रेस-वे पर छोड़कर चालक भाग गया। उन्होंने बताया कि मृत चालक का शव को उनके परिवार के सदस्यों को सौंप दिया गया। चालक फिरोजाबाद जिले के रहने वाले थे।

### फर्जी दस्तावेजों से लाइसेंस बनवाकर हथियार खरीदने के आरोप में वकील गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले मे फर्जी दस्तावेजो का इस्तेमाल कर लाइसेंस बनवाकर हथियार खरीदने के आरोप में एक वकील को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वकील पर आरोप है कि उसने फर्जी दस्तावजो के जरिए डबल बैरल बंदूक, राइफल और पिस्तौल का लाइसेंस बनवाया था। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सदर) अरविंद सिंह के मुताबिक, रोजा थाना क्षेत्र मे रहने वाले वकील अरविंद मिश्रा की पत्नी ने सोमवार रात सूचना दी कि उसके पति ने उस पर गोली चलाई है, जिसके बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपी के घर से फर्जी पते से हासिल की गई एक रिवाल्वर बरामद की। उन्होंने बताया कि वकील ने नकली लाइसेंस का इस्तेमाल करके एक राइफल, डबल बैरल बंदूक और पिस्तौल खरीदी थी, जिसे उसने खुद बनाया था। सिंह के अनुसार, आरोपी अरविंद मिश्रा के खिलाफ एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज है। उन्होने बताया कि पुलिस ने मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है।

### दुघर्टना में मासूम की दर्दनाक मौत

**कर्नलगंज-गोंडा ।** तहसील क्षेत्र के कटरा बाजार थाना क्षेत्र के मनकापुर भुजई पुरवा गांव के पास मंगलवार को तेज रफ्तार से जा रहे बाइक सवार ने एक बच्चे की जिंदगी तबाह कर दिया। जिससे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय तहसील कर्नलगंज के कटरा बाजार थाना क्षेत्र के मनकापुर (भुजई पुरवा) गांव निवासी राजू सोनी का करीब सात वर्षीय बच्चा मारुति मंगलवार को गांव के पास खेल रहा था। इसी बीच वह तेज रफ्तार से जा रहे किसी बाइक सवार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन फानन में परिजन कर्नलगंज लेकर आये, जहां से उसे इलाज हेतु गोंडा भेज दिया गया। लेकिन गोंडा पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। मासूम बच्चे की मौत की सूचना से परिजनों में चीख पुकार मची गई। वहीं गांव में मातम पसर गया।

### विलुप्त प्रजाति के पकड़े गए 295 कछुए सरयू में छोड़े

**करनैलगंज (गोंडा)।** तस्करी कर ले जाए जा रहे विलुप्त प्रजाति के जिन 295 कछुओं को लखनऊ पुलिस ने पकड़ा था उन्हें करनैलगंज क्षेत्र की सरयू नदी में छोड़ा गया। वन विभाग के दरोगा अशोक कुमार पांडेय के अनुसार लखनऊ पुलिस द्वारा तस्करी में पकड़े गए 295 दुर्लभ प्रजाति के कछुओं को मंगलवार शाम करनैलगंज के सरयू नदी में छोड़ा गया। यह दुर्लभ प्रजातियां केवल सरयू नदी में पाई जाती हैं इसलिए बरामद कछुओं के बच्चों को सरयू नदी में छोड़ा गया। लखनऊ वन विभाग की टीम 295 कछुओं के बच्चों को लेकर करनैलगंज के सरयू नदी में पहुंची। यह कछुए लखनऊ पुलिस द्वारा तस्करी के लिए लेकर जा रहे व्यक्ति के पास से पकड़ा गये थे और इस दुर्लभ व विलुप्त प्रजाति के कछुओं के लिए सरयू नदी में लाकर छोड़ने का आदेश था। जिस पर वह लखनऊ से लेकर करनैलगंज सरयू नदी पहुंचे। जहां वन विभाग के दरोगा अशोक पांडेय की देखरेख में कछुओं के बच्चों को सरयू नदी में छोड़ा गया।

### चार वारंटी समेत शराब कारोबारी दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर सीतापुर चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने छोटू पुत्र गयाप्रसाद निवासी मनोहरगंज के कब्जे से 28 क्वार्टर देशी शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम में जेल भेजा है। मंगलवार को इसी क्रम में थानाध्यक्ष सरधुआ प्रवीण सिंह की टीम ने बलबा व जान से मारने के प्रयास के मामले के वारंटी नितेश उर्फगोलू पुत्र रामप्रकाश व शिवचरन पुत्र मंगलराम निवासी सुर्की थाना राजापुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मऊ थाने के दरोगा विजयबहादुर की टीम ने वारंटी मोनू उर्फदुर्गेश पुत्र लल्लू सिंह निवासी खण्डेहा को गिरफ्तार किया है। कोतवाली कर्वी के दरोगा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय ने हमराही रंजीत यादव के साथ चोरी व माल बरामद के वारंटी मनोज कुमार पुत्र रामकिन्नर निवासी चकौंध को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## जायदाद के लिए मां की हत्या करने वाले को उम्रकैद

**मथुरा (भाषा)** मथुरा जिले की अदालत ने जायदाद की खातिर अपनी मां की गोली मारकर हत्या करने के दोषी एक व्यक्ति को उम्रकैद और 14 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता राजू सिंह ने यहां बताया कि 29 जनवरी 2016 को महावन थाना क्षेत्र के सांवलिया गांव में चंद्रवती देवी उर्फ चंदो की उसके पुत्र हरिसिंह ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर हत्या कर दी थी। इस मामले में चंदो की बेटी रामश्री ने अपने भाई और भतीजे राजकुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उन्होंने बताया कि हरि सिंह को शक था कि उसकी मां अपनी सारी सम्पत्ति बेटी रामश्री के नाम कर देगी। सिंह ने बताया कि मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (प्रथम) में हुई। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद सोमवार को हरि सिंह को आजीवन कारावास तथा 14 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई। अदालत ने हरि सिंह के बेटे राजकुमार को निर्दोष मानते हुए बरी कर दिया।

## जंगल में मिली पत्नी की लाश, पति ने लगाया हत्या का आरोप

**चित्रकूट।** एक सप्ताह पहले घर से लापता महिला का शव जंगल में मिलने पर मृतका के पति ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में पडोसी दम्पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए शव जंगल में फेंकने की बात कही है। मंगलवार को रैपुरा थाना क्षेत्र के भौंरी गांव के बुधुवा पुत्र धनी ने ग्रामीणों के साथ मुख्यालय आकर एसपी को सौंपे पत्र में कहा कि तीन अगस्त को पत्नी ननकी देवी पडोसी महिला के साथ शौच को गई थी। जिसे पुत्र व पुत्री ने जाते देखा था। आरोप लगाया कि पडोसी महिला ने पति के साथ मिलकर पत्नी ननकी की हत्या कर जेवर गायब कर दिये हैं। पुत्र व पुत्री के देर रात तक मां के न लौटने पर बदमाशों का भय दिखाकर लौटा दिया था।

## सम्मान पूर्वक मनाया जाए हर-घर तिरंगा कार्यक्रमः डीएम

● 15 अगस्त की तैयारियों के संबंध में डीएम ने की बैठक

संवाददाता। गोंडा

**जिलाधिकारी डॉ** उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में 15 अगस्त की तैयारियों के संबंध में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने जनपद के सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि अपने-अपने आफिसों एवं घरों में हर-घर तिरंगा का कार्यक्रम बहुत अच्छे व सम्मान पूर्वक मनाना है। इसके साथ ही बैठक के अंत में सभी अधिकारियों को झण्डा भी वितरण किया गया है। इस



बैठक करते डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार

अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सीआरओ जयनाथ यादव, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### निकाली तिरंगा पद यात्रा

**गोंडा।** आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित हर-घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप के नेतृत्व में जिले में तिरंगा पद यात्रा निकाली गयी। इस तिरंगा पदयात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा शहर के संभ्रांत लोग सम्मिलित हुए। यात्रा का जगह-जगह कई स्थानों पर स्वागत किया गया। पदयात्रा शहर के गांधी पार्क से शुरु होकर गुरु नानक चौराहा, भरत मिलाप चौराहा होते हुए पुनः गांधीपार्क पर आकर समाप्त हुई। पदयात्रा में आशीष त्रिपाठी, राकेश तिवारी, दीपक अग्रवाल, वंदना गुप्ता, मनीष सिंह, बीना राय, सोनी सिंह अंजू खरवार, राघवेंद्र ओझा आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं पद यात्रा का स्वागत करने वालो में तरनजीत सरदार, भूपेंद्र आर्य, ओमी, शेष चौरसिया, दिनेश निषाद, आदि प्रमुख रहे।

## दिव्यांगों को बाधा रहित शिक्षा मुहैया कराना समेकित शिक्षा का लक्ष्यः बीएसए लव प्रकाश सिंह

● एक दिवसीय दिव्यांग उपष्कर/उपकरण मापन शिविर का आयोजन

संवाददाता। चित्रकूट

**पूर्व निर्धारित** कार्यक्रम के अनुसार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव के निर्देशन में समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत समेकित शिक्षा जनपद-चित्रकूट द्वारा यूईआरसी कम्पोजिट विद्यालय नया बाजार, ट्राफिक चौराहा, परिसर में एक दिवसीय दिव्यांग उपष्कर/उपकरण मापन शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा नामित नोडल अधिकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके चौरिहा की उपस्थिति में किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव ने बताया कि इस





शिविर में दिव्यांगों का परीक्षण करते डाक्टर

शिविर में जनपद के परिषदीय विद्यालयों के 259 दिव्यांग बच्चों ने पंजीकरण कराया। जिसमें 245 छात्र-छात्रायें मापन टीम द्वारा उपकरण प्राप्त करने को अर्ह पाये गये। जिसमें 63 श्रवण दिव्यांग छात्र/छात्राओं को 126 उपकरण (श्रवण यंत्र) सहित 182 दृष्टि बाधित, अस्थि दिव्यांग, मानसिक मंद एवं बहु दिव्यांगता धारक छात्र/छात्राओं को उपकरण प्राप्त करने के लिए चयनित किया गया। शिविर में 12 एएफओ, 39 छोटी ट्राई साइकिल, 06 बडी ट्राई साइकिल, 13 बडी व्हील चेयर, 27 छोटी व्हील चेयर, 4 सी0पी0 चेयर, 24 छोटा एल्ट्रोक्रच, 10 बडा एल्ट्रोक्रच, 5 रोलेटर, 103 एमआर किट, 8 ब्रेल कीट, 04 ब्रेल केन, 03 स्मार्ट केन, 2 डेजी प्लेयर एवं 6 बडी व 120 छोटी सुनने की मशीन आगामी 19 अगस्त के शिविर में वितरित की जायेगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि जिनका भी बालक/बालिका उपकरण के लिए पात्र पाया गया है उन्हे आग्रिम शिविर की सूचना उपलब्ध करायी जायेगी। जिसमें वह निश्चित तौर पर प्रतिभाग कर उपकरण प्राप्त करेगें। जिससे उनके बालक/बालिका समाज की मुख्य धारा में जुड कर बाधा रहित माहौल में शिक्षा ग्रहण कर सकेगें। उक्त कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आरके चौरिहा, एलिम्को कानपुर टीम से प्रोस्थेटिक आस्थोटिक इंजीनियर अनिल नायक, आडियोलॉजिस्ट विक्रम सिंह, टेक्नीशियन संदीप एवं अनूप के साथ-साथ जिला समन्वयक समेकित शिक्षा संदीप सिंह, अनिमेष कुमार मिश्रा, स्पेशल एजुकेटर ध्यान सिंह, सुशील पाण्डेय, उमेश यादव, राकेश गुप्ता, कल्पना, गुडिया, रेनू, संजय पाण्डेय, संजय सिंह, चन्द्रकेश, कमलेश के साथ-साथ प्रजायत्न संस्था राहुल तथा सूर्यकांत का भी विशेष सहयोग रहा।

## अखिलेश यादव हैं सभी के सर्वमान्य नेताः अनुज यादव



**चित्रकूट।** सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर देशव्यापी हर घर तिरंगा एवं सपा सदस्यता अभियान के जारी कार्यक्रम के तहत नौ अगस्त को सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने सपाइयों के घर में झंडे लगाकर किसान, मजदूर, नौजवान व महिलाओं को सपा की सदस्यता ग्रहण कराई।

मंगलवार को सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने नगर पालिका क्षेत्र कर्वी व कसहाई गांव में कैम्प लगाकर 150 से ज्यादा किसान, मजदूर, नौजवान व महिलाओं को सपा की सदस्यता ग्रहण कराकर उनके घरों में तिरंगा फहराया। जिलाध्यक्ष ने योगी सरकार पर कानून व्यवस्था एवं भ्रष्टाचार तथा महंगाई को लेकर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि योगी सरकार के कार्यकर्ता विधायक, सांसद, मंत्री भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। भाजपा शासन में महिलायें, बच्चियां सुरक्षित नहीं है। देश के किसान, मजदूर, नौजवान महंगाई से परेशान हैं। भाजपा नेताओं के रिश्तेदार एवं गुर्गे आम जनता के साथ गुडागर्दी करते हैं। वरिष्ठ सपा नेता मान सिंह पटेल ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव किसान, मजदूर, नौजवान, दलित, पिछडों एवं महिलाओं के सर्वमान्य नेता है। आगामी नगर पालिका चुनाव में आम जनता सपा को अपना आशीर्वाद देकर भाजपा का सफाया करेगी। इस मौके पर पार्टी प्रवक्ता सुभाष पटेल, साहबलाल द्विवेदी, नरेन्द्र यादव, रामप्रसाद वर्मा,रोहित यादव, गौतम वर्मा, आदि मौजूद रहे।

## अलाव में चलकर अकीतमंदों ने कर्बला के शहीदों को किया याद

**मौदहा ( हमीरपुर )।** 31 जुलाई से शुरू हुए मोहर्रम माह के नव तारीख को देर रात आग के अलाव में खेलते हुए अकीदतमन्दो ने कर्बला के वह मंजर को याद किया जिसमें हजरत इमाम हसन व इमाम हुसैन को प्रताड़ना के बाद उनको शहीद किया गया था। कस्बे व क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय के सुन्नी जमात के लोगों ने पुरानी परंपरा के अनुसार मोहर्रम की नवमी को देर रात आग का अलाव लगा उसमें सैकड़ों की तादाद में हसन हुसैन को मानने वाले लोगो ने उनके दर्द को एहसास करने के मकसद से आग के अलाव से खेलते हैं। इस कार्यक्रम में हजारों की तादाद में लोग एकत्रित होते हैं। यह आयोजन कस्बे में तीन जगह होता है। मोहल्ला उपरौस को बडे अलाव के नाम से जाना जाता है। इस कमेटी के आयोजक रफीक अहमद (पिन्टू) है।

## इलाहाबादी अमरूद के उत्पादन और खेती के रकबे में गिरावट

भाषा। कौशांबी

**अपने बेहतरीन** जायके के लिए मशहूर इलाहाबादी अमरूद के उत्पादन में इस बार फसल में रोग लगने और बागों का रकबा सिकुड़ने के कारण गिरावट आई है। किसानों के मुताबिक, इलाहाबादी अमरूद की फसल में इस बार उकता रोग लगने के कारण उत्पादन कम हुआ है। उन्होंने कहा कि अब अमरूद की खेती पहले की तुलना में कम लाभदायक रह गई है। हालांकि, अमरूद की इस किस्म की पहचान इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के नाम से की जाती है, मगर इसके उत्पादन क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा कौशांबी में पड़ता है। करीब 25 साल पहले इलाहाबाद को विभाजित कर कौशांबी जिला बनाया गया था।

सिराथू के अमरूद उत्पादक किसान राजेश कुशवाहा और महंत कुमार कुशवाहा ने मंगलवार को



पीटीआई-भाषा से कहा, अमरूद की खेती पहले के मुकाबले कम लाभदायक रह गई है। इस बार अमरूद की फसल में उकता रोग भी लग गया है, जिससे उसका उत्पादन घट गया है। उन्होंने बताया कि अत्यधिक गर्मी पड़ने और बारिश देरी से होने के कारण अमरूद समय से तैयार नहीं हो सका, नतीजतन उसमें रोग लग गया। दोनों किसानों के मुताबिक, अमरूद के पौधे चार-पांच साल बाद फल देने के लिए तैयार हो जाते हैं, लेकिन अनुकूल मौसम नहीं मिलने पर वे मुरझाकर सूखने लगते हैं, जिससे उत्पादन घट जाता है और उत्पादकों को नुकसान होता है। जिला उद्यान अधिकारी सुरेंद्र राम भास्कर ने कहा, अभी कौशांबी के सिराथू, कुरहा, मूरतगंज, चायल और नेवादा में 500 हेक्टेयर क्षेत्र में अमरूद की खेती की जाती है। राज्य सरकार की एक जिला एक उत्पाद योजना (ओडीओपी) के तहत अमरूद को कौशांबी जिले से फल के रूप में चुना गया है। उन्होंने बताया कि इलाहाबादी अमरूद की तीन किस्में-सुरखा, सफेदा और ललित (लाल बीज) होती हैं। कौशांबी में मुख्य रूप से सुरखा और सफेदा किस्मों की खेती की जाती है। जिला कृषि विभाग के अधिकारियों ने कहा कि इलाहाबादी अमरूद के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को रियायती दर पर पौधे देने के साथ-साथ इसके उत्पादकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रयागराज स्थित खुसरो बाग के प्रशिक्षण प्रभारी विजय किशोर सिंह ने बताया, फल का बेहतर उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए किसानों को मई-जून में प्रशिक्षण दिया गया था। उन्हें पौधों को विभिन्न रोगों से बचाने के उपाय भी बताए गए गए थे। सिंह के अनुसार, अमरूद की एक नई किस्म लखनऊ-49 विकसित की गई है। उन्होंने बताया कि चूंकि, सुरखा और सफेदा की तुलना में इसके पौधे के मुरझाने की आशंका कम होती है, लिहाजा किसानों को लखनऊ-49 किस्म के अमरूद उगाने की सलाह दी गई है।

## भाजपाइयों ने ग्रामीण क्षेत्रों में निकाली तिरंगा यात्रा

● भाजयुमो ग्रामीण मंडल द्वारा निकाली गई यात्रा में विधायक मूलचंद्र सहित कई नेता हुए शामिल

संवाददाता। कोंच(जालौन)

**देश** की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण हो जाने पर केन्द्र सरकार के आह्वान पर मनाये जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव के तहत शहर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा अभियान को लेकर मंगलवार को भाजयुमो ग्रामीण मंडल कोंच के बैनरतले कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में तिरंगा यात्रा निकालकर ग्रामीणों को अपने अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए जागरूक किया। नगर के पंचानन चौराहे से उक्त तिरंगा यात्रा रवाना हुई।यात्रा में शामिल सैकड़ों बाइक सवार कार्यकर्ता हांथों में तिरंगा झंडा लहराकर भारत माता की जय, वंदे



मातरम,हमारा तिरंगा जान से न्यारा तिरंगा जैसे गगनभेदी उद्घोष करते हुए चल रहे थे।उक्त यात्रा ग्राम पड़री, भदारी, बरोदा खुर्द, सिमिरिया से होकर बिरगुवां पहुंची जहां यात्रा का समापन हुआ।इससे पूर्व पंचानन चौराहे पर झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा रवाना करते हुए क्षेत्र के भाजपा विधायक मूलचंद्र निरंजन व पूर्व जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह मुन्नू सभी क्षेत्रवासियों से आजादी के अमृत महोत्सव में सहभागिता करने का आह्वान किया। इस मौके पर भाजपा जिला मंत्री अंजू अग्रवाल, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दशरथ पटेल, महामंत्री सोनू पटेल,पूर्व जिपंस उदयवीर सिंह गुर्जर, भाजयुमो ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमन पटेल बरहा, नगर अध्यक्ष दीपक गर्ग, नगर उपाध्यक्ष सौरभ पुरवार, जुझारपुरा सहकारी समिति अध्यक्ष गौरी चबोर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला पदाधिकारी विकास पटेल धनौरा, युवा नेता ऋषभ पटेल, अमर सिंह इमलौरी, डॉ जियाप्रकाश श्रीवास आदि मौजूद रहे।

# ओपन वर्ग में भारत बी टीम को कांस्य

**शतरंज ओलंपियाड**

## ● महिला वर्ग में ए टीम भी तीसरे स्थान पर

**भाषा**। मामल्लापुरम





**भारत बी** टीम ने मंगलवार को यहां 44वें शतरंज ओलंपियाड के ओपन वर्ग में कांस्य पदक जीता जबकि महिला वर्ग में भारत ए टीम ने भी तीसरा स्थान हासिल किया।

भारत बी ने अपने अंतिम मैच में जर्मनी को 3-। से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। ओपन वर्ग में उज्बेकिस्तान ने सभी को हैरान करते हुए अपने अंतिम मैच में नीदरलैंड को 2.5-1.5 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। आर्मेनिया की मजबूत टीम ओपन वर्ग में दूसरे स्थान पर रही। टीम ने अपने अंतिम दौर के मुकाबले में स्पेन को 2.5-1.5 से हराया।

महिला वर्ग में शीर्ष वरीय भारत ए को 11वें और अंतिम दौर में अमेरिका के खिलाफ 1-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे उसकी स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीदें धूमिल हो गई। कोनेरू हंपी की अगुआई वाली टीम तीसरे स्थान पर रही। भारत ए, अमेरिका और कजाखस्तान के समान अंक रहे लेकिन मेजबान देश की टीम ने बेहतर टाईब्रेक स्कोर के आधार पर कांस्य पदक जीता। युद्ध से जूझ रही युक्रेन की टीम ने महिला वर्ग का स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने शीर्ष स्थान की दौड़ में जॉर्जिया को पछाड़ा। उज्बेकिस्तान ने चौथे बोर्ड पर जेखोनगिर वाखिदोव की जीत की बदौलत नीदरलैंड को हराया। टीम ने बेहतर टाईब्रेक स्कोर के आधार पर आर्मेनिया के पछाड़कर खिताब जीता। उज्बेकिस्तान की टीम 11 दौर की प्रतियोगिता में अजेय रही और उसने 19 अंक जुटाए। भारत बी टीम 18 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही। भारत ए ने चौथा स्थान हासिल किया।

भारत का ओलंपियाड में यह दूसरा कांस्य पदक है। टीम ने 2014 के अपने प्रदर्शन को दोहराया। वर्ष 2014 में भी टीम का हिस्सा रहे अनुभवी बी अधिबान ने एक और पदक जीता जबकि टूर्नामेंट के दौरान शानदार फॉर्म में रहे युवा स्टार डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा, निहाल सरीन और रौनक सधवानी का यह पहला पदक है। भारत के लिए सभी 11 बाजी खेलकर नौ अंक जुटाने वाले गुकेश ने कांस्य पदक जीतने के बाद कहा, कुल मिलाकर यह काफी मजेदार टूर्नामेंट रहा। मैंने उम्मीद नहीं की थी कि हम इतना अच्छा प्रदर्शन करेंगे लेकिन इससे बेहतर हो सकता था। उन्होंने कहा, हमारे पास स्वर्ण पदक जीतने का शानदार मौका होता अगर कल (सोमवार को) मैं अपनी बाजी जीत जाता या ड्रॉ करा लेता। लेकिन ए चीजें होती हैं। बाजी के तुरंत बाद मैं बेहद निराश था और हमारे मार्गदर्शक (विश्वनाथन) आनंद ने मुझे यह कहकर मानसिक रूप से बेहतर स्थिति में पहुंचाया कि खेल में इस तरह की चीजें होती हैं और उन्हें भी इस तरह की चीजों का सामना करना पड़ा था।

महिला वर्ग में शीर्ष खिलाड़ियों कोनेरू हंपी और आर वैशाली ने क्रमश: गुलरुखबा तोखिजोनोवा और इरीना क्रुश के साथ अंक बांटे। तानिया सचदेव के हालांकि कारिसा यिप जबकि भक्ति कुलकर्णी को तातेव अब्राहमयान के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी जिससे भारत ए का स्वर्ण पदक जीतने का सपना टूट गया। भारत ए के कोच अभिजीत कुंटे ने टीम की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, पिछले तीन या चार महीने में टीम ने कड़ी मेहनत की है और ओलंपियाड के इतिहास में यह भारत का पहला पदक (महिला वर्ग में) है। यह भारत में महिला शतरंज के बेहतर दिनों की शुरुआत होनी चाहिए। टीम स्पर्धाओं में पदक के अलावा सात भारतीयों ने व्यक्तिगत वर्ग में भी पदक जीते। भारतीय खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक जीते। गुकेश और सरीन ने स्वर्ण पदक जीते जबकि अर्जुन एरिगेसी ने रजत पदक हासिल किया।

आर प्रज्ञानानंदा, तानिया सचदेव, आर वैशाली और दिव्या देशमुख ने कांस्य पदक जीते। भारत ने प्रतिष्ठित गेप्रिंदाशविली कप भी जीता। यह पुरस्कार ओपन और महिला दोनों वर्ग में सामूहिक प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। भारत ने पहली बार दुनिया के सबसे बड़े शतरंज टूर्नामेंट की मेजबानी की। ग्रैंडमास्टर अर्जुन इस दौरान 2700 ईएलओ रेटिंग को पार करने वाले सातवें भारतीय बने। इस 18 वर्षीय भारतीय ने अंतिम दौर में अमेरिका के खिलाफ ग्रैंडमास्टर डोमिनगुएज पेरेज को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। इस दौरान अर्जुन की लाइव रेटिंग 2702.2 पहुंच गई थी।

# रेणुका सिंह ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की

**भाषा**। दुबई





**राष्ट्रमंडल** खेलों में सबसे अधिक विकेट चटकाने वाली भारतीय तेज गेंदबाज रेणुका सिंह मंगलवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला टी20 रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में करियर के सर्वश्रेष्ठ 18वें स्थान पर पहुंच गई हैं। बर्मिंघम खेलों में भारत के रजत पदक जीतने के अभियान के दौरान रेणुका ने 11 विकेट चटकाए। इस प्रदर्शन की बदौलत रेणुका 10 स्थान की छलांग के साथ करियर में पहली बार शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहीं।

फॉर्म में वापसी करने वाली जेमिमा रोड्रिग्स ने राष्ट्रमंडल खेलों में 146 रन बनाए जिससे वह अक्टूबर 2021 के बाद पहली बार शीर्ष 10 बल्लेबाजों की सूची में जगह बनाने में सफल रहीं। वह 10वें स्थान पर हैं। स्मृति मंधाना दो स्थान के नुकसान से चौथे जबकि शेफाली वर्मा छठे स्थान पर खिसक गई हैं। दीप्ति शर्मा बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान के फायदे से 36वें पायदान पर हैं। गेंदबाजों की सूची में बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव 14वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

# भारत के लिए सिर्फ एक प्रारूप में खेलने के बावजूद निराशा की भावना नहीं: धवन

**भाषा**। नई दिल्ली



**भारतीय टीम** के लिए सिर्फ एक प्रारूप में खेलने के बावजूद सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को कोई मलाल नहीं है और वह इसमें अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखना चाहते हैं। सीनियर खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में वेस्टइंडीज दौरे पर एकदिवसीय प्रारूप में टीम की अगुवाई करने वाले धवन ने अपने 37वें जन्मदिन से पहले खुद से वादा किया है कि वह जब तक टीम के लिए उपयोगी रहेंगे तभी तक खेलेंगे।

धवन ने वेस्टइंडीज में एकदिवसीय श्रृंखला में टीम की सफलतापूर्वक अगुवाई करने के बाद पीटीआई-भाषा को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा, मैं जब तक भारत के लिए खेलूंगा, टीम के लिए उपयोगी रहूंगा। मैं टीम पर बोझ बनाना पसंद नहीं करूंगा। धवन ने साल 2020 की शुरुआत से वेस्टइंडीज दौरे तक भारत के लिए 22 एकदिवसीय में 10 अर्धशतक की मदद से 975 रन बनाए और भारतीय खिलाड़ियों में यह आंकड़ा सबसे ज्यादा है।

धवन से जब इन आंकड़ों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं शांत और परिपक्व व्यक्ति हूं। यह प्रदर्शन मेरे अनुभव को दर्शाता है। उन्होंने कहा, खेल को लेकर मेरी समझ काफी मजबूत है और मैंने अपनी तकनीक में सुधार के लिए काफी मेहनत की है। एक प्रारूप को समझना भी बहुत महत्वपूर्ण है। मैं एकदिवसीय प्रारूप की जरूरतों को समझता हूं और इससे मुझे बहुत मदद मिली है पूरी दुनिया में जब टी20 प्रारूप की लोकप्रियता काफी बढ़ गई है और एकदिवसीय श्रृंखलाओं के आयोजन में कमी आई है। ऐसे में सिर्फ एक प्रारूप में खेलने के बारे में पूछे जाने पर धवन ने कहा, मुझे इस बात को लेकर कभी निराशा नहीं हुई। मैं इन चीजों के बारे में सोचना पसंद नहीं करता हूं कि मैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सिर्फ एक प्रारूप में खेल रहा हूं। उन्होंने कहा, मैं इसे इस तरह से देखता हूं कि मुझे दो या तीन महीने में खेलने का मौका मिलता है और इससे मुझे तरोताजा रहने में मदद मिलती है। धवन के लिए यह महत्वपूर्ण है कि जो नहीं है उस पर निराशा जताने की जगह उसे महत्व दें, जो उनके पास है। उन्होंने कहा, मुझे जो मिलता है , मैं उसी में खुश रहता हूं। भारत के लिए अगर मैं एक प्रारूप में खेल रहा हूं तो मेरी कोशिश यह होती है कि मैं अपना सब कुछ उसी प्रारूप में दूं। मैं सकारात्मक सोच वाला इंसान हूं। आपको मेरे अंदर कोई नकारात्मकता नहीं मिलेगी। धवन ने कहा कि उम्र के साथ उनकी फिटनेस और बेहतर होती जा रही है। उन्होंने कहा, मैं 36 साल का हूं और पहले से काफी अधिक फिट हूं। मेरा कौशल भी अच्छा हुआ है। मैंने जिम, योग, दौड़ के साथ शारीरिक कसरत कर खुद को बेहतर बनाया है।

देश के लिए 155 एकदिवसीय में 6500 के आसपास रन बनाने वाले धवन अब जिम्बाब्वे दौरे पर भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। टीम के नेतृत्व के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, कप्तान के तौर पर मैं अपने गेंदबाजों पर विश्वास करता हूं और पहले उनकी योजनाओं को ही अपनाता हूं। शीर्ष स्तर पर हर कोई पेशेवर होता है और सब को अपनी जिम्मेदारी का अंदाजा होता है। उन्होंने कहा, अगर गेंदबाजों की योजना काम नहीं करती तो जाहिर है हमारे पास दूसरी योजना होती है।

# मनोज प्रभाकर नेपाल क्रिकेट टीम के कोच नियुक्त

**भाषा**। नई दिल्ली

**पूर्व भारतीय** ऑलराउंडर मनोज प्रभाकर को नेपाल क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। प्रभाकर श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर पुबुदु दासनायके की जगह लेंगे, जो जुलाई में अपने पद से त्यागपत्र देकर कनाडा क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बन गए थे।

भारत की तरफ से 1984 से लेकर 1996 तक 39 टेस्ट और 130 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले प्रभाकर इससे पहले दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की रणजी टीम के कोच रह चुके हैं।

वह 2016 में अफगानिस्तान की राष्ट्रीय टीम के गेंदबाजी कोच भी थे। नेपाल क्रिकेट संघ के बयान के अनुसार प्रभाकर ने कहा, नेपाल में क्रिकेट के प्रति रुचि, उनकी प्रतिभा और कौशल स्तर को देखते हुए मैं वास्तव में नेपाल क्रिकेट टीम के साथ काम करने और उसे एक मजबूत टीम बनाने के लिए उत्सुक हूं।

# मॉन्ट्रियल में खिताब का बचाव करने के लिए तैयार हैं मेदवेदेव

**एपी**। मॉन्ट्रियल

**राफेल नडाल,** रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच की अनुपस्थिति में शीर्ष वरीयता प्राप्त और मौजूदा चैंपियन दानिल मेदवेदेव नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने खिताब का बचाव करने के लिए तैयार हैं। मेदवेदेव को पहले दौर में बाई मिली है और दूसरे दौर में उनका सामना बुधवार को निक किर्गियोस से हो सकता है जिन्होंने हाल में सिटी ओपन का खिताब जीता था। मेदवेदेव विंबलडन में नहीं खेल पाए थे क्योंकि यूक्रेन पर रूस के हमले के कारण ऑल इंग्लैंड क्लब ने रूसी खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगा दिया था। उन्होंने हालांकि हाल में एक भी सेट गंवाए बिना मैक्सिको ओपन का खिताब जीता था। मेदवेदेव ने कहा, मुझे अभ्यास के लिए दो दिन का अतिरिक्त समय मिल रहा है। इसके बाद मैं टूर्नामेंट में अपनी शुरुआत करूंगा। निश्चित तौर पर मैं जीत के लिए भूखा हूं। नडाल ने चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट की पूर्व संध्या पर अपना नाम वापस ले लिया था। फेडरर घुटने की चोट जबकि जोकोविच कोविड टीकाकरण नहीं करवाने के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं। इस बीच फिनलैंड के एमिल रूसुवुओरी ने सोमवार को स्विट्जरलैंड के स्टेन वावरिंका को 6-3, 3-6, 6-3 से हराया। अन्य मुकाबलों में अमेरिका के जेनसन ब्रूक्सबी ने कजाकिस्तान के एलेक्जेंडर बुब्लिच को 6-2, 6-3 से और रूस के करेन खाचानोव ने अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 7-6 (4), 5-7, 6-3 से पराजित किया। स्लोवाकिया के एलेक्स मोल्कन ने अमेरिका के मैकेंजी मैकडोनाल्ड को 7-6 (1), 6-4 से शिकस्त दी।

# चेन्नईयिन में बने रहेंगे रहीम अली

**चेन्नई**। भारतीय टीम के फॉरवर्ड रहीम अली ने चेन्नईयिन फुटबॉल क्लब के साथ अपना करार 2024 तक बढ़ा दिया है। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में दो बार की चैंपियन टीम ने मंगलवार को यह घोषणा की। रहीम चेन्नई टीम के महत्वपूर्ण सदस्य रहे हैं। वह उस टीम का भी हिस्सा थे जिसने 2019-20 में फाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने अभी तक इस क्लब की तरफ से 40 मैच खेले हैं।

उन्होंने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, मैं चेन्नईयिन एफसी के साथ नया करार करके बेहद खुश हूं। मेरे दिमाग में कभी कोई संदेह नहीं था। मैं किसी अन्य क्लब से नहीं जुड़ने जा रहा हूं। यह 22 वर्षीय खिलाड़ी अभी राष्ट्रीय टीम का हिस्सा है। पिछले साल सितंबर में भारत की तरफ से पदार्पण करने के बाद उन्होंने छह मैच खेले हैं। भारत की तरफ से 2017 में अंडर-17 विश्व कप में भाग लेने वाले रहीम आई लीग में इंडियन एरोज की तरफ से 31 मैच खेल चुके हैं।

# एआईएफएफ के साल के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर चुने गए छेत्री, मनीषा

**भाषा**। नई दिल्ली





**राष्ट्रीय टीम** के कप्तान सुनील छेत्री को 2021-22 सत्र के लिए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) का साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबॉलर चुना गया है जबकि महिला वर्ग में मनीषा कल्याण को यह सम्मान मिला। छेत्री को सातवीं बार यह पुरस्कार मिला है जबकि मनीषा पहली बार इस पुरस्कार के लिए चुनीं गईं। छेत्री और मनीषा को राष्ट्रीय टीम के उनके कोच क्रमश: इगोर स्टिमक और थॉमस डेनरबी ने विजेता नामित किया।

सक्रिय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के बीच तीसरे सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी छेत्री को 2007 में पहली बार इस पुरस्कार के लिए चुना गया था। उन्होंने इसके बाद 2011, 2013, 2014, 2017 और 2018-19 सत्र में भी यह पुरस्कार जीता। स्टिमक ने कहा, सुनील पांच गोल के साथ हमारे सर्वोच्च गोल करने वाले खिलाड़ी थे और सैफ कप में उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया। उन्होंने कहा, इसके अलावा उन्होंने कोलकाता में एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में तीन मैच में चार गोल किए। उनकी प्रतिबद्धता, नेतृत्व, अनुशासन और कड़ी मेहनत बुरे और अच्छे समय में प्रभावशाली थी। मनीषा को पहली बार साल की सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर चुना गया। उन्होंने 2020-21 सत्र में साल की सर्वश्रेष्ठ उभरती हुई महिला फुटबॉलर का पुरस्कार जीता था। डेनरबी ने कहा, मनीषा ने राष्ट्रीय टीम और अपने क्लब के लिए कुछ उत्कृष्ट प्रदर्शन किए हैं। उसने गोल किए हैं और नियमित रूप से गोल करने में सहायता भी की है। मनीषा ने हाल ही में साइप्रस के शीर्ष डिवीजन चैंपियन अपोलोन लेडीज के साथ एक बहु-वर्षीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस टीम ने 2022-23 यूएफा महिला चैंपियंस लीग के क्वालीफाइंग दौर में जगह बनाई है। अन्य पुरस्कारों में मार्टिना थोकचोम को 2021-22 के लिए सर्वश्रेष्ठ उभरती हुई महिला फुटबॉलर चुना गया जबकि पुरुष वर्ग मे यह पुरस्कार विक्रम प्रताप सिंह की झोली में गया।

**एआईएफएफ पुरस्कार (2021-22)**

वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर: मनीषा कल्याण
वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबॉलर: सुनील छेत्री
वर्ष की सर्वश्रेष्ठ उभरती हुई महिला खिलाड़ी: मार्टिना थोकचोम
वर्ष का सर्वश्रेष्ठ उभरता हुए पुरुष खिलाड़ी: विक्रम प्रताप सिंह
वर्ष का सर्वश्रेष्ठ रेफरी: क्रिस्टल जॉन
वर्ष का सर्वश्रेष्ठ सहायक रेफरी: उज्जवल हलदर

# साबले, पॉल, शरत ने लिखी राष्ट्रमंडल खेलों में भारत की सफलता की कहानी

**भाषा**। बर्मिंघम









**निशानेबाजी को** बाहर किए जाने के कारण भारत पर बर्मिंघम में हाल में समाप्त हुए राष्ट्रमंडल खेलों में शीर्ष पांच से बाहर रहने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन एथलेटिक्स और लॉन बॉल्स में सफलता के कारण वह चौथा स्थान हासिल करने में सफल रहा। गोल्ड कोस्ट में खेले गए पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के 66 पदकों में लगभग 25 प्रतिशत पदक निशानेबाजी में आए थे, इसलिए माना जा रहा था कि भारत बर्मिंघम में बमुश्किल 50 पदकों की संख्या को छू पाएगा लेकिन ट्रैक एवं फील्ड की स्पर्धाओं में अच्छे प्रदर्शन के कारण वह 61 पदक हासिल करने में कामयाब रहा।

भारत ने ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में आठ पदक जीते जो कि इन खेलों में विदेशों में उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यह वास्तव में बर्मिंघम खेलों में भारत की बड़ी सफलता है। एल्धोस पॉल और अब्दुल्ला अबूबकर पुरुषों की त्रिकूद में पहले दो स्थान हासिल किए। अविनाश साबले ने 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक जबकि तेजस्विन शंकर ने ऊंची कूद में कांस्य पदक हासिल किया। ऊंची कूद में पहली बार भारत को पदक मिला। मुरली श्रीशंकर ने भी लंबी कूद में रजत पदक जीता जो इस स्पर्धा में 1978 के बाद भारत का पहला पदक है। अनु रानी ने भी भाला फेंक में कांस्य पदक जीतकर नया इतिहास रचा। वह इस स्पर्धा में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी। प्रियंका गोस्वामी और संदीप कुमार ने 10000 मीटर पैदल चाल में पदक हासिल किए। विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता अंजू बॉबी जॉर्ज ने खेलों से पहले एथलेटिक्स में सात पदकों की भविष्यवाणी की थी लेकिन भारत नीरज चोपड़ा की अनुपस्थिति के बावजूद आठ पदक जीतने में सफल रहा। चोपड़ा चोटिल होने के कारण इन खेलों में भाग नहीं ले पाए थे। भारत ने लॉन बॉल्स में स्वर्ण पदक जीतकर नया इतिहास रचा। एक पुलिस कॉन्स्टेबल, खेल शिक्षक और एक वन अधिकारी के मिलने से बनी महिला टीम ने स्वर्ण पदक हासिल करके भारतीयों का ध्यान अपनी तरफ खींचा। भारतीयों के लिए यह खेल अभी तक अनजान रहा था। भारतीय टीम में लवली चौबे, पिंकी, रूपा रानी तिर्की और नयनमोनी सैकिया शामिल थे। पुरुषों की चौकड़ी ने भी इस खेल में रजत जीतकर आश्चर्यचकित कर दिया जो 1930 से इन खेलों के कार्यक्रम का हिस्सा रहा है। नवनीत सिंह, चंदन कुमार सिंह, सुनील बहादुर और दिनेश कुमार अब उम्मीद कर रहे हैं कि यह पदक उनके जीवन को बदल देगा। भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों में कुश्ती में अपना दबदबा फिर से बरकरार रखा। उसने सभी 12 भार वर्गों में पदक जीते जिसमें छह स्वर्ण पदक भी शामिल है। ओलंपिक पदक विजेता रवि दहिया और बजरंग पूनिया के लिए स्वर्ण पदक जीतना आसान रहा जबकि साक्षी मलिक और विनेश फोगाट ने भी खराब दौर से उबर कर शानदार वापसी की। भारत में जूडो में तीन पदक जीते जिसमें दिल्ली की रहने वाली तूलिका मान का रजत पदक शामिल है। भारत ने कुश्ती के बाद टेबल टेनिस में सर्वाधिक चार स्वर्ण पदक जीते। अचिंता शरत कमल ने 40 साल की उम्र में तीन स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में अपने कुल पदकों की संख्या रिकॉर्ड 13 पर पहुंचा दी है। परालंपिक खेलों की पदक विजेता भावना पटेल ने भी इस खेल में स्वर्ण पदक जीता। भारत को बैडमिंटन में तीन स्वर्ण पदक मिले। भारतीय सुपर स्टार पीवी सिंधू ने पहली बार इन खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किया। युवा लक्ष्य सेन ने भी स्वर्ण पदक जीता जिससे भारत एकल में क्लीन स्वीप करने में सफल रहा। मुक्केबाजी में नीतू ने महिलाओं के 48 किग्रा और अमित पंघाल ने पुरुषों के 51 किग्रा में स्वर्ण पदक जीते। इन सफलताओं के बीच कुछ असफलताएं भी देखने को मिली। महिला क्रिकेट टीम ने रजत पदक हासिल किया लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में एक समय अच्छी स्थिति में होने के बावजूद वह स्वर्ण पदक से चूक गई। हॉकी में भी भारत को मिश्रित सफलता मिली। महिला टीम मेलबर्न 2006 के बाद पहली बार पदक (कांस्य) जीतने में सफल रही तो पुरुष टीम फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गई।

# यौन दुराचार के आरोप में ब्रिटिश ट्रैक कोच पर आजीवन प्रतिबंध

**लंदन( एपी )।** ब्रिटेन की दिग्गज एथलीट जेसिका एनिस-हिल को ओलंपिक और विश्व चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले कोच टोनी मिनिशेलो पर अज्ञात एथलीटों के साथ पिछले 15 साल से यौन दुराचार करने के आरोप में मंगलवार को आजीवन प्रतिबंध लगा दिया गया। ब्रिटेन में एथलेटिक्स का संचालन करने वाली इकाई ने बताया कि मिनिशेलो को चार ऐसे मामलों में दोषी पाया गया जिसे विश्वास का घोर उल्लंघन माना जाएगा। मिनिशेलो के दुर्व्यवहार में खिलाड़ियों को गलत तरीके से छूने, अनुचित यौन संदर्भ एवं हाव भाव का प्रदर्शन करना और आक्रामक व्यवहार, परेशान करना तथा भावनात्मक शोषण शामिल है।

## दक्षिण अफ्रीका के पूर्व अंपायर रूडी कर्टजन का निधन

**केपटाउन ( भाषा )।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अंपायर रूडी कर्टजन का मंगलवार को यहां के निकट रिवरडेल शहर में एक कार दुर्घटना में निधन हो गया। यह जानकारी एक स्थानीय वेबसाइट ने दी। वह 73 साल के थे। उनके परिवार में पत्नी और चार बच्चे हैं। कर्टजन 1990 के दशक से 2010 तक क्रिकेट दुनिया के सबसे सम्मानित अंपायरों में से एक माने जाते हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करीब 400 मैचों में अंपायरिंग की है। एलगोवा एफएम न्यूज की खबर के मुताबिक, मंगलवार की सुबह रिवरडेल के पास आमने-सामने की टक्कर में विश्व प्रसिद्ध क्रिकेट अंपायर रूडी कर्टजन और तीन अन्य लोगों की मौत हो गई। 73 साल के कर्टजन सप्ताहांत गोल्फ खेलने के बाद केप टाउन से घर नेल्सन मंडेला बे लौट रहे थे। इस पूर्व अंपायर के बेटे जूनियर रूडी कर्टजन ने इस खबर की पुष्टि की। उन्होंने बताया, वह कुछ दोस्तों के साथ गोल्फ प्रतियोगिता में भाग लेने गए थे। उन्हें सोमवार को लौटना था लेकिन उन्होंने फिर एक और दौर का मैच खेलने का फैसला किया। कर्टजन 2002 में आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के एलीट पैनल के अंपायर बने थे और आठ वर्षों तक इसका हिस्सा रहे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान 397 मैचों में मैदानी और तीसरे अंपायर की भूमिका निभाई। उन्होंने 128 टेस्ट, रिकॉर्ड 250 एकदिवसीय और 19 टी20 अंतरराष्ट्रीय में अंपायरिंग की है। वह इस दौरान विवादों में भी घिरे।